राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 04 जून 2026

वर्ष 07, अंक 238, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्रूह्रश्वञ्ज समन्वयकों ने आज उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंप कर सेवा बहाली की मांग उठाई...03

भारत के जिगरी दोस्त पर पहले किया हमला, फिर जारी किया वीडियो...12

## क्या बदलेगी अरावली पहाड़ियों की परिभाषा? सुप्रीम कोर्ट ने बनाई 5 सदस्यों की हाई-लेवल एक्सपर्ट कमेटी

● अरावली पहाड़ियों की परिभाषा क्या होनी चाहिए, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने 5 सदस्यों की हाई-लेवल एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया है।

● इसका उद्देश्य अरावली के दायरे को स्पष्ट करना और अवैध खनन के साथ पर्यावरण विनाश को भी रोकना है।



अरावली पहाड़ियों की परिभाषा तय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यों की एक हाई-लेवल एक्सपर्ट कमेटी बनाई है. यह कमेटी तय करेगी कि अरावली पहाड़ियों के दायरे में कौन-कौन से इलाके आते हैं यानी इसकी परिभाषा क्या होनी चाहिए. कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण पर असर डालने वाले फैसले बिना विशेषज्ञों की राय के नहीं लिए जाने चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने ये आदेश दिया. कोर्ट ने समिति को 31 अगस्त तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया है. मामले की अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी।

**5 सदस्यों की एक्सपर्ट कमेटी में कौन-कौन?**

पांच सदस्यों की इस हाई-लेवल एक्सपर्ट कमेटी के अध्यक्ष ICFRE के महानिदेशक होंगे. उनके साथ चार अन्य बड़े एक्सपर्ट भी शामिल हैं

» डॉ. सुभाष आशुतोष (पूर्व महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण)

» डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा (पूर्व निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण)

» बृज मोहन सिंह राठौर (पूर्व संयुक्त सचिव, पर्यावरण मंत्रालय)

प्रो. अशोक के. भटनागर (पूर्व विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग, दिल्ली यूनिवर्सिटी)

सुप्रीम कोर्ट ने IIHS के प्रो. जगदीश कृष्णस्वामी और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा को भी समय-समय पर समिति से जुड़ने के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया है. स्न्श्वस्नष्ट में निदेशक रैंक का एक अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा. सुप्रीम कोर्ट ने समिति को एक सार्वजनिक सूचना जारी करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बात को लेकर विशेषज्ञों की जांच जरूरी है कि क्या मौजूदा परिभाषा, जो अरावली पहाड़ियों को दो या दो से अधिक अरावली पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के दायरे तक सीमित करती है, संरक्षित क्षेत्र को काफी हद तक संकुचित कर सकती है और 'गैर-अरावली' क्षेत्रों के दायरे को बढ़ा सकती है, जिससे वहां धड़ल्ले से खनन और अन्य विनाशकारी गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है।

**अरावली को लेकर मौजूदा नियम क्या?**

मौजूदा नियम के मुताबिक, अगर दो अरावली पहाड़ियों के बीच 500 मीटर से ज्यादा की दूरी है, तो उस बीच के हिस्से को अरावली नहीं माना जाता. सुप्रीम कोर्ट ने समिति को इस बात की भी जांच करने का कार्य सौंपा है कि राजस्थान की 12,081 पहाड़ियों में से केवल 1048 पहाड़ियां ही निर्धारित 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा को पूरा करती हैं या नहीं और क्या इससे बाकी बची हजारों पहाड़ियां पर्यावरण संरक्षण से वंचित तो नहीं रह गई।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अरावली क्षेत्र के संरक्षण की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. विशेषज्ञों की यह टीम अब वैज्ञानिक और भौगोलिक आधार पर अरावली पहाड़ियों की सीमा और परिभाषा की समीक्षा करेगी, ताकि भविष्य में इस इको सिस्टम को अवैध खनन और निर्माण कार्यों से बचाया जा सके।

**राजस्थान की पहाड़ियों के दावे की भी होगी जांच**

अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट में कहा गया था कि राजस्थान की 12,081 पहाड़ियों में से सिर्फ 1,048 ही 100 मीटर ऊंचाई के मानक को पूरा करती हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी से यह जांचने को कहा है कि यह आकलन वैज्ञानिक और तथ्यात्मक रूप से सही है या नहीं. साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या इससे कम ऊंचाई वाली बड़ी संख्या में पहाड़ियां पर्यावरणीय संरक्षण से बाहर हो जाएंगी. समिति यह भी जांच करेगी कि मौजूदा नियमों और व्यवस्था में कोई बड़ी कमी तो नहीं है. इसके साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि अरावली पर्वतमाला के लिए व्यापक वैज्ञानिक और भूवैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत है या नहीं।

कमेटी का गठन कोर्ट में सभी पक्षों से चर्चा के बाद किया गया है. 25 मई की सुनवाई में केंद्र सरकार ने कहा था कि एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (CEC) की सिफारिशों में शामिल चार विशेषज्ञों को समिति में रखा जा सकता है. इसके साथ ही, ICFRE के महानिदेशक को समिति का अध्यक्ष बनाने का सुझाव भी दिया गया था।

## कर्नाटक हाईकोर्ट जाएँ: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

● याचिकाकर्ता ने अमेरिका में रह रहे पुणे निवासी अभिजीत दीपके पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 'कॉकरोच जनता पार्टी' की स्थापना की है, जो राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त है

लखनऊ बेंच ने याचिकाकर्ता का पता देखने पर कहा कि यहां के क्षेत्राधिकार में नहीं है. हाईकोर्ट ने शख्स को कर्नाटक हाईकोर्ट जाने को कहा है. याचिका में एनआईए और ईडी जांच की मांग की थी



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के खिलाफ मल्टी-एजेंसी जांच और इसके फाउंडर अभिजीत दिपके को अमेरिका से भारत लाने की मांग वाली पिटीशन पर सुनवाई करने से मना कर दिया। जस्टिस शेखर बी सराफ और जस्टिस अबदेश कुमार चौधरी की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता भारतीय जनता पार्टी (BJP) के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर, जो कर्नाटक के रहने वाले हैं, को वहां के हाईकोर्ट जाना चाहिए था।

बेंच ने कहा 'रिट पिटीशन को देखने पर, पहली बात जो हमें समझ में आई, वह यह है कि पिटीशनर बेंगलुरु का परमानेंट निवासी है। केस टाइटल और एफिडेविट में, पिटीशनर ने अपना पता बेंगलुरु-560020 दिखाया है। हमारे हिसाब से, याचिकाकर्ता, जो बेंगलुरु का निवासी है और राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा उठा रहा है, अगर वह ऐसा चाहता तो उसे पहले कर्नाटक हाई कोर्ट जाना चाहिए था। 'कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले के तथ्य उत्तर प्रदेश से संबंधित नहीं थे।

कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले के तथ्य उत्तर प्रदेश से संबंधित नहीं थे। 'मौजूदा रिट पिटीशन में, हमें उत्तर प्रदेश राज्य के बारे में कुछ भी खास नहीं मिला, और इसलिए, हमारा मानना है कि फोरम नॉन कन्वीनियंस के कारण रिट पिटीशन इस कोर्ट के सामने मेंटेनेबल नहीं है। ' कोर्ट ने कहा कि पहले भी कई बार शिशिर ने साफ-साफ कहा है कि वह बेंगलुरु का रहने वाला है और 'इस आधार पर कि वह बेंगलुरु से है, इस कोर्ट से छूट और रियायत मांगी है।

कॉकरोच जनता पार्टी पिछले महीने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर युवा यूज़र्स के बीच एक सटायरिकल मूवमेंट के तौर पर सामने आई। हालांकि, केंद्र सरकार ने सिक्योरिटी चिंताओं का हवाला देते हुए ङ्क ष्टश्वह्रञ्ज का ट्विटर अकाउंट बंद करने को कहा है।

उनकी याचिका में डिपके और CJP से जुड़े या उनसे जुड़े पोस्ट, वीडियो, रील और दूसरे कंटेंट को हटाने की भी मांग की गई, जो सुप्रीम कोर्ट की बातों का गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं या गलत तरीके से दिखाते हैं। CJP मूवमेंट 15 मई को सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही से शुरू हुआ था, जिसमें CJI सूर्यकांत ने बेरोज़गार युवाओं के सोशल मीडिया और RTI एक्टिविज़्म की ओर बढ़ रहे लोगों पर चिंता जताई थी। CJI कांत ने अपनी मौखिक टिप्पणियों में कहा कि ऐसे युवा 'कॉकरोच की तरह' समाज में पैरासाइट बन रहे हैं। CJI कांत ने बाद में साफ़ किया कि वह उन लोगों की बात कर रहे थे जिनके पास नकली डिग्री है और जो ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं। हाईकोर्ट में अपनी पिटीशन में, शिशिर ने कोर्ट से गुज़ारिश की कि CJP और उसके फाउंडर डिपके द्वारा चलाए जा रहे कथित 'विदेशी फंडेड इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर कैंपेन' की जांच के लिए मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स की देखरेख में इंटेलिजेंस और इन्वेस्टिगेशन एजेंसियों के सीनियर अधिकारियों वाली एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रामबाग में किराए के मकान में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**मिर्जापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रामबाग स्थित एक मकान में व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राकेश पटेल (50 वर्ष) निवासी मऊगंज, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पटेल पिछले करीब 30 वर्षों से न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में जनरेटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वह रामबाग पेट्रोल पंप के समीप ओमप्रकाश यादव के मकान में परिवार सहित किराए पर रह रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल दयाशंकर ओझा, अस्पताल चौकी प्रभारी विनय कुमार दूबे एवं पुलिस टीम मौके परिवार पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### कचहरी गेट पर महिला से 20 हजार की रंगदारी वसूली

**राजीनामा न करने पर दी जान से मारने की धमकी**

**कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू**

**ललितपुर।** कचहरी के बाहर एक महिला और उसकी बेटी को रोककर पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देकर 20 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कल्यानपुरा निवासी एवं वर्तमान में आजादपुरा में रह रही कपूरी पत्नी अंगद शनिवार को अपनी पुत्री रश्मि राजपूत के साथ एक पुराने मुकदमे की तारीख की जानकारी लेने कचहरी पहुंची थीं। आरोप है कि जब वह कचहरी परिसर के मुख्य गेट के बाहर पहुंचीं, तभी वहां पहले से मौजूद पलैया कालोनी निवासी अरविंद एवं संतोष पुत्र सुरेश कुशवाहा ने उन्हें रोक लिया। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपियों ने उनके द्वारा पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मुकदमे में उनके 20 हजार रुपये खर्च हुए हैं और वह रकम तत्काल वापस करनी होगी। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## कोई अपराध नहीं: दिल्ली कोर्ट ने आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिंडाल्को के खिलाफ कोयला घोटाला केस बंद किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आदित्य बिड़ला ग्रुप की एल्युमीनियम और तांबा बनाने वाली कंपनी हिंडाल्को के खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक दशक पुराने कोयला ब्लॉक आवंटन मामले को बंद कर दिया।राउज़ एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज (पीसी एक्ट) धीरज मोर ने कंपनी के पूर्व प्रेसिडेंट और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) एस.के. तमोतिया और जनरल मैनेजर (कॉर्पोरेट अफेयर्स) पी.आर.एस. मणि के खिलाफ भी केस बंद कर दिया।

कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सीबीआई यह साबित करने में नाकाम रही कि आरोपियों द्वारा किया गया कोई भी काम गैर-कानूनी था, और केंद्रीय एजेंसी आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी या आपराधिक साज़िश का कोई प्रथम दृष्टया मामला साबित नहीं कर सकी। कोर्ट ने 30 मई के अपने आदेश में कहा, 'इसकी गैर-मौजूदगी में, रिकॉर्ड पर न तो कोई सबूत है और न ही यह मानने का कोई उचित कारण है कि उन्होंने आपराधिक विश्वासघात या धोखाधड़ी सहित किसी भी गैर-कानूनी काम को करने के लिए आपराधिक साज़िश रची थी। इसलिए, वे उक्त अपराध से बरी होने के हकदार हैं।

यह मामला उन आरोपों पर केंद्रित था कि हिंडाल्को ने ओडिशा में 1994 में आवंटित तालाबिरा-द्व कोयला ब्लॉक से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया था। कंपनी ने खदान से निकाले गए कोयले का इस्तेमाल केवल प्रस्तावित बिजली परियोजनाओं में करने के बजाय, हीराकुंड में अपने मौजूदा 67.5 MW के कैप्टिव पावर प्लांट में भी किया था। आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2004-05 से 2010-11 के दौरान, कंपनी ने अपने अनुमानित कोयला भंडार (लगभग 15 मिलियन टन) से 4.80 मिलियन टन अधिक कोयला निकाला, जिससे उसे इस प्रक्रिया में अनुचित लाभ हुआ।

सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी के अधिकारियों ने संशोधित खनन योजना की मंजूरी मांगते समय कोयला मंत्रालय के सामने गुमराह करने वाली बातें रखीं। कोर्ट ने कहा, 'इस संबंध में लगाए गए आरोप भी बेबुनियाद हैं और उन्हें खारिज किया जाना चाहिए। 'इसलिए, कोर्ट ने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया।

## सपा की बैठक में डालर के मुक़ाबले रुपये की गिरती कीमत पर चिंता, भाजपा सरकार पर आरोप

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की बैठक सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में दिन में 3 बजे आरम्भ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि बढ़?ती हुई बेरोजगारी महमूद तथा मंहगाई से जनता की स्थिति भयावह होती जा रही ही है बेरोजगारी चरम सीमा तक पहुंच गयी है प्राइवेट सेक्टर में नौकरी पाने के लिये मेहनत से प्रतिभा दिखानी पड़ती है क्योकि सी बी एस ई के परीक्षा फल ने छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है जिससे प्रतिभा पर चिन्ह लग गया है। अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन मे कहा कि आर.बी.आई किसके आदेश से सोना बेचने की तैयारी कर रही जबकी सरकार ने अभी तक देश की गिरती अर्थव्यवस्था पर कोई स्वेत पत्र जारी करके जनता के साथ धोखा कर रही है क्योकि महगाई की मार से जनता त्रस्त है। अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन मे कहा कि बेरोजगारी के कारण नयी पीढ़ी के साथ अनदेखी हो रही है परिक्षाओं की स्थिति तथा लाखो की संख्या मे खाली जगहो को भरने के बजाय मल्टीनेशनल तथा देश की कम्पनीयो को बढ़ावा देकर सरकारी स्थानो मे ठेके से काम कराकर अर्थव्यवस्था पर चोट पहुंचाई जा रही है।

## यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान, अधिक मूल्य व जिंक खरीदने का दबाव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** जनपद के कस्बा आर्यनगर, गोपालबाग, मंगलनगर, गोकरननाथ शिवाला, मल्लापुर, कौड़ियां सहित विभिन्न क्षेत्रों में किसानों को यूरिया खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। खरीफ सीजन में धान, गन्ना, मक्का एवं अन्य फसलों के लिए यूरिया की बढ़ी मांग के बीच किसानों ने खाद विक्रेताओं पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली और अतिरिक्त सामग्री खरीदने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि एक बोरी यूरिया खाद का निर्धारित मूल्य लगभग 290 रुपये है, लेकिन कई दुकानों पर यूरिया के साथ 100 रुपये का जिंक पैकेट खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि जिंक खरीदने से मना करने पर यूरिया खाद नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय किसानों के अनुसार सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने के कारण उन्हें निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में कुछ विक्रेता खाद की मांग का लाभ उठाकर मनमानी कर रहे हैं, जिससे किसानों में नाराजगी है।




इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार के दबाव में आकर जिंक या अन्य सामग्री खरीदने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विक्रेता द्वारा यूरिया खाद के साथ जबरन अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है या निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें। जिला कृषि अधिकारी ने कहा, 'कोई भी किसान दबाव में आकर अतिरिक्त सामग्री न खरीदे। यदि कहीं ऐसी शिकायत मिलती है तो तत्काल मुझे अवगत कराएं, संबंधित विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 'किसानों ने प्रशासन से खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और दोषी विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर आसानी से यूरिया खाद उपलब्ध हो सके।

## शादी सिर्फ कागजों पर बची थी... डॉक्टर दंपति के 15 साल पुराने तलाक विवाद पर सुप्रीम कोर्ट

» सुप्रीम कोर्ट ने एक डॉक्टर दंपति के 15 साल पुराने तलाक मामले में हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है. कोर्ट ने कहा कि यौन संबंध बनाने से इनकार करना मानसिक क्रूरता है. 15 साल से अलग रह रहे इस जोड़े के मामले में कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत तलाक मंजूर किया।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



राजस्थान के एक डॉक्टर दंपति की दिसंबर 2007 में शादी हुई थी. पत्नी गुजरात और पति राजस्थान में सरकारी नौकरी कर रहा है, जिनका तलाक का केस हाई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा. हाई कोर्ट ने पिछले साल फरवरी में पति की अपील मंजूर करते हुए तलाक की अनुमति दी थी. हाई कोर्ट ने कई बिंदुओं पर पति के पक्ष में तलाक को मंजूरी दी थी. तलाक मंजूर करने के कारणों में से एक कारण यह भी था कि पत्नी ने कई मौकों पर यौन संबंध बनाने से इनकार किया था, जो हाईकोर्ट की नजर में पति के प्रति क्रूरता थी. अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल से अलग रह रहे जोड़े के बीच शादी समाप्त करते हुए बड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक मुकदमों के लंबे समय तक लंबित रहने से विवाह केवल कागजों पर ही कायम रहता है।

इस मामले में जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि भारत की अदालतों ने बार-बार यह स्थापित किया है कि यौन संबंधों से दूरी बनाए रखना गंभीर भावनात्मक तनाव पैदा करता है और विवाह की बुनियाद को कमजोर करता है. इसलिए हाईकोर्ट का निष्कर्ष बरकरार रखा जाता है. प्रतिवादी-पति की अपील को स्वीकार करते हुए दी गई तलाक की डिक्री (आदेश) को बरकरार रखा जाता है. आइए जानते हैं कि इस मामले मेंसुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा।

## मालवीय नगर में आग लगने पर होटल पहुंचा था मालिक लवकेश बजाज, मौत का आंकड़ा बढ़ा तो उल्टे पांव भागा

● दिल्ली के मालवीय नगर स्थित रेस्टोरेंट में बुधवार सुबह करीब 8 बजे लगी आग में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली** के मालवीय नगर इलाके में एक रेस्टोरेंट और होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई है. यह आग मालवीय नगर के फ्लोरिश स्टे B&B नाम के होटल में सुबह करीब 8:48 बजे लगी. देखते ही देखते आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं. दमकल विभाग ने 8 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया. इस भीषण हादसे में 40 से ज्यादा लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया है. रेस्क्यू किए गए लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई।

**Hotel Flourish Stays की बिल्डिंग कैसे बन गई मौत का कुआं?**

आग बुझाने के बाद, चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष कुमार मलिक ने इस बिल्डिंग का जायजा लिया. अभिलाष कुमार मलिक ने कहा, 'बिल्डिंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा पांच मंजिलें हैं.' इस पूरी बिल्डिंग में सिर्फ एक सीढ़ी और एक एलिवेटर मौजूद है. बिल्डिंग पूरी तरह से सील थी और इसमें वेंटिलेशन का कोई इंतजाम नहीं था. बाथरूम की खिड़कियों सहित सभी खिड़कियां पूरी तरह से बंद थीं. आग लगने पर ऐसी बिल्डिंग एक चिमनी की तरह काम करती है। एक ही सीढ़ी होने के कारण धुआं और गर्मी तुरंत ऊपर की मंजिलों तक पहुंच गई. धुएं के कारण लोगों को बाहर निकलने का समय ही नहीं मिला. दमकल अधिकारियों के मुताबिक बिल्डिंग में अंदरूनी फायर प्रोटेक्शन सिस्टम भी नहीं था. एक दमकल कर्मी भी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान घायल हो गया।

**मालवीय नगर के होटल में कैसे लगी आग, अब तक क्या हुआ?**

» दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टेज में बुधवार सुबह आग लग गई।

» दमकल विभाग को सुबह 8:50 बजे इस भयंकर आग की सूचना मिली।



» दमकल विभाग की 8 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया।

» इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है।

» रेस्क्यू ऑपरेशन में 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

» घायलों को मैक्स अस्पताल सहित अन्य नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

» दिल्ली पुलिस ने होटल के मालिक लोकेश बजाज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

» मारे गए लोगों में 11 विदेशी नागरिकों के शामिल होने का पता चला है।

» अस्पताल में भर्ती घायलों की कैसी है हालत और डॉक्टर क्या बता रहे हैं?

मैक्स हेल्थकेयर ग्रुप के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संदीप बुधिराजा ने घायलों की जानकारी दी है. डॉ संदीप बुधिराजा ने कहा, 'वेंटिलेटर पर रखे गए 7 या 8 मरीजों की हालत बेहद नाजुक है।' अस्पताल में भर्ती मरीजों की उम्र 30 से 50 साल के बीच है. केवल एक या दो मरीजों को ही गंभीर रूप से जलने की चोटें आई हैं। ज्यादातर मरीजों को धुएं के कारण फेफड़ों में समस्या हुई है। इस हादसे के बाद कई परिवार अपने परिजनों को ढूंढ रहे हैं. एक परिजन ने बताया कि उनकी 42 वर्षीय बेटी तारिणी अग्रवाल और दो पोतियां लापता हैं. अस्पताल प्रशासन और पुलिस से उन्हें कोई साफ जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 डण्डे व 01 महिन्द्रा थार कार बरामद**



**अमेठी।** अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में वांछित महिन्द्रा थार कार सवार 02 अभियुक्तों रिषभ सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी दाउद नगर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली उम्र करीब 25 वर्ष व अंकुर उर्फ वैभव श्रीवास्तव पुत्र राजेश निवासी मेढ़ौना थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से कार की डिग्गी से 02 बांस के डण्डे बरामद हुए ।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन दोनों ने उनके अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 31.05.2026 को पुरानी रंजिश को लेकर श्याम बिहारी मौर्या पुत्र राम बहादुर निवासी समरहदा थाना चंदापुर जनपद रायबरेली के साथ मारपीट में इसी महिन्द्रा थार यूपी 32 आर एच 7271 का प्रयोग किया था । बरामद डण्डे महिन्द्रा थार की डिग्गी में हमेशा रखे रहते हैं इन्हीं डण्डों से श्याम बिहारी उपरोक्त से मारपीट की गई थी । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### गोमती नदी में नहाते समय किशोर डूबा, रातभर चला तलाशी अभियान

**एसडीआरएफ की टीम द्वारा मनीष का शव बरामद, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**



**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव में मंगलवार देर शाम गोमती नदी में नहाने गए एक किशोर के डूब जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। देर रात तक पुलिस और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। बुधवार सुबह एसडीआरएफ की टीम द्वारा दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, तेतारपुर गांव निवासी लगभग 13 वर्षीय मनीष पुत्र रज्जन अपने तीन दोस्तों के साथ गोमती नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। बाजार शुकुल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से नदी में तलाश अभियान शुरू किया। अंधेरा होने और स्थानीय गोताखोरों के उपलब्ध न होने के कारण बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पुलिस और ग्रामीणों ने देर रात तक टॉर्च की रोशनी में खोजबीन की, लेकिन मनीष का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद एसडीआरएफ को बुलाया, मनीष का शव बरामद किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद से गांव में शोक और चिंता का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,पिता का साया पहले ही उठ चुका है, मां दोनों आंखों से अंधी है,दो बड़े भाइयों से छोटा था मनीष।

# तपती धूप में डी यम पहुंची गौरा-कटरिया बांध: हालात देख भड़की,दिये यह सख्त निर्देश

**● सरयू तटबंधों का निरीक्षण करने पहुंची जिलाधिकारी, बाढ़ से पहले सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में संभावित बाढ़ और कटान से सुरक्षा के लिए चल रही परियोजनाओं तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बुधवार को हर्रैया तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी के बाएं तट पर स्थित गौरा-सैफाबाद, चांदपुर-गौरा, उमरिया रिंग बांध और कटरिया-चांदपुर तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक कार्य समय से पूरा करने और बाढ़ से पहले सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाढ़ कार्य खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि उमरिया रिंग बांध और उसके आसपास बसे 12 गांवों की सुरक्षा के लिए दो स्पर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में परियोजना की प्रगति लगभग 50 प्रतिशत है और इसे जून 2026 के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने और बाढ़ आने से पहले परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौरा-सैफाबाद तटबंध के किलोमीटर 4.400 से 4.700 के बीच ग्राम मौजपुर की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे चार डैम्पनरों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि तीन डैम्पनरों का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि शेष कार्य प्रगति पर है, जिसे 15 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष कार्य किसी भी स्थिति में बाढ़ से पहले पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र के गांवों को पर्याप्त सुरक्षा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कटरिया-चांदपुर तटबंध के किलोमीटर 4.500 पर स्थित बाढ़ चौकी और स्टोर का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के दौरान जूनियर इंजीनियर, सहायक अभियंता और अन्य कर्मचारी तटबंधों की लगातार निगरानी करते हैं तथा बाढ़ चौकी के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए बोल्डर, बिक्ररोड़ा, नायलॉन क्रेट, जीआई वायर क्रेट और सीमेंट की खाली बोरियों सहित आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण भी किया गया है। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार, सहायक अभियंता संजय शुक्ला, सत्येन्द्र गौतम, शीलभद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना एनओसी बन गया नाला, वन विभाग को भनक तक नहीं! भानपुर में प्राइवेट नाला निर्माण पर बड़ा सवाल, अधिकारी बोले- जानकारी नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के भानपुर नगर पंचायतभानपुरस्थित भानपुर-डुमरियागंज मार्ग पर मैरिज हॉल के आगे मयुरा पूर्व दिशा की ओर एक निजी नाले के निर्माण का मामला अब गंभीर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि एक निजी व्यक्ति द्वारा नाला बनवा लिया गया, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि इसके लिए संबंधित विभागों से कोई एनओसी जारी हुई थी या नहीं। तीन दिन पूर्व पत्रकारों द्वारा डीएफओ से जानकारी मांगी गई थी कि आखिर नाला निर्माण के लिए किस अधिकारी ने अनुमति दी, कौन-सा प्रकरण विभाग में आया और किस आधार पर निर्माण कराया गया। लेकिन आज तक कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। रामनगर रेंज के हल्का दरोगा संजय सिंह ने बताया कि उन्हें नाला निर्माण की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि यदि बिना एनओसी के निर्माण पाया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब सड़क किनारे कई दिनों से मिट्टी डाली जा रही थी, नाला बनाया जा रहा था और निर्माण कार्य खुलेआम चल रहा था, तब विभागीय अमला आखिर कहां था? इसी मार्ग से रामनगर रेंज की जिम्मेदार अधिकारी सोनल वर्मा सहित विभागीय कर्मचारी प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि क्या सड़क किनारे चल रहा निर्माण कार्य अधिकारियों को दिखाई नहीं दिया, या फिर सब कुछ देखकर भी अनदेखा किया गया? लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि यदि वन विभाग को सड़क किनारे बन रहा पूरा नाला नजर नहीं आया तो फिर जंगलों और वन भूमि की निगरानी कैसे होती होगी? आखिर विभाग की निगाहें कहां व्यस्त थीं कि निर्माण पूरा होने के बाद भी किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई?क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि जिस व्यक्ति द्वारा नाला निर्माण कराए जाने की बात कही जा रही है, वह काफी प्रभावशाली माना जाता है। इसी वजह से विभागीय अधिकारियों की चुप्पी और निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि यही निर्माण किसी आम व्यक्ति द्वारा कराया गया होता तो शायद अब तक कार्रवाई हो चुकी होती। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन विभाग की चुप्पी और निर्माण पूरा होने के बाद तक किसी स्पष्ट कार्रवाई का न होना चर्चाओं को और हवा दे रहा है लोगों का कहना है कि सरकारी विभागों के कार्यों में एनओसी के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन यहां एक निजी व्यक्ति द्वारा नाला निर्माण करा लिया गया और विभागीय अनुमति का कोई रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं हुआ। इससे पूरे मामले में विभागीय जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब क्षेत्र में सबसे बड़ा सवाल यही है कि पहले निर्माण पूरा हो गया, फिर विभाग जागा। आखिर यह लापरवाही है, अनदेखी है या किसी प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में नियमों को नजरअंदाज किया गया?जनता मांग कर रही है कि केवल मुकदमा दर्ज करने की बात न हो, बल्कि यह भी जांच की जाए कि निर्माण के दौरान जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी क्या कर रहे थे, उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई और यदि बिना अनुमति निर्माण हुआ है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन

# नकली सोना बेचकर ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश, तीन लाख नकद समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती पुलिस ने नकली सोना सस्ते दामों में बेचकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कलवारी, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपये नकद तथा करीब 3.092 किलोग्राम पीली धातु की नकली सोने की लड़ी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कलवारी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना कलवारी और थाना पुरानी बस्ती में दर्ज ठगी के मामलों की जांच के दौरान गिरोह की गतिविधियों का पता चला। इसके बाद संयुक्त टीम ने अगौना बाजार से लगभग 200 मीटर पहले घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकर सोलंकी (28 वर्ष), मीरा सोलंकी (46 वर्ष) और धाबु देवी (65 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी गौतमबुद्ध नगर जनपद के निवासी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से विभिन्न ठगी की घटनाओं से संबंधित तीन लाख रुपये नकद और नकली सोने की मटरदाना लड़ी बरामद की है। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथ कुछ असली सोना-चांदी और बड़ी मात्रा में नकली सोना रखते थे। असली आभूषण दिखाकर लोगों का विश्वास जीतते और फिर नकली सोना बेहद सस्ते दामों में बेचने का लालच देकर ठगी कर लेते थे। गिरोह में महिलाओं को शामिल करने का उद्देश्य लोगों का शक कम करना था। आरोपी महिलाओं के माध्यम से लोगों को भरोसे में लेकर नकली आभूषणों की खरीद-फरोख्त करते थे, जिससे आसानी से ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा सके। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और इनके द्वारा की गई अन्य ठगी की घटनाओं की भी जांच कर रही है।

# राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला बनी अमेठी की प्रभारी मंत्री

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक दृष्टि से लिया महत्वपूर्ण निर्णय, अमेठी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** प्रतिभा शुक्ला को अमेठी जनपद का प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद जिले की राजनीतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। उनके इस दायित्व ग्रहण करने से स्थानीय स्तर पर यह उम्मीद जताई जा रही है कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा तथा कार्यकर्ताओं और आम जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।उत्तर प्रदेश सरकार का यह निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह कदम सरकार की दूरदर्शिता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेठी जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील और महत्वपूर्ण जनपद में प्रभारी मंत्री की सक्रिय भूमिका विकास कार्यों को गति देने में निर्णायक साबित हो सकती है।प्रभारी मंत्री के रूप में प्रतिभा शुक्ला की प्रमुख जिम्मेदारियों में जिले में संचालित विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा करना, उनकी प्रगति सुनिश्चित करना तथा किसी भी स्तर पर आ रही बाधाओं को दूर कराना शामिल है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कराना भी उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं को नई दिशा देने की उम्मीद जताई जा रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सरकारी योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा जन समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण भी प्रभारी मंत्री की कार्यशैली का अहम हिस्सा रहेगा।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में संगठन को भी मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। इससे आगामी चुनावी रणनीतियों को भी बल मिल सकता है। स्थानीय कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर उत्साह का माहौल है और वे इसे विकास के नए अवसर के रूप में देख रहे हैं।कुल मिलाकर, प्रतिभा शुक्ला के प्रभारी मंत्री बनने से अमेठी में विकास कार्यों को नई गति मिलने की संभावना है। यदि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाता है, तो निश्चित रूप से जिले की तस्वीर बदल सकती है।

# हत्या मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भागने के प्रयास में घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर, संवाददाता।** बलरामपुर के गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले व हत्या के मामले में पुलिस ने एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिससे उसके पैर में चोट लग गई। फिलहाल उसका उपचार संयुक्त जिला चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात ग्राम अहिरौला निवासी मोहम्मद आसिफ खान बाइक से गांव में घूम रहा था। इस दौरान राजू मौर्य ने उसके घूमने पर आपत्ति जताई, जिससे दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद आसिफ खान ने धमकी दी और वहां से चला गया। अगले दिन 27 मई की सुबह जब राजू मौर्य पिपरा चौराहे पर चाय पीने जा रहा था, तभी मोहम्मद आसिफ खान और उसके साथियों ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। मारपीट में मीना देवी व धनराज मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में राजू मौर्य पुत्र धनीराम निवासी अहिरौला की तहरीर पर गैंड़ास बुजुर्ग थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में मामले की विवेचना के दौरान हत्या से संबंधित धाराएं भी बढ़ाई गई।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त वाजिद पुत्र आबिद निवासी ग्राम पिपराराम थाना गैंड़ास बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में वाजिद ने स्वीकार किया कि वह 27 मई को हुई मारपीट की घटना में शामिल था। उसने बताया कि अन्य आरोपियों के साथ मिलकर राजू मौर्य और उसके साथी संतोष यादव को घेरकर पीटा गया था। शोर सुनकर बचाने आए हीरालाल मौर्य, मीना देवी, धनराज मौर्य, सोहनलाल व आकाश मौर्य को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण में इससे पहले छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वाजिद की गिरफ्तारी के साथ ही मामले में पुलिस की कार्रवाई आगे बढ़ी है। साथ ही अन्य आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक राहुल कुमार यादव, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र शुक्ल, मुख्य आरक्षी उपेन्द्रनाथ शुक्ला, मुख्य आरक्षी विकास मिश्रा, मुख्य आरक्षी विनोद त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी विनय मौर्य तथा कांस्टेबल बलजीत यादव शामिल रहे

# कबीर तिवारी हत्याकांड: सात आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सात वर्ष पुराने बहुचर्चित छात्र नेता कबीर तिवारी हत्याकांड में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने पूर्व में तलब किए गए सात आरोपियों के विरुद्ध मंगलवार को गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया। न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया है कि सभी आरोपियों को 11 जून तक अदालत में प्रस्तुत किया जाए। मामले में शासकीय अधिवक्ता की ओर से 12 मार्च 2026 को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत प्राथमिकी में नामजद आरोपियों को तलब किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एंठीडीह निवासी कबीर तिवारी एपीएन पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष थे। 9 अक्टूबर 2019 को मालवीय रोड पर दिनदहाड़े गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। मामले के वादी शिवप्रसाद तिवारी का आरोप है कि हत्या में शामिल आरोपी प्रभावशाली हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सीबीआई जांच की भी मांग की थी।वादी के अनुसार सीबीसीआईडी जांच के दौरान सात आरोपियों के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई जारी रही। सुनवाई के दौरान वादी शिवप्रसाद तिवारी समेत अन्य गवाहों के बयान अदालत में दर्ज किए गए। गवाहों के बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद अमन प्रताप सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, अभिजीत सिंह, साद उर्फ सादू, सगीर खान, अवनीश प्रताप सिंह तथा इमरान उर्फ शिबू को हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों पर पुनर्विचार के लिए तलब किया था।आरोपियों के न्यायालय में उपस्थित न होने पर अदालत ने उनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया। मामले में वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार उपाध्याय ने पैरवी की।

# मवैया चौराहे पर एसीसी सीमेंट का श्रमिक सम्मान कार्यक्रम, राजगीरों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** अदानी ग्रुप के एसीसी सीमेंट द्वारा क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी दिनेश पाल के प्रतिष्ठान, मवैया चौराहे पर राजगीरों एवं श्रमिकों के लिए एक विशेष जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजगीर एवं श्रमिक उपस्थित रहे, जिन्हें आधुनिक निर्माण तकनीकों, सुरक्षित कार्य पद्धतियों एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसीसी सीमेंट के प्रतिनिधियों ने श्रमिकों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, मेहनतकश राजगीरों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के कौशल को प्रोत्साहित करना और उन्हें बेहतर कार्य पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि जगदीश पाल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ल, किसान यूनियन नेता शेषनाथ तिवारी, हरीशंकर तिवारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम श्रमिकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनके कौशल विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कंपनी की तरफ से वरिष्ठ जनों एवं राजगीरो तथा श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी जलकर राख, ग्रामीणों ने मशक्कत कर पाया काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित मीतासोती गांव में मंगलवार की रात गैस सिलेंडर में आग लगने से एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी इंद्रावती अपने घर में गैस सिलेंडर पर भोजन तैयार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक लगातार प्रयास कर किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कमरे में रखा घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन तथा अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर नष्ट हो चुकी थीं। आग की घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आग आसपास के अन्य मकानों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना के बाद गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# संक्षिप्त खबरें

### रोजगार सेवको ने शुरु की अनिश्चितकालीन हड़ताल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**काँट, शाहजहांपुर।** ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र (वेल्फेयर एसोशियेशन) उ0प्र0 की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पूरे प्रदेश मे 2 मई 2026 से ग्राम रोजगार सेवकों की विभिन्न समस्याओ के दृष्टिगत सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया, इसी क्रम मे आज दिनांक 3 मई 2026 को काँट ब्लॉक के ग्राम रोजगार सेवकों सहित समस्त मनरेगा कर्मचारीयों ने मानदेय साहित तमाम समस्याओं से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौपा। ग्राम रोजगार सेवको ने मांग की है कि उनका अवशेष मानदेय अति शीघ्र दिलाया जाये, नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाये, मानदेय पृथक बजट से दिया जाये, कम से कम 24000? प्रतिमाह मानदेय दिया जाये। प्रदेश संगठन ने यह भी एलान कर दिया कि यदि हमारी मांगो को पूरा नही किया गया तो 15 मई 2026 को जिला मुख्यालायो पर एक दिवसीय कार्यक्रम व 1 जुलाई 2026 को विधान सभा घेराव किया जाएगा। ज्ञापन देने वालो मे मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अर्वेश कुमार वर्मा ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सिंह ब्लॉक महामंत्री वीरपाल सिंह, सर्वेश कुमार यादव, राजेश सिंह, अमित शर्मा, डीपी यादव, रामनिवास, गोविंद, अजय कुमार, वेदप्रकाश शास्त्री, संजीव कुमार, सोनू, गोविंद, रामनिवास,अशोक कुमार, मुबीन, आदि तमाम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### बिजली लाइन मरम्मत करते समय खंभे से गिरा संविदा लाइनमैन घायल गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे प्रान सिंह मजरे ऐहार गांव में बुधवार को बिजली लाइन मरम्मत करते समय एक संविदा लाइनमैन खंभे से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के अटौरा बुजुर्ग गांव निवासी राजू (37) पुत्र बनवारी बिजली लाइन की खराबी ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से सीमेंटेड सड़क पर औंधे मुंह गिर पड़ा। बगल में टूटा बिजली का खंभा भी पड़ा था। गिरते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद साथ में मौजूद कर्मचारियों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण क्षेत्र के अवर अभियंता बृजेश कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल कर्मचारी का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि खंभे पर चढ़ते समय लोहे के पैडल से पैर फिसल जाने के कारण कर्मचारी नीचे गिर गया। उसका उपचार कराया जा रहा है।

### लखनऊ में वीडियोग्राफर के साथी ने ही रची थी लूट की साजिश, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** माल के रानीखेड़ा निवासी वीडियोग्राफर अशोक यादव से लूट की साजिश चार वर्षों से उसके साथ काम करने वाले रोहन ने अपने साथियों के साथ रची थी। बुधवार को पुलिस ने रोहन समेत घटना में शामिल उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से लूट का सामान भी बरामद हुआ है। पीड़ित अशोक यादव ने तहरीर में बताया कि रविवार रात आशू नाम के युवक ने वाट्सएप के जरिए जन्मदिन कार्यक्रम के लिए बुकिंग कर उन्हें बुलाया था। वह साथी शनी, शशांक गुप्ता, सचिन गौतम और रोहन कुमार के साथ कार से इटौंजा के हीरापुरवा तिराहे के पास पहुंचे तभी दो बाइक पर सवार चार युवक आए और असलहे के बल पर धमकाते हुए कैमरा, लेंस समेत 15 लाख रुपये का सामान लूट ले गए। पीड़ित ने इटौंजा थाने में मुकदमा दर्ज कराया और साथी रोहन पर भी घटना में शामिल होने का शक जताया था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना का राजफाश करते हुए रोहन समेत दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इटौंजा थाना प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को इटौंजा चौराहे के पास रोका गया।

### सूचना

मैं मनोज यादव पुत्र श्री जीवनलाल यादव मकान नंबर 12/337 अहिराना, ग्वालटोली, कानपुर का निवासी हूं। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम अर्श यादव लिखा है लेकिन उसके जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश उसका नाम मन यादव लिखा है, जबकि मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम अर्श यादव ही है। अतः अब मेरे पुत्र को सभी दस्तावेजों में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

## SM NET समन्वयकों ने आज उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंप कर सेवा बहाली की मांग उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोशल मोबिलाइजेशन नेटवर्क (SM NET) उत्तर प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय उप-मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंप कर एस.एम. नेट के समन्वयकों की सेवा वहाली की मांग को दमदार से उठाया। प्रतिनिधिमंडल की मांग को गम्भीरता से लेते हुए मा.पाठक जी ने सम्बंधित को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि शोसल मोबिलाइजेशन नेटवर्क के तत्वावधान में कल लखनऊ स्थित इको गार्डन में प्रदेशभर के समन्वयकों एवं बीएमसी साथियों द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

धरने के माध्यम से वक्ताओं ने सरकार को यह बताने का प्रयास करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने तथा बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 2001 में NICEF द्वारा सोशल मोबिलाइजेशन नेटवर्क (SM NET) की स्थापना की गई थी। इस नेटवर्क ने पोलियो उन्मूलन, दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान, कोविड-19 प्रबंधन, दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, टीकाकरण, मिशन इंद्रधनुष, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा पोषण दिवस सहित अनेक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समरण रहे कि 31 मार्च 2026 को यूनिसेफ द्वारा स्रूहृश्वञ्ज को बंद किए जाने के निर्णय के कारण प्रदेश के लगभग 555 कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के समक्ष आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने फरवरी 2026 में स्रूहृश्वञ्ज के संचालन हेतु विशेष बजट का प्रावधान भी किया था। इसके बावजूद अप्रैल माह में हुए धरना-प्रदर्शन, अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) के साथ बैठक तथा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने के बाद भी विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही नहीं हो सकी है। धरनारत कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता एवं लालफीताशाही के कारण आज तक स्रू हृश्वञ्ज के पुनर्संचालन एवं कर्मचारियों के पुनर्नियोजन पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने शासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर स्रू हृश्वञ्ज को पुनः संचालित करने तथा प्रभावित कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की थी तथा शाम को एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को अपनी मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन भी सौंपा था। परन्तु कोई स्पष्ट जबाव न मिलने की दशा में आज बृजेश पाठक जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से डां. राजेश सिंह, योगेश सिंह, हर्षित राज, ज्ञानेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ मजरे ऐहार गांव में बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी 70 वर्षीय राम कुमारी पत्नी रामकुमार कुशवाहा बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सड़क किनारे बनी नाली के ऊपर से होकर जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन घायल वृद्धा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

वृद्धा की मौत की सूचना मिलते ही बेटे होरी लाल, सरवन सहित पूरे परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हुई है। अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## माय भारत सीतापुर द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन

**● जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा मंडल मलसराई द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवाओ के प्रतिभाग से सफल रहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'मेरा युवा भारत' के अंतर्गत जे.पी.एस. इंटर कॉलेज करीमगंज, बाबा कुटी, महमूदाबाद, सीतापुर के प्रांगण में विश्व साइकिल दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र( माय भारत) की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा मंडल मलसराई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री उत्तम कुमार सिंह, प्रबंधक उत्तम विद्या मंदिर थानगांव तथा विशिष्ट अतिथि श्री प्रेमचंद, सभासद नगर पालिका परिषद महमूदाबाद द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री आशीष वर्मा एवं सभासद श्री प्रेमचंद द्वारा उपस्थित जनसमूह और युवाओं को विश्व साइकिल दिवस के महत्व पर संबोधित किया गया। इसके पश्चात, उत्साह से भरे प्रतिभागियों ने जागरूकता से जुड़े स्लोगन बोलते हुए एक विशाल साइकिल रैली निकाली। यह रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर मिश्रखा मोड़ तक लगभग 1.5 किलोमीटर तक गई, जिसने स्थानीय लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। साइकिल रैली के समापन के बाद सभी प्रतिभागियों को व्यवस्थित किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा साइकिल चलाने से होने वाले शारीरिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाना ईंधन की बचत और प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ हमारी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वन्दना एवं युवा मंडल मलसराई के सदस्यों द्वारा किया गया।

## सआदतगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी, दहेज हत्या का मुख्य आरोपी केजीएमयू ट्रामा सेंटर के पास से गिरफ्तार

**● .....लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी सागर लोधी शहर छोड़ने की फिराक में था, पुलिस की मुस्तैदी ने नाकाम किया मंसूबा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सआदतगंज थाना पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए दहेज हत्या के मामले में काफी लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी सागर लोधी को धर दबोचा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था और इसी बीच चोरी-छिपे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के ट्रामा सेंटर में अपना इलाज करवा रहा था। आरोपी की योजना बेहद शातिराना थी; वह अस्पताल से डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद लखनऊ शहर से बाहर भागने की फिराक में था ताकि कानून के शिकंजे से दूर रह सके।

हालांकि, सआदतगंज पुलिस प्रशासन की सतर्कता और सटीक मुखबिरी के आगे आरोपी के मंसूबे धरे के धरे रह गए। जैसे ही पुलिस को आरोपी के ट्रामा सेंटर में होने और वहां से डिस्चार्ज होकर भागने की तैयारी की भनक लगी, थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत एक्शन प्लान तैयार किया। पुलिस बल ने बिना वक्त गंवाए केजीएमयू ट्रामा सेंटर के आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी। जैसे ही आरोपी सागर लोधी ट्रामा सेंटर यूनिट-1 के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठी सआदतगंज पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। आरोपी की इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम उसे थाने ले आई है और उसके खिलाफ आगे की कड़ी विधिक व कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। स्थानीय स्तर पर पुलिस की इस त्वरित और मुस्तैद कार्रवाई की काफी सराहना हो रही है।के साथ-साथ हमारी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वन्दना एवं युवा मंडल मलसराई के सदस्यों द्वारा किया गया।

### ईंधन संकट के बीच 5 जून से बंद होगी बैंकॉक की डायरेक्?ट फ्लाइट, लखनऊ एयरपोर्ट पर लगातार कम हो रही विमानों की संख्या

**लखनऊ।** ईरान-इजरायल व अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोल को लेकर छाए वैश्विक संकट का असर विमान सेक्टर पर पड़ने लगा है। कई एयरलाइन ने अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कमी कर दी है। इसका असर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी पड़ा है। छुट्टी मनाने के लिए बैंकाक जाने वाले यात्रियों के लिए संकट खड़ा हो गया है। लखनऊ से बैंकाक की थाई एयर की सीधी विमान सेवा गुरुवार से बंद हो रही है। ऐसा ईंधन संकट के कारण हो रहा है। पिछले दिनों ही लखनऊ से मलेशिया के क्वालालंपुर जाने वाली एयर एशिया की सीधी विमान सेवा को बंद कर दिया गया है। अब पांच जून से बैंकाक से लखनऊ आने वाली सीधी विमान सेवा एफडी-146 को बंद किया जाएगा। यह विमान रात 8:25 बजे बैंकाक से उड़ान भरकर रात 10:51 बजे लखनऊ पहुंचता है। इसी तरह लखनऊ से एफडी-147 रात 11:05 बजे उड़ान भरकर सुबह 3:38 बजे बैंकाक पहुंचता है। इस विमान से सबसे अधिक हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी कर उसे लखनऊ भेजा जाता है। इमिग्रेशन और कस्टम की टीमों ने मिलकर छह माह में 53 करोड़ रुपये की कीमत का गांजा इसी विमान से करियर सहित पकड़ा है।

## ऐतिहासिक स्थल बोधिसत्व भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की पवित्र अस्थियों पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना एवं विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इस अवसर पर बाबा साहेब के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के विषयों पर विचार व्यक्त किए जाएंगे क्रांतिकारी भंते विनाचार्य मिशन महाबोधि महावीर बुद्ध गया कमेटी दवारा अपने वक्तव्य में उक्त स्थल को हटाने की बात कही गई है डा. निर्मल व्यक्तिगत स्वार्थ में नए सस्थान साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर उक्त स्थल पर लालजी प्रसाद निर्मल जो संस्था के अध्यक्ष भी नहीं सफलता प्राप्त नहीं कर पाए। वर्तमान में आपके आवनाओं का सम्मान न कर गुमराह करते हुए 10 बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट 01/04/2016 में अपने निवास स्थान 6/58 विकास नगर लखनऊ के एड्रेस से रजिस्टर्ड कराया है खुद के ट्रस्ट को लाभ पहचाने के लिए पहले भी प्रयास किये थे उस समय विधानसभा मागे, लखनऊ में स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डा. बी.आर. आंबेडकर के एतिहासिक केंद्र को समाप्त करने का षडयंत्र किया है, जो डॉक्टर आबेडकर के अनुयायियों को भड़काने की साजिश किया है अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। करोडों बहुजन समाज बाबा साहेब डा0 आबेडकर के अनुयायियों के भावनाओं को आहत करने की साजिश हैं। बाबा साहेब डा0 अम्बेडकर की अस्थियां एक जगह से दूसरे जगह स्थापित नहीं की जा सकती यह अस्थि कलश स्थल भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डा0 भीमराव आंबेडकर महासभा बाबा साहेब डा0 आंबेडकर के अनुयायियों का है किसी एक व्यक्ति की संपत्ति के रूप में नहीं मानी जा सकती। डॉ0 निर्मल देवारा आपको गुमराह कर सरकार को बदनाम करने की साजिश रची है। इसके पहले भी सश्री मायावती एवं अखिलेश यादव के सरकार के समय में भी इन्होंने प्रयास किया था। लेकिन वह दोनों सरकारों ने इनके साजिश को समझ गई थी कि डा0 आंबेडकर अस्थि कलश स्थल व महासभा को यहां से हटाने से पूरे देश में नए मुद्दे का जन्म देना एवं सरकार के विरुद्ध प्रदेश और देश में आक्रोश पैदा करने का गहरा षड्यंत्र है वह सरकारें जोखिम उठाना उचित नहीं समझी। जब कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंच तीर्थ स्थल को बनवाकर ऐतिहासिक स्थल घोषित की न की उस स्थान को एक से दूसरे अस्थान पर परिवर्तित कर किया गया है। 10 विधानसभा मार्ग, लखनऊ में स्थित करोड़ों-करोड़ो डॉ0 भीमराव आंबेडकर के अनुयाई?यों के श्रद्धा भावना का केन्द्र को ध्यान में रखते हुए भारत रत्न बाबा साहेब डा. बी.आर. आंबेडकर के एतिहासिक स्थल को यथा स्थिति बनाए रखने व संरक्षित करने की कृपा करें।

## पुलिस ने किया मोबाइल लूट का खुलासा

**● दो शातिर अभियुक्त फोन के साथ गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** पुलिस ने मोबाइल लूट की एक घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया वीवो मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर चांदा पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम के संयुक्त अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, 3 जून को सुबह चांदा पुलिस टीम पूनीभीमपट्टी अंडरपास के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अवनीश कुमार भारती (19 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश भारती और पंकज गौतम (18 वर्ष) पुत्र राजपति गौतम के रूप में हुई है। दोनों ग्राम शिवपुर, थाना चांदा के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मामला पिछले महीने 12 मई का है। उस दिन पलटू यादव के भाई संतलाल यादव अपने साथी प्रेमनाथ उपाध्याय (निवासी शिवपुर, थाना चांदा) के साथ सलाहपुर मंदिर भोज से पैदल अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में दो अज्ञात लड़कों ने उन्हें रोककर मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और उनका वीवो मोबाइल फोन जबरन लूट लिया था। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने थाना चांदा में मुकदमा दर्ज कराया था। इस सफल अनावरण में थाना चांदा के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा, कांस्टेबल मन्नू कुमार, राहुल पाल, स्वाट/ सर्विलांस टीम के उपनिरीक्षक शिवानंद, हेड कांस्टेबल अनुपम सिंह, इमाम हुसैन, विमलेश यादव, उपनिरीक्षक मेराज हुसैन, कांस्टेबल परवेंद्र सिंह, प्रेमदीप और सर्वजीत मौर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने चांदा पुलिस और सर्विलांस टीम की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### सांसद निधि से निर्माण हो रहे वीरा पासी भवन पर उठे सवाल

**● ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री लगाने का लगाया आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के भीर गोविंदपुर गांव में सांसद निधि से बन रहे वीरा पासी भवन के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव के लोगों और सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण में घटिया ईंट, मौरंग और अन्य सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की सांसद निधि से करीब 25 लाख रुपये की लागत से वीरा पासी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ताओं ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में अनियमितताएं सामने आती हैं तो संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन से बनने वाले सार्वजनिक भवनों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना होगा कि शिकायत की जांच कब तक होती है और इसके क्या परिणाम सामने आते हैं।

### लखनऊ में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही, सड़क के किनारे मिले तीन सौ कनेक्शन डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सड़क के किनारे बिजली के वितरण में प्रयोग में लाए जाने वाले तीन सौ डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स सड़क के किनारे पड़े होने के खलबली मच गई। बुधवार को मिले इन बॉक्स से उपकरण और तांबा निकाला गया था। अमौसी जोन के मुख्य अभियंता राम कुमार को इस प्रकरण की जानकारी ही नहीं है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं को नो ट्रिपिंग बिजली देने के लिए लखनऊ में रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) यानी बिजली सुधार योजना के तहत एरियल बंच केबल एबीसी के साथ उपभोक्ताओं के घर के सामने डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगाए गए। इन डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स से उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए गए। राजधानी में यह अधिकांश जगह देखे जा सकते हैं, लेकिन अमौसी जोन के काकोरी व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में पेटी ठेकेदार ने इनका प्रयोग काफी कम किया। काकोरी से आलमनगर के बीच पड़ने वाले शाहपुर भमरौली में बुधवार को सड़क के किनारे डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स मिले।

## ओपी राजभर से सुल्तानपुर का प्रभार वापस लिया गया

**● गिरीश चंद्र यादव नए प्रभारी मंत्री, इसौली सीट पर थी राजभर की नजर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव को सुल्तानपुर का नया प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें बुधवार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इससे पहले, कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर सुल्तानपुर के प्रभारी मंत्री थे, जिन्हें अब अंबेडकर नगर का प्रभार दिया गया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने शेष हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय में ओम प्रकाश राजभर को सुल्तानपुर से अंबेडकर नगर स्थानांतरित करने के पीछे भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि राजभर के सुल्तानपुर के प्रभारी मंत्री रहते हुए भाजपा को नुकसान हो रहा था।

**सूत्रों के अनुसार,** ओम प्रकाश राजभर ने सुल्तानपुर के प्रभारी मंत्री के रूप में अपनी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को मजबूत करने का प्रयास किया। हाल ही में उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह के पति और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह को भाजपा से सुभासपा में शामिल कराया। इस घटना को इसौली विधानसभा सीट पर सुभासपा की दावेदारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा था, जिसे भाजपा अपनी मजबूत सीट मानती है। राजभर कथित तौर पर भाजपा के सहयोगी संजय निषाद के पैटर्न का अनुसरण कर रहे थे। निषाद ने 2022 के चुनाव में सदर सीट पर अपने उम्मीदवार राज प्रसाद उपाध्याय को भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़वाकर जीत हासिल की थी। राजभर भी इसौली सीट पर इसी तरह की रणनीति अपनाने की कोशिश में थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इसौली सीट पर समाजवादी पार्टी से मात्र 300 वोटों के अंतर से हार गई थी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष, कई विधायकों और संगठन के अन्य सदस्यों ने इस स्थिति से मुख्यमंत्री सहित पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया था। इसके बाद ही राजभर को अंबेडकर नगर का प्रभार देकर गिरीश चंद्र यादव को सुल्तानपुर भेजा गया है। गिरीश चंद्र यादव की नियुक्ति को सुल्तानपुर और इसौली सीट पर बड़ी संख्या में यादव मतदाताओं के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही, पड़ोसी जिले जौनपुर में कुछ यादवों के कथित एनकाउंटर के बाद भाजपा को हुए संभावित नुकसान की भरपाई करना भी एक उद्देश्य हो सकता है।

## डीएम के निर्देश पर शहर में बनेंगे डॉग फीडिंग व एनिमल बीडिंग सेंटर

**● चारागाह होंगे अतिक्रमण मुक्त, तालाबों में भरा जायेगा पानी, खुले में मांस बिक्री व गोवंश तस्करी के विरुद्ध चलेगा अभियान तक कागजों में विकास, बिना कार्य निकाले जा रहे लाखों रुपये**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर।** निराश्रित कुत्तों व पशुओं के लिए शहर में डॉग फीडिंग व एनिमल बीडिंग सेंटर खोले जायेंगे इसके लिए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नगरपालिका व एसडीएम को जमीन खोजने के निर्देश दिए है। डीएम ने यह निर्देश एसपीसीए की बैठक में दिए है। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित एसपीसीए की बैठक में डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कि जिले के सभी चारागाह अतिक्रमण मुक्त किये जाएँ। सीडीओ विनय कुमार सिंह ने सभी तालाबों में पानी भरने के निर्देश दिए ताकि जीव जंतुओं को पेयजल की समस्या न हो। रेल व सड़क मार्ग से होने वाली दुधारू पशुओं के वध, गोवंश व अन्य पशुओं की तस्करी पर रोक लगाने ले लिए परिवहन व पुलिस विभाग को अभियान चलाने का निर्णय गया।

साथ ही पशु चिकित्सा विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग खुले में हो रहीं मांस बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंध लगाएगा. बैठक में प्रभारी सीवीओ डॉ प्रमोद कुमार शर्मा ने अवगत कराया कि एसपीसीए का बैंक खाता प्रभावी संचालन में आ गया है तथा एसपीसीए पंजीयन का नवीनीकरण कराया जा रहा है. तो डीएम ने ख़राब एसपीसीए की एम्बुलेंस को एसपीसीए के धन से एस्टीमेट बनवाकर मरम्मत कराया जाये. डीएम ने अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था एसपीसीए फण्ड से करने के साथ धन जुटाने के संसाधन विकसित करने का निर्देश भी दिया है। बैठक में डीएफओ अमित सिंह, प्रभारी सीवीओ डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी, नगर शैलेन्द्र तिवारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, लाल चन्द्र सरोज, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रमाशंकर पटेल, पीएस0ओ0 कुमार सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत व शासन स्तर से नामित गैर सरकारी सदस्य प्रशान्त द्विवेदी, प्रवीन दूबे, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, आश्रय गृह वालंटियर्स आयुष दुबे व अविता अग्रवाल सहित संगीता शुक्ला व पशुपालन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, विद्यालयों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 एवं स्वास्थ्य सेवा-102 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं से किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

### साइबर क्राइम थाना द्वारा रीड वेल लाईब्रेरी ज्ञानपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक



प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को चलाए जा रहे साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत अभिनव त्यागीपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा स्कूल,कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल लगाकर आम जनमानस को साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है । आज दिनांक 03.06.2026 को साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता का0 कन्हैया कुमार, का0 मान सिंह व का0 प्रभात चंद्र त्रिपाठी द्वारा रीड वेल लाईब्रेरी ज्ञानपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड से बचाव व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। अंजान नंबरों से आए कालों सावधानियां बरतने हेतु बताया गया तथा पंपलेट वितरित कर जानकारी दी गई। सोशल मीडिया साइटों का इस्तेमाल करते हुए विशेष सावधानी बरतने तथा अनजान नंबर से भेजें गए लिंक,क्यू स्कैनर इत्यादि को न खोलने हेतु बताया गया। व्हाट्सऐप कॉलिंग के माध्यम से पैसे की मांग करना,अनचाहे लिंक भेज कर मोबाइल हैक करना अथवा वित्तीय फ्रॉड होने की दशा में हेल्पलाइन नंबर 1930 में cyber.gov.in के बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त साइबर जागरूकता कार्यक्रम में रीड वेल लाईब्रेरीके 100 से अधिक छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनचौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

### ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को श्रद्धालुओं में बुनिया एवं शीतल जल का वितरण



**चुनार,मीरजापुर।** नगर के स्टेशन रोड़ स्थित हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से राहगीर श्रद्धालुओं में बुनिया एवं शीतल जल का वितरण हुआ। सायकांल मंदिर में पूजन, भजन कीर्तन के तत्पश्चात प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। देर रात्रि आरती होने के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान आते जाते पैदल राहगीरों के साथ ही चार पहिया दो वाहन सवार श्रद्धालुओं ने बुनिया प्रसाद ग्रहण कर शीतल जल पीकर गर्मी से राहत महसूस किया।कार्यक्रम में दीपक कुमार, सौरभ, आरव, आशीष, वैभव प्रजापति, मानिक गुप्ता, संतोष चौरसिया, मनोज प्रजापति, नान्हक जायसवाल आदि लोग सेवाभाव से लगे रहे।

# टीजीटी परीक्षा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही-** जनपद में आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने ज्ञानपुर स्थित काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा की स्थिति का अवलोकन किया तथा परीक्षार्थियों से भी संवाद स्थापित कर उनकी सुविधाओं एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा तैनात मजिस्ट्रेटों से परीक्षा संचालन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी बनाए रखी जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी अभ्यर्थियों को शांत एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध हो, जिससे वे बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रवेश व्यवस्था, पहचान पत्रों की जांच, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई तथा परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संचालित होती मिली। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक प्रथम पाली में परीक्षा में अभ्यर्थियों 2290, उपस्थित 1232, अनुपस्थित अभ्यर्थियों 1058 रहे। द्वितीय पाली में 1739 उपस्थित 1007, अनुपस्थित 732 अभ्यर्थी रहे। जनपद प्रशासन द्वारा टीजीटी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा समाप्ति तक पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अक्षुण्ण बनी रहे।

# भदोही: जंगली जानवर के हमले में मासूम की मौत का मामला पहुंचा जिलाधिकारी के पास, रिपोर्ट सौंपने के बाद आदेश का इंतजार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के बिसही (हरिहरपुर) गांव में जंगली जानवर के हमले में 5 वर्षीय मासूम पिंटू बनवासी की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। बुधवार को मौका मुआयना करने पहुंची प्रशासनिक टीम ने अपनी शुरुआती जांच पूरी कर ली है।

**टीम ने जांच कर जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट**

घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को पुलिस, राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बिसही गांव का दौरा किया था। मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय लेखपाल अजय सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ सिंह की टीम ने पूरी घटना की गहनता से जांच की और आवश्यक कागजी व कानूनी लिखा-पढ़ी तैयार की। जांच टीम द्वारा तैयार की गई इस विस्तृत रिपोर्ट को कानूनी रूप से आगे की कार्रवाई के लिए केवल जिला अधिकारी (डीएम) को भेज दिया गया है। फिलहाल जिलाधिकारी की तरफ से इस मामले में शव को कब्र से निकालने या अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं को लेकर कोई अंतिम आदेश जारी नहीं किया गया है। प्रशासन को अब जिला अधिकारी के दिशा-निर्देशों और आदेश का इंतजार है।

**आदेश के बाद आगे बढ़ेगी कानूनी प्रक्रिया**

चूंकि परिजनों ने घटना के बाद मंगलवार को ही बालक के शव को दफना दिया था, इसलिए इस मामले में बिना पोस्टमार्टम के मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी का आदेश आते ही नियमानुसार दफनाए गए शव को कब्र से बाहर निकालने, पंचनामा करने और पोस्टमार्टम की आगामी कानूनी कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा मिल सके।

**क्या थी पूरी घटना**

मूल रूप से उगापुर निवासी पिंटू बनवासी (5 वर्ष) पिछले एक साल से बिसही गांव में अपने फूफा फूलचंद बनवासी के घर रह रहा था। सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे वह घर के बाहर सो रहा था, तभी किसी अज्ञात जंगली जानवर ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचने पर जब तक ग्रामीण दौड़े, जानवर भाग चुका था, लेकिन तब तक मासूम गंभीर रूप से घायल हो चुका था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**वन विभाग की टीमें तैनात**

वन रेंजर सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमलावर जानवर की पहचान के लिए वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार छानबीन कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल से वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र सोनकर, कांस्टेबल चंदन तथा महिला आरक्षी आरती गांव में मुस्तैद हैं और ग्रामीणों से लगातार सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# थाना कछवां पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मीरजापुर।** थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 31.05.2026 को वादी रमाशंकर पुत्र खरपत्तु निवासी विदापुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध पुरानी रंजिश व पारिवारिक विवाद में वादी के भाई व पिता को गंभीर रूप से मार-पीट कर घायल करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । इलाज के दौरान घटना में घायल वादी के भाई प्रेमशंकर की मृत्यु हो गयी । उक्त के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-118/2026 धारा 115(2), 351(2), 3(5),110,118(1),103(1),333,352 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित सभी अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कछवां को निर्देश दिए गए उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पूर्व में 06 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा जा चुका है । थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम

# वारण्ट जारी होने के उपरान्त भी मा0न्यायालय के समक्ष हाजिर न होने पर थाना को0देहात पुलिस द्वारा की गयी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध जनपद में समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने तथा मा0न्यायालय द्वारा जारी सम्मन/वारण्ट तथा कुर्की की उद्घोषणा आदि की कार्यवाही शत प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसके साथ ही पंजीकृत अभियोगों के सफल अभियोजन एवं अभियुक्तों को गिरफ्तार किये जाने हेतु नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी करायी जा रही है थाना को0देहात जनपद मीरजापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-76/2026 धारा-115(2), 352(2), 87,69 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विशाल चौहान पुत्र महंगु चौहान निवासी छोटी बारी भरूहना थाना को0 देहात जनपद मीरजापुर के विरूद्ध मा0न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में 84 बीएनएसएस की कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक परमहंस कुमार चौकी प्रभारी भरूहना थाना को0देहात मय पुलिस टीम द्वारा मुनादी करा कर, सार्वजनिक स्थान एवं अभियुक्त के घर के बाहर नोटिस चस्पा किया गया तथा आस-पास के लोगों को भी इस बारे में अवगत कराया गया यदि उपरोक्त अभियुक्त मा0न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होते हैं तो शीघ्र ही इनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी ।

# जनसुनवाई में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

● प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में शिथिलता पर तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी विभाग अपने यहां प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता दें तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग में शिकायतों की पेंडेंसी पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतें सुनने तथा उनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह समय आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित किया गया है, इसलिए इसका कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ अधिकारी जनसुनवाई की निर्धारित अवधि के दौरान कार्यालय में उपस्थित न रहकर अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जबकि ऐसे कार्य जनसुनवाई के उपरांत भी किए जा सकते हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपदीय अधिकारियों को प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में स्वयं उपस्थित रहने, आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल शासन की मंशा पूर्ण होगी, बल्कि आमजन को भी समयबद्ध राहत एवं न्याय प्राप्त हो सकेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से संवेदनशीलता, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसकी प्रभावशीलता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसुनवाई में किसी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह- जनपद में 18 स्थलो पर होगा योग का कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। आम जन को मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थ्यता बनाने रखने के उद्देश्य से योग को अपने जीवन में प्रतिदिन अपनाए जाने हेतु आगामी दिनांक 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक योग सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग सप्ताह एवं 21 जून 2026 को मुख्य कार्यक्रम की तैयारियो के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियो व स्वंय सेवी संगठनो के पदाधिकारियो के साथ बैठक आहूत कर योग सप्ताह एवं 21 जून 2026 को मुख्य कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी श्रीकान्त रजक को निर्देशित करते हुए कहा कि योग सप्ताह के लिए जनपद में उचित स्थल का चयन करते हुए सूची मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार को उलपब्ध कराई जाए। 15 जून 2026 को जनपद मुख्यालयो, तहसीलो, ब्लाको एवं ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन कर शुभारम्भ किया जाए। जिनमें जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण को भी आमंत्रित कर उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सहित अन्य विभागो से समन्वय स्थापित कर उनका महत्वपूर्ण सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से पूर्व समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगर निकायो में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए। योगाभ्यास के लिए स्थल के चयन में जनपद के प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थलो, ऐतिहासिक महत्व के स्थलो प्रमुख नदियो, झीलो, तालाब एवं अमृत सरोवर के किनारे तथा प्रमुख नैर्सिग सौंदर्य से परिपूर्ण स्थलो को प्रमुखता दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि जिन संस्थाओ, कालेजो, विभागो, ग्राम पंचायतो आदि द्वारा योग कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वाधिक योगाभ्यासियो को प्रतिभाग कराया जाए तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाए सभी आयोजन स्थल पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला आयूर्वेदिक अधिकारी श्रीकान्त रजक ने बताया कि विभाग की तरफ से 45 योग प्रशिक्षिको को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया है इसके अलावा गैर सरकारी संस्थाओ को भी प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। जनपद क तहसील मुख्यालय ब्लाक मुख्यालय सहित 18 स्थलो पर कार्यक्रम योग सप्ताह के अन्तर्गत सम्पन्न कराए जायेगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियो स्वंय सेवी संगठनो के प्रतिनिधियो को योगाभ्यास भी कराया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव, जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के समस्त चिकित्सक व योग प्रशिक्षक के अलावा स्वंय संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जिगना में फिर एक युवक का नशा के चलते मौत

● जिगना थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में युवक की संदिग्ध मौत।

● लोगों ने बताया नशे का आदी था युवक।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिर्जापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी अजीत कुमार (35 वर्ष) पुत्र सीताराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने क्षेत्र के एक मेडिकल संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया, जबकि मेडिकल संचालक ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि युवक पहले से ही नशे की हालत में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत कुमार को नशे की लत थी। बताया जा रहा है कि वह घूमते-घूमते कुशहा चौराहे स्थित राजेश मेडिकल पर पहुंचा था, जहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने जांच के बाद अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि तीन दिन पहले उसकी मां से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। उन्होंने यह भी बताया कि वह सात माह की गर्भवती हैं। घटना के बाद परिजनों ने मेडिकल संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। वहीं राजेश मेडिकल के संचालक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि युवक पहले से ही नशे की हालत में उनके मेडिकल स्टोर पर आया था तथा वहां उसका कोई इलाज नहीं किया गया था। मृत्यु के कारणों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। बताया गया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने घर ले गए। फिलहाल युवक की मौत को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कुशहा गांव में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया आरोप, मेडिकल संचालक ने किया खंडन

## ड्रमड़गज क्षेत्र में हो रहा है अवैध मादक पदार्थो की बिक्री स्थानीय प्रशासन मौन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमडगंज क्षेत्र में हो रहा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री शिकायत के बाद भी नही हुआ कोई कार्यवाही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया। की जगह-जगह पर मादक पदार्थों की बिक्री किया जा रहा है।नवयुवकों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है स्थानीय प्रशासन मुगदर्शक बनी हुई है जबकि हर व्यक्ति को पता है। मादक पदार्थ कहां मिलता है ड्रमड़गज कस्बे से लेकर भैसोड़ बलाय पहाड़ रतेह चौराहा सहित पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन मौन बैठे है। अवैध कारोबारीयों पर नहीं कसा जा रहा। नकेल पूरे क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ को लेकर लोगों में आक्रोश प्राप्त है। कई एक बार शिकायत के बाद भी नहीं खुला प्रशासन की नींद। जिससे लोग मजबूर होकर घर बैठ गए जबकि थाना क्षेत्र से चंद कदम की दूरी पर भी मादक पदार्थ खुलेआम बेचा जाता है लेकिन स्थानीय प्रशासन के कान में जू तक नहीं रेगता। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जितना अवैध काम होता है सब मादक पदार्थ के कारण ही होता है क्षेत्र में आए दिन । चोरी जैसी वारदात होता रहता है सिर्फ नशे को लेकर नशे का लत लोगों को बर्बादी की ओर ले जा रहा है साथ ही साथ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सिर्फ मादक पदार्थ को लेकर आए दिन घटनाएं दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन में मांग करना चाहते हैं कि ड्रमड़गज थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री बंद कराया जाए जिससे क्षेत्र सुरक्षित रह सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से जुड़े केस में 23 साल का वांछित गिरफ्तार , पुलिस ने न्यायालय भेजा




**महराजगंज ब्यूरो।** एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के वांछित गिरफ्तारी अभियान के तहत ठूठीबारी पुलिस ने एक और वांछित को दबोच लिया। मु0अ0सं0 65/2026 में फरार चल रहे गोविन्द गुप्ता को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया । क्या है पूरा मामला ? थाना ठूठीबारी में दर्ज केस में आरोपी पर दो गंभीर धाराएं लगी हैं । धारा 137(2) क्न्हस्र 18 साल से कम उम्र के नाबालिग का अपहरण बहला-फुसलाकर ले जाना। जिसमें सजा 10 साल तक जेल और जुर्माना। धारा 87 क्न्हस्र नाबालिग को खरीदना, बेचना या किसी भी तरीके से शोषण के लिए ले जाना। जिसमें सजा 7 साल से 14 साल तक जेल और जुर्माना है। दोनों धाराएं नाबालिग की सुरक्षा से जुड़ी हैं। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था। कैसे पकड़ा गया ? 03 जून को ष्टह्र निचलौल के पर्यवेक्षण में उ0नि0 मनीष कुमार तिवारी और हे0का0 उदयमान कुमार की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी की। आरोपी गोविन्द गुप्ता को लक्ष्मीपुर खुर्द इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### अमरमणि की संपत्तियों और उनकी आपराधिक कुंडली पर सरकारी एजेंसियों की नजर कस सकता है शिकंजा

**महराजगंज/लखनऊः** हिंदू युवा वाहिनी की पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय की शिकायत ने तहलका मचा दिया है। शिकायती पत्र मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और अब अमरमणि त्रिपाठी के काले कारनामों का चिठ्ठा खोलने में जुट गया है।

**क्या है पूरा मामला ?**

नरसिंह पाण्डेय ने उच्च अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र के बाद सरकारी एजेंसियों ने अमरमणि के आपराधिक इतिहास की पूरी कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा भी जुटाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जल्द ही बड़ा खुलासा होगा।कूट रचित दस्तावेजों से ली गई मान्यता? सबसे सनसनीखेज आरोप यह है कि अमरमणि ने अपने रसूख का इस्तेमाल कर फर्जी दस्तावेजों के दम पर कई संस्थाओं की मान्यता हासिल की है। शिकायत में दावा किया गया है कि इस पूरे खेल में तमाम कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत है। अगर जांच में ये आरोप सही पाए गए तो कई बड़े नामों पर गाज गिरना तय है। प्रशासन सख्त, जल्द आएंगे नतीजे ? शिकायत के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। अमरमणि की एक एक संपत्ति और आपराधिक रिकॉर्ड की परत दर परत जांच की जा रही है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर न सिर्फ मान्यता रद्द होगी, बल्कि शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।अब सबकी नजरें जांच रिपोर्ट पर अमरमणि त्रिपाठी पहले से ही विवादों में रहे हैं। अब नई शिकायत के बाद एजेंसियों की रडार पर आ गए हैं। इस कार्रवाई से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। देखना होगा कि जांच में क्या निकलकर सामने आता है।

### टीबी मरीजों को प्राचार्य ने बांटी पोषण पोटली, नियमित दवा लेने की किया अपील

**देवरिया।** विश्व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज में टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल एवं सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने मरीजों को पोषण पोटली प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से दवा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी जरूर है, लेकिन नियमित दवा और संतुलित पोषण से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों से अपील की कि दवा का एक भी दिन गैप न करें और हमेशा मास्क का प्रयोग करें ताकि संक्रमण का खतरा कम हो सके। सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने कहा कि मरीजों को समय पर उपचार और पोषण उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पोषण पोटली का उद्देश्य मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। प्राचार्य ने मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टरों से भी अपील किया कि वे कम से कम एक-एक टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराएं और नियमित रूप से उनका हालचाल लें। कार्यक्रम में डॉ. रंजीत कुशवाहा, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, मान्धाता सिंह, डॉ. एस.एस. द्विवेदी सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं और सड़क परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने किया समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। मंगलवार को विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित होम विजिट करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष बल दिया। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले सत्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पोर्टल पर अनुपस्थित पाए गए सीएचओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आरबीएसके टीमों को सक्रियता के साथ कार्य करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने बरसात से पहले प्रमुख परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी परियोजनाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समय सीमा में पूरी की जाएं। बैठक में राम-जानकी मार्ग, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग, सलेमपुर बाईपास, देवरिया बाईपास और तमकुहीराज-मझौली मार्ग निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को अंश निर्धारण और जमीन का चिन्हांकन जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में बिना अनुमति अनुपस्थित रहना कतई स्वीकार्य नहीं है। दोनों बैठकों में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी ने खरीफ उत्पादन बढ़ाने का दिया मंत्र, गोरखपुर में कृषि विकास की नई रणनीति पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में मंगलवार को गोरखपुर में आयोजित मण्डलीय खरीफ उत्पादन गोष्ठी महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री Yogi Adityanath ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का गहन अवलोकन किया और किसानों के हित में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्टालों पर प्रदर्शित आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, सिंचाई संसाधनों, जैविक खेती और कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी जानकारियों को देखा तथा अधिकारियों से किसानों को मिल रहे लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कृषि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक खेती, तकनीकी नवाचार तथा सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। गोष्ठी के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। साथ ही जैविक खेती और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित कर उत्पादन लागत कम करने तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने की रणनीति अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री Surya Pratap Shahi भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की। गोष्ठी में गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ़ मंडल के कृषि अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन, उर्वरक एवं बीज उपलब्धता, कीट प्रबंधन तथा मौसम आधारित खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। किसानों को नवीन कृषि उपकरणों एवं तकनीकों का प्रदर्शन कर आधुनिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यमंत्री के दौरे से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। किसानों ने विभिन्न योजनाओं और तकनीकी नवाचारों की जानकारी प्राप्त कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के सुझाव लिए। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की गोष्ठियां किसानों और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बन रही हैं, जिससे प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

# व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए खजनी में होगा जीएसटी संवाद कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर,** राज्य कर विभाग, गोरखपुर द्वारा व्यापारियों, उद्यमियों एवं करदाताओं को जीएसटी के नवीन प्रावधानों से अवगत कराने तथा उनकी समस्याओं एवं शंकाओं के समाधान के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे खजनी क्षेत्र के बिहारी बुजुर्ग में आयोजित होगा उप आयुक्त राज्य कर, खंड-7 गोरखपुर ऋषि भूषण पाठक ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों एवं उद्यमियों को जीएसटी 2.0 के नए प्रावधानों, जीएसटी पंजीकरण से जुड़े नवीनतम नियमों तथा कर व्यवस्था में हुए बदलावों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रतिभागियों की समस्याओं और शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य कर विभाग का उद्देश्य व्यापारिक समुदाय को कर संबंधी नियमों के प्रति जागरूक बनाना, कर अनुपालन को सरल करना तथा राज्य के राजस्व में वृद्धि के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विभाग और व्यापारिक वर्ग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारी, पुरुष एवं महिला उद्यमी, अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कर सलाहकार तथा मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे। राज्य कर विभाग ने सभी संबंधित लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर जीएसटी संबंधी नवीन जानकारियों का लाभ उठाने की अपील की है। उप आयुक्त राज्य कर ऋषि भूषण पाठक ने कहा कि संवाद और जागरूकता के माध्यम से करदाताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है तथा इससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सुगौना गांव में दस दिन से अटकी बिजली आपूर्ति, ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कराया समाधान की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हरपुर-बुदहट सहजनवा।** सुगौना गांव (गंगटही कटसहरा फीडर) में लगभग दर्जनों घरों की बिजली आपूर्ति तेज आंधी-बरसात में पोल और तार टूटने के बाद दस दिन से बाधित है। लगातार शिकायतों के बावजूद उपकेंद्र के कर्मचारियों की नीयत पर ग्रामीण असंतुष्ट रहे, जिससे बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने अमर शहीद मूर्ति के पास प्रदर्शन कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अजय यादव ने कहा कि भीषण गर्मी व उमस में विभाग की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी; केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का तत्काल निवारण नहीं हुआ तो और व्यापक आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में अनिल मद्धेशिया, अविनाश चौरसिया, विकास कुमार, आर्यन कुमार, संदीप कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे। वहीं, अवर अभियंता रविन्द्र कुमार चौबे ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मंगलवार शाम संविदाकर्मियों ने एक टूटे पोल को गाड़कर तार टाइट किए थे, लेकिन इसी दौरान दूसरा पोल टूट गया। उन्होंने कहा कि आज टूटे हुए पोल को गाड़ कर शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर, महंगाई और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संगठन मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई से आम जनता परेशान है। खाद्य पदार्थों एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार जनता को राहत देने में विफल रही है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं, किसानों, व्यापारियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार संवेदनशीलता दिखाने में असफल रही है। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान अरविन्द शाही, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, सुनील कुमार तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, मार्कण्डेय मिश्रा, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर, शिव शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोचिंग से लौट रहे भाई-बहन पर हमला, ईंट से वार कर किया लहूलुहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोरखपुर,** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरखास में कोचिंग से घर लौट रहे भाई-बहन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में दोनों घायल हो गए, जबकि युवक के सिर पर ईंट से हमला किए जाने के कारण उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर गोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गौरखास निवासी रामवृक्ष पुत्र स्वर्गीय जगन ने थाना गोला में दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह करीब नौ बजे उनके नाती अमन पुत्र विजयानंद उर्फ बब्लू और नतनी अल्का पुत्री विजयानंद उर्फ बब्लू कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही मनीष पुत्र हरिराम गौतम, दीपक, सोनू पुत्रगण श्रीनिवास, गीता पत्नी श्रीनिवास तथा कुछ अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया। तहरीर के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद विवाद बढ़ गया और आरोपितों ने अमन तथा अल्का के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने अमन के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। भाई को बचाने पहुंची अल्का को भी कथित रूप से पीटकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। परिजनों का कहना है कि सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए भेजा। पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना की जानकारी मिलने पर डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। वहीं जाते समय आरोपितों ने पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना गोला पहुंचकर नामजद आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी गोला चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 115(2) एवं 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की

# तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन तेज, 5 जून को जिला भर के बार संघों से सहयोग की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर।** तहसील वार एसोसिएशन खजनी की साधारण सभा की बैठक बुधवार को अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री चन्द्रमौली कुमार शर्मा ने किया। बैठक में तहसीलदार खजनी के कार्य व्यवहार, न्यायिक प्रक्रिया तथा अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर किए जा रहे असंसदीय व्यवहार को लेकर व्यापक चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार द्वारा नियमों के विपरीत कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में विशेष रूप से 23 जनवरी 2026 को नियत एक वाद की सुनवाई 22 जनवरी को किए जाने के मामले का उल्लेख किया गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि विरोध दर्ज कराने पर उनके साथ असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे पूरे बार संघ में नाराजगी व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार कर रहे हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि तहसीलदार के कार्यकलापों की शिकायत को लेकर प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद के अध्यक्ष, गोरखपुर मंडल के आयुक्त तथा क्षेत्रीय विधायक से मिल चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की मांगों और शिकायतों के समाधान के लिए 4 जून को एक प्रतिनिधिमंडल जिले के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 5 जून को जिले के सभी बार एसोसिएशनों से न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की जाएगी। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष महेश दुबे, कृष्ण कुमार सिंह, कृष्णानंद शुक्ल, पूर्णमासी यादव, पलटराज, रमाकांत प्रसाद सहित विनोद पांडेय, उमेश दुबे, अच्युतानंद मिश्र, दीपक मिश्रा, दयानाथ दुबे समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित

# रॉन्ग साइड से आई एक्सयूव्ही कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में झरर घाट पुलिस चौकी के सामने एक तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूव्ही 700 कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक कई फीट दूर जा गिरा, उसका दाहिना पैर दो स्थानों से टूट गया और सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मध्य प्रदेश के शिवपुरी के ग्राम गूगरी निवासी अशोक रजक पुत्र चन्ना रजक ने बताया कि वह अपनी पत्नी गुडडन के साथ 26 मई को अपनी पुत्री संतोषी के घर वर्मा विहार आए थे। अगले दिन 27 मई की शाम करीब 5.30 बजे दोनों मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। वह झरर घाट पुलिस चौकी के सामने पहुंचे तो सड़क पर यातायात अधिक होने के कारण उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे रोक दी। उनकी पत्नी सड़क पार कर दूसरी ओर खड़ी हो गई। इसी दौरान परिचित सुखनंदन पुत्र रामदयाल निवासी वर्मा विहार उनसे बातचीत करने लगे। तभी झांसी की ओर से गलत दिशा में तेज गति से आ रही महिंद्रा एक्सयूव्ही 700 कार (यू.पी.94 ए.के. 8119) ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अशोक गंभीर रूप से घायल होकर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पत्नी गुडडन के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल अशोक को तत्काल सीएचसी तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनके दाहिने पैर में दो स्थानों पर फ्रैक्चर तथा सिर में गंभीर चोट होने की पुष्टि की। हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि क्षतिग्रस्त वाहन घटनास्थल पर ही मिला। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार संख्या के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गौ सेवा में समर्पित महात्मा अघट युक्ति आनंद, अखंड धाम आश्रम बना प्रेरणा का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** नगर के टीकमगढ़ रोड स्थित श्री अखंड धाम आश्रम में गौ सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिल रहा है। आश्रम में निवासरत महात्मा अघट युक्ति आनंद गौमाता की सेवा को मातृ सेवा के समान मानते हुए पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ उनका पालन-पोषण कर रहे हैं। आश्रम में गौवंश के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित आवास, पौष्टिक आहार तथा शुद्ध पेयजल कूलर व संगीत की समुचित व्यवस्था की गई है। महात्मा जी स्वयं प्रतिदिन गायों को चारा खिलाने, उनकी देखरेख करने तथा गौशाला की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय रहते हैं। विशेष रूप से वे गायों की नियमित मालिश कर उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हैं। महात्मा अघट युक्ति आनंद की सेवा भावना से प्रभावित होकर आश्रम आने वाले श्रद्धालु इसे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण मानते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनकी गौ सेवा समाज में करुणा, संवेदना और जीवों के प्रति दया का संदेश प्रसारित कर रही है तथा गौ संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

### दलित नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगाने के प्रयास का आरोप, युवक पकड़कर पुलिस के हवाले

**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के प्रयास का मामला सामने आया है। सूचना पर ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, बहराइच निवासी मुख्तार, जो दिल्ली में कपड़ा सिलाई का काम करता है, बुधवार दोपहर गांव पहुंचा था। आरोप है कि उसने गांव की ही आफरीन, शोयब और सुफियान की मदद से उनकी नाबालिग पुत्री को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और कुछ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी युवक को सिंगाही पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री नाबालिग है उसे शादी के लिए दबाव भी बनाया जा रहा था। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम् कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली में बनेगा नया 'स्मार्ट हब': 445 करोड़ बंटे, दिल्ली और पीलीभीत रोड पर बसेंगी 2 शानदार टाउनशिप



**बरेली।** शहर के सुनियोजित विकास को गति देने और उद्यम को बढ़ावा देने को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की प्रस्तावित महादेवपुरम आवासीय योजना और इंडस्ट्रियल टाउनशिप की भूमि खरीद तेज हो गई है। बीडीए ने दोनों परियोजना के लिए 115 हेक्टेयर से अधिक भूमि खरीद पूरी कर ली। इसके लिए 445 करोड़ से अधिक का मुआवजा भी किसानों को बांट दिया गया। दावा किया जा रहा है कि जून के अंतिम सप्ताह तक इंडस्ट्रियल टाउनशिप की भूमि खरीद पूरी कर ली जाएगी। बीडीए की ओर से रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के विकास बाद दो और योजनाओं का विकास किया जा रहा है। इसमें दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाइपास व बरेली-पीलीभीत राजमार्ग से सटे नौ गांव-में कुम्हरा, नवदिया कुर्मियान, अडूपूरा जागीर, बरकापुर, कलापुर, हरिहरपुर, अहलादपुर आसपुर खूबचंद्र व मोहरनियां 267 हेक्टेयर में विकसित की जा रही है। इसके लिए 11 हेक्टेयर भूमि पुनर्ग्रहण और 256 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति से क्रय की जा रही है। बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन ए. के अनुसार मंगलवार तक 424.36 करोड़ रुपये से 78 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। इस योजना में 45 मीटर व 30 मीटर जोनल रोड का प्रविधान है। आंतरिक सड़कें भी 18 मीटर चौड़ी है। योजना के अंदर ही 132 केवीए का बिजली उपकेंद्र भी प्रस्तावित है। योजना में एम्यूजमेंट पार्क व कम्युनिटी सेंटर भी विकसित किये जायेंगे।

### सांप के डंसने से मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**गोण्डा।** जिले के राजापुर गांव में एक दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय मासूम को जहरीले सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार राजापुर गांव निवासी मायाराम का तीन वर्ष एक माह का पुत्र मानस घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक जहरीला सांप वहां पहुंच गया और उसने मासूम को डंस लिया। सांप के काटते ही बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। रोने की आवाज सुनकर परिजन बाहर पहुंचे तो देखा कि बच्चे को सांप ने काट लिया है।परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।मृतक की मां ने बताया कि बच्चे को दूध पिलाकर कपड़े पहनाने के बाद वह घर के बाहर खेलने गया था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब वे बाहर पहुंचे तो देखा कि सांप उसे काटकर बिल में चला गया था।

# नाबालिग किशोरी को भगाने के प्रयास का आरोप, ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और परिजनों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक दलित परिवार की नाबालिग किशोरी को कथित रूप से बहराइच जनपद निवासी मुख्तार, जो दिल्ली में कपड़ा सिलाई का कार्य करता है, अपने कुछ सहयोगियों की मदद से दोपहर करीब 12 बजे गांव से ले जाने का प्रयास कर रहा था। आरोप है कि इस कार्य में गांव की ही आफरीन पुत्री चुन्ना, शोयब तथा सुफियान ने सहयोग किया।

घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों ने घेराबंदी कर संबंधित युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी युवक को सिंगाही पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी उसकी पुत्री पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहा था। उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम् कुमार ने बताया की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 'आउटरीच कैंप' (स्वास्थ्य शिविर) का सफलतापूर्वक आयोजन



आज दिनांक 03 जून 2026 को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बरवा भदोही द्वारा ग्राम भगवानपुर में 'आउटरीच कैंप' (स्वास्थ्य शिविर) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार के विशेष दिशा-निर्देशों पर ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ चिकित्सा सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ नीलिमा यादव एवं फार्मासिस्ट श्री राजेश कुमार सिंह तथा योग प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहें। । शिविर के दौरान भदोही के इस ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, स्वास्थ्य जाँच , योग, रितुचर्या दिनचर्या के बारे में बताया गया एवं आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियाँ वितरित की गई।

## 3 किलो से अधिक अफीम के साथ 6 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, निघासन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**निघासन खीरी।** कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 किलो 24 ग्राम अवैध अफीम के साथ छह अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये तथा भारतीय बाजार में लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सहतेपुरवा मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध कार संख्या क्र31 ष्ट 1123 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वाहन सवार युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी छह आरोपियों को दबोच लिया।

तलाशी के दौरान कार से दो पैकेटों में रखी 3 किलो 24 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। साथ ही आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार सभी आरोपी तिकुनिया क्षेत्र के निवासी हैं।

क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तस्करी गिरोह के तार पंजाब, बिहार और इंडो-नेपाल बॉर्डर से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। पुलिस बरामद मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को निघासन पुलिस की नशा तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## भारत विकास परिषद छोटी काशी गोला ने आयोजित किया पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** दिनांक 3 जून 2026 दिन बुधवार को एस डी इंटरनेशनल स्कूल घरथनिया खीरी में पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करने के पश्चात किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अनिल सिंह प्रवक्ता (कृषक समाज इण्टर कालेज) ने पर्यावरण जागरूकता पर जोर देते हुए पॉली बैग प्लास्टिक के ग्लास और अन्य वस्तुओं को जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उनका प्रयोग नहीं किया जाए। अत्यधिक पौधों का रोपण किया जाए पानी बचाया जाए आदि विषयों पर जोर देते हुए। बच्चों को जागरूक किया। पर्यावरण गतिविधि प्रमुख डॉ योगेश कन्नौजिया असिस्टेंट प्रोफेसर सी जी एन पी जी कॉलेज गोला गोकर्णनाथ खीरी ने कहा कि हम सभी लोगों नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वय से प्लास्टिक से निर्मित बैग ग्लास कटोरी थाली बोटल आदि के प्रयोग को बंद करना होगा। और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनुज खरे , सचिव मनोज वर्मा कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा ( डायरेक्टर न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस गोला गोकर्णनाथ खीरी) एवं सदस्य आदर्श जायसवाल, शैलेन्द्र वर्मा अजय गुप्ता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती योगवती वर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक उपेन्द्र कुमार छत्रपाल वर्मा विद्यार्थी गण एवं ग्रामीणवासी गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया।

### फर्जी आईएएस गिरफ्तार एम काम पास ठग ने पावर दिखाकर ठगे 63 लाख , बोला- मंत्री जी के साथ डायरेक्ट उठता-बैठता हूं

**महराजगंज ब्यूरो।** ठूठीबारी पुलिस ने नौकरी के नाम पर महाठगी करने वाले शातिर को दबोच लिया। खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताकर बेरोजगारों को जाल में फंसाने वाला विनीत कुमार सिंह 63 लाख की ठगी कर फरार था। सीओ निचलौल की निगरानी में थाना ठूठीबारी प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह की टीम ने उसे घेर लिया। मु0अ0सं0 77/2026 के आरोपी विनीत का तरीका था .फर्जी पहचान कभी आईएएस कभी विभाग का डायरेक्टर तो कभी सीएम ऑफिस का ओएसडी बताता था .पावर शो 3 आधार कार्ड, फर्जी डीएल , महंगे वन प्लस फोन से कॉल कर ऊपर तक सेटिंग का दावा और झासा में लेखपाल, पुलिस, सचिवालय में नौकरी पक्की के नाम पर बस 5 लाख दो, 2 महीने में जॉइनिंग लेटर घर आएगा। महराजगंज, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर के बेरोजगार युवा को भी छोड़ा। बताते चले कि 63 लाख वसूलने के बाद मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। मुखबिर ने दिया लोकेशन 0 2 जून को उ0नि0 रमेश पुरी को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ठूठीबारी में किसी नए शिकार से मिलने आया है।

## पुलिस मुठभेड़ में 5 शातिर बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नीमगांव खीरी।** जनपद खीरी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नीमगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले पांच शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेंद्र यादव के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को अल्हवापुर पुल के पास संदिग्धों की घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में अभियुक्त मौजीराम के पैर में गोली लग गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मौजीराम, सुमित प्रजापति, आलोक कुमार, अभय प्रताप सिंह तथा सर्वेश राठौर शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, एक मोटरसाइकिल इंजन, चार मोबाइल फोन, दो क्षतिग्रस्त मोबाइल तथा 5300 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सुनसान स्थानों पर शराब दुकानों के सेल्समैन और राहगीरों को निशाना बनाकर लूट एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनसे पूछताछ में सीतापुर और खीरी जनपद में हुई कई घटनाओं का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थाना रामकोट, पिसावा (सीतापुर) तथा नीमगांव (खीरी) में दर्ज तीन मामलों का अनावरण हुआ है। बरामदगी एवं मुठभेड़ के संबंध में थाना नीमगांव पर संबंधित धाराओं में नया मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम सहित बेहजम चौकी प्रभारी संदीप यादव एवं थाना नीमगांव की पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवा खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी! बलरामपुर में बनेगा मिनी स्टेडियम, शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी

- बलरामपुर के तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के बरदौलिया में बहुप्रतीक्षित मिनी स्टेडियम के लिए जमीन युवा कल्याण विभाग के नाम दर्ज हो गई है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** विधान सभा तुलसीपुर के बरदौलिया में बहुप्रतीक्षित मिनी स्टेडियम के लिए चिंहित जमीन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के नाम से दर्ज कर दी गई है। इसके निमार्ण को लेकर विभाग ने निदेशालय को प्रस्ताव भेजा है। शासन से कार्यदायी संस्था का चयन होने पर स्टेडियम का निमार्ण शुरू होगा। शहर की तरह गांव के बच्चे भी स्टेडियम में अभ्यास कर सके। जिले के सभी चारो विधान सभा में एक-एक स्टेडियम निमार्ण कराया जाना है, विधान सभा गैसड़ी में के ग्राम पंचायत इमलिया कोडर में पहले से ही स्टेडियम बना हुआ है।

**स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार**

करीब दो वर्ष पूर्व में विधान सभी तुलसीपुर के बरदौलिया में मिनी स्टेडियम निमार्ण के लिए जमीन चिंहित किया गया था। लेकिन विभाग के नाम से जमीन न होने स्टेडियम निमार्ण की मंजूरी विभाग को नही मिल पा रही थी। जिलाधिकारी के अनुमोदन में तीन एकड़ बजर जमीन विभाग के नाम से दर्ज की गई है।

वहीं अभी विधान सभा उतरौला व बलरामपुर में जमीन नही मिल सकी है। युवा कल्याण अधिकारी शक्ति मिश्र ने बताया कि मिनी स्टेडियम के लिए चिंहित जमीन डीएम के अनुमोदन के उपरांत विभाग के नाम से दर्ज की गई है। स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय का भेजा गया है। वहां से कार्यदायी संस्था चयन कर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बताया कि विधान सभा उतरौला व बलरामपुर में अभी जमीन का चयन नही हो सका है। इसके लिए संबंधित उपजिलाधिकारी को कई बार पत्र भी जारी किया जा चुका है। गैसड़ी के इमलिया कोडर में मिनी स्टेडियम संचालित है। वहां पर बच्चों को अभ्यास कराने के लिए राजेंद प्रसाद को कोच के रुप में मुख्य विकस अधिकारी हिमांशु गुप्त के अध्यक्षता में चयन किया गया है।

# बरेली में आसिफ ने युवती का किया पीछा, हवालात से लंगाड़ते हुए निकला बाहर



- आसिफ ने हिंदू छात्रा का पीछा कर अश्लील इशारे किए।
- कैंट पुलिस ने आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर लिया।
- हवालात से लंगड़ाते हुए निकलने का वीडियो वायरल।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** पिता को चाबी देकर लौट रही हिंदू छात्रा का पीछा कर अश्लील इशारे करने वाले आसिफ को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के लिए जब उसे हवालात से निकाला तो वह लंगड़ाते हुए निकाला। पुलिस के मुताबिक, युवती ने बताया कि उसके पिता फौज में तैनात हैं। वह स्नातक तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि, 22 मई को उनके पिता जब ड्यूटी गए थे तो चाबी घर पर ही भूल गए। इसके बाद वह उन्हें उनके कार्यस्थल पर चाबी देने के लिए गई थी।

आरोप है कि लौटते वक्त रास्ते में सेंट मारिया स्कूल के पास एक युवक ने उन्हें गंदे इशारे किए और पीछा किया। आरोप है कि उस वक्त वह उसे पहचान नहीं पाई तो आरोपित ने घर तक उनका पीछा किया। कुछ दिनों बाद वह युवक उन्हें फिर से दिखाई दिया तो उन्होंने पीछा कर उसका पता लगाया। पता चला कि वह सदर में नाइट एंगल स्कूल के पास रहने वाला आसिफ है।

मामले में युवती ने 29 मई को आरोपित आसिफ के विरुद्ध कैंट थाने में प्राथमिकी लिखाई। पुलिस ने आरोपित आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद जब उसे कोर्ट में पेश करने के लिए हवालात से निकाला तो वह लंगड़ाते हुए निकला। उसके लंगड़ाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

## टीजीटी परीक्षा में बड़ी चूक: फर्रुखाबाद के विमल की जगह बैठा आजमगढ़ का साल्वर, ऐसे खुली पोल

कॉलेज प्रबंधन की ओर से लिखवाई जाएगी प्राथमिकी



**बरेली।** ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) की परीक्षा में आजमगढ़ का साल्वर पकड़ा गया है। कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जिले में टीजीटी की परीक्षा चल रही है। इसके लिए इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज को भी सेंटर बनाया गया है। यहां पर फर्रुखाबाद निवासी विमल प्रताप सिंह नाम के अभ्यर्थी का सेंटर पड़ा था। पहली पाली की परीक्षा में विमल के स्थान पर एक सॉल्वर बैठ गया। परीक्षा ड्यूटी में लगे शिक्षकों को कुछ संदेह हुआ तो उन्होंने पूछताछ शुरू की। गहनता से जांच में वह सॉल्वर निकला। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद यादव बताया। उसने बताया कि वह आजमगढ़ का निवासी है। प्रमोद से उसने परीक्षा में पास कराने की डील की थी। कोतवाली पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपित के विरुद्ध कॉलेज प्रबंधन की तरफ से प्राथमिकी लिखाई जाएगी।

## भरण-पोषण से बचने को पति ने चली 'दानपत्र' की चाल, कोर्ट ने माना फर्जीवाड़ा, जमीन होगी नीलाम

- कोर्ट ने संपत्ति नीलामी का दिया आदेश, संभल और इज्जतनगर थाना क्षेत्र का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** इंसाफ की उम्मीद लेकर अदालत पहुंची महिलाओं के लिए यह एक बेहद सुकून देने वाली खबर है। पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के अधिकार को कोई भी छल फरेब से छीन नहीं सकता। इस बात पर कोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। यह पूरा मामला बरेली और संभल जिलों से जुड़ा हुआ है। इज्जतनगर के आलोक नगर निवासी विवाहिता और संभल के कैला देवी थाना क्षेत्र निवासी युवक का वर्ष 2019 में विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों पक्षों के बीच तकरार शुरू हो गई। आरोप है कि जून 2020 में विवाहिता को उसके छोटे बच्चे के साथ घर से निकाल दिया।

मजबूर महिला ने कानून की शरण ली। अदालत ने वर्ष 2023 में आदेश दिया कि विपक्षी अपनी पत्नी और बच्चे के गुजारा खर्च के लिए हर माह 5500 रुपये अदा करे। अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय, कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद विपक्षी ने कानून की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की। जब उस पर गुजारे भत्ते का लाखों रुपया बकाया हो गया, तो तहसील चंदौसी स्थित अपनी कीमती जमीन को कुर्की और नीलामी से बचाने के लिए उसने अगस्त 2024 में एक सोची-समझी साजिश के तहत वह संपत्ति अपनी सगी बहन के नाम दान कर दी।

मामले को और उलझाने के लिए बहन ने भी अदालत में यह मनगढ़ंत कहानी गढ़ी कि उसने यह जमीन किसी से दस लाख रुपये में खरीदी थी लेकिन बैनामा वाले दिन वह बीमार हो गई इसलिए बैनामा उसके भाई के नाम कराना पड़ा। स्टाम्प ड्यूटी बचाने के लिए बाद में भाई से दानपत्र करा लिया। मगर, विपक्षी यह साबित करने में नाकाम रहा कि खरीदी गई संपत्ति का भुगतान उसकी बहन ने ही किया था। फैमिली कोर्ट ने इस झूठ को पकड़ लिया। अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने साक्ष्यों के मद्देनजर विपक्षी की बहन की आपत्ति को खारिज कर दिया।

अदालत ने एक नजीर के हवाले से कहा कि भरण-पोषण प्राप्त करना पत्नी के मौलिक अधिकारों के समकक्ष है और इससे बचने के लिए रचे गए ऐसे किसी भी दानपत्र की कानून की नजर में कोई अहमियत नहीं है। न्यायाधीश ने पति की इस हरकत को कानूनी दायित्वों से भागने का एक कुत्सित प्रयास मानते हुए उस फर्जी दानपत्र को पूरी तरह निष्प्रभावी घोषित कर दिया। इसके साथ ही, कोर्ट ने संभल के जिला मजिस्ट्रेट को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से उस विवादित संपत्ति की कुर्की और नीलामी सुनिश्चित करें। अदालत के इस सख्त रुख के चलते अब जमीन की नीलामी से प्राप्त राशि के जरिए कुल बकाया 2.69 लाख रुपये वसूल कर पीड़ित पत्नी को सौंपे जाएंगे।

### घर में सो रही युवती को सांप ने डंसा, इलाज के दौरान मौत



**मनकापुर (गोण्डा)।** खोड़ारे थाना क्षेत्र के गौरा चौकी अंतर्गत गौरा बुजुर्ग गांव में घर के भीतर सो रही एक युवती की सांप के डंसने से मौत हो गई। उपचार के दौरान युवती ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत में दम तोड़ दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरा बुजुर्ग निवासी खजांची प्रसाद सोनी की 35 वर्षीय पुत्री सपना सोनी बुधवार रात घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। रात करीब ढाई बजे उसने अपने पिता से होंठ के नीचे झनझनाहट होने की शिकायत की। इस पर जब उन्होंने लाइट जलाकर देखा तो थोड़ी दूरी पर एक सांप बैठा हुआ था तथा युवती के होंठ के नीचे सांप के काटने के निशान दिखाई दिए।सांप को देखकर परिवार के लोग घबरा गए और आनन-फानन में सपना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत ले जाया गया। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।सीएचसी अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार मौर्य ने बताया कि सिर अथवा उसके आसपास सांप के काटने पर जहर का असर बहुत तेजी से होता है। युवती को एंटी स्नेक वेनम की पूरी डोज दी गई, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उन्होंने बताया कि सिर के समीप सांप के काटने से मस्तिष्क की नसों पर तेजी से असर पड़ता है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।युवती की मौत के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है तथा क्षेत्र में भी घटना को लेकर दुख का माहौल है।

## बलरामपुर में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दोनों वाहनों में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** उतरौला-बलरामपुर मार्ग पर स्थित श्रीदत्तगंज के पिपरी कोल्हुई गांव के पास सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार पचौथा गांव निवासी 23 वर्षीय रास मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक शराब के नशे में बताया गया, जबकि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहनी थी। कार का सीएनजी सिलिंडर ब्लास्ट हो जाने से आग लग गई। कार और बाइक जलने लगी, जिसे बुझाने में दमकलकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। कार की टक्कर से सड़क किनारे लगा बिजली खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**बाइक से जा रहे थे श्रीदत्तगंज**

पचौथा गांव निवासी रास मोहम्मद किसी कार्य से बाइक से श्रीदत्तगंज जा रहे थे। रास्ते में पिपरी कोल्हुई गांव के पास बलरामपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर जोरदार टक्कर मार दी। रास मोहम्म बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। सिर फट जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली पोल से जा टकराई। इसके बाद तेज धमाके के साथ कार में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि बाइक भी चपेट में आकर धू-धू कर जलने लगी। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। हादसे में 33 केवी का बिजली पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। उतरौला से आई छोटी गाड़ी ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

लगभग आधा घंटा बाद बलरामपुर से अग्निशमन की बड़ी गाड़ी पहुंचने पर आग बुझाई जा सकी। हादसे के कारण लगभग एक घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। श्रीदत्तगंज थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल ने बताया कि कार चालक की पहचान गोंडा इटियाथोक के गांधी चबूतरा निवासी रिजवान के तौर पर हुई है। आरोपित कार चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार चालक नशे की हालत में गलत दिशा में गाड़ी चला रहा था। अधिशासी अभियंता उतरौला अरविंद कुमार ने बताया कि जिस वक्त हादसा हुआ बिजली थी, लेकिन सीएनजी टैंक ब्लास्ट होने के कारण आग लगी है।

**ट्रैक्टर-ट्राली ने बालिका को रौंदा, मौत**

**हरैय्या सतघरवाः** ललिया के बहादुरगंज बाजार में सोमवार सुबह 10 बजे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क पर खेल रही चार वर्षीय शायना पुत्री डब्लू खान को रौंद दिया। बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ललिया थाना के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, विद्यालयों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 एवं स्वास्थ्य सेवा-102 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं से किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

## साइबर क्राइम थाना द्वारा रीड वेल लाईब्रेरी ज्ञानपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक



प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को चलाए जा रहे साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत अभिनव त्यागीपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा स्कूल,कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल लगाकर आम जनमानस को साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है । आज दिनांक 03.06.2026 को साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता का0 कन्हैया कुमार, का0 मान सिंह व का0 प्रभात चंद्र त्रिपाठी द्वारा रीड वेल लाईब्रेरी ज्ञानपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड से बचाव व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। अंजान नंबरों से आए कालों सावधानियां बरतने हेतु बताया गया तथा पंपलेट वितरित कर जानकारी दी गई। सोशल मीडिया साइटों का इस्तेमाल करते हुए विशेष सावधानी बरतने तथा अनजान नंबर से भेजें गए लिंक,क्य स्नढ्ढस्रस्य इत्यादि को न खोलने हेतु बताया गया। व्हाट्सऐप कॉलिंग के माध्यम से पैसे की मांग करना,अनचाहे लिंक भेज कर मोबाइल हैक करना अथवा वित्तीय फ्रॉड होने की दशा में हेल्पलाइन नंबर 1930 में cyber.gov.in के बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त साइबर जागरूकता कार्यक्रम में रीड वेल लाईब्रेरीके 100 से अधिक छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनचौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

## ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को श्रद्धालुओं में बुनिया एवं शीतल जल का वितरण



**चुनार,मीरजापुर।** नगर के स्टेशन रोड़ स्थित हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से राहगीर श्रद्धालुओं में बुनिया एवं शीतल जल का वितरण हुआ। सायकांल मंदिर में पूजन, भजन कीर्तन के तत्पश्चात प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। देर रात्रि आरती होने के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान आते जाते पैदल राहगीरों के साथ ही चार पहिया दो वाहन सवार श्रद्धालुओं ने बुनिया प्रसाद ग्रहण कर शीतल जल पीकर गर्मी से राहत महसूस किया।कार्यक्रम में दीपक कुमार, सौरभ, आरव, आशीष, वैभव प्रजापति, मानिक गुप्ता, संतोष चौरसिया, मनोज प्रजापति, नान्हक जायसवाल आदि लोग सेवाभाव से लगे रहे।

# टीजीटी परीक्षा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही-** जनपद में आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने ज्ञानपुर स्थित काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा की स्थिति का अवलोकन किया तथा परीक्षार्थियों से भी संवाद स्थापित कर उनकी सुविधाओं एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा तैनात मजिस्ट्रेटों से परीक्षा संचालन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी बनाए रखी जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी अभ्यर्थियों को शांत एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध हो, जिससे वे बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रवेश व्यवस्था, पहचान पत्रों की जांच, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई तथा परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संचालित होती मिली। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक प्रथम पाली में परीक्षा में अभ्यर्थियों 2290, उपस्थित 1232, अनुपस्थित अभ्यर्थियों 1058 रहे। द्वितीय पाली में 1739 उपस्थित 1007, अनुपस्थित 732 अभ्यर्थी रहे। जनपद प्रशासन द्वारा टीजीटी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा समाप्ति तक पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अक्षुण्ण बनी रहे।

# जनसुनवाई में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

●प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में शिथिलता पर तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी विभाग अपने यहां प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता दें तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग में शिकायतों की पेंडेंसी पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतें सुनने तथा उनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह समय आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित किया गया है, इसलिए इसका कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ अधिकारी जनसुनवाई की निर्धारित अवधि के दौरान कार्यालय में उपस्थित न रहकर अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जबकि ऐसे कार्य जनसुनवाई के उपरांत भी किए जा सकते हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपदीय अधिकारियों को प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में स्वयं उपस्थित रहने, आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल शासन की मंशा पूर्ण होगी, बल्कि आमजन को भी समयबद्ध राहत एवं न्याय प्राप्त हो सकेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से संवेदनशीलता, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसकी प्रभावशीलता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसुनवाई में किसी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भदोहीः जंगली जानवर के हमले में मासूम की मौत का मामला पहुंचा जिलाधिकारी के पास, रिपोर्ट सौंपने के बाद आदेश का इंतजार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के बिसही (हरिहरपुर) गांव में जंगली जानवर के हमले में 5 वर्षीय मासूम पिंटू बनवासी की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। बुधवार को मौका मुआयना करने पहुंची प्रशासनिक टीम ने अपनी शुरुआती जांच पूरी कर ली है।

**टीम ने जांच कर जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट**

घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को पुलिस, राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बिसही गांव का दौरा किया था। मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय लेखपाल अजय सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ सिंह की टीम ने पूरी घटना की गहनता से जांच की और आवश्यक कागजी व कानूनी लिखा-पढ़ी तैयार की। जांच टीम द्वारा तैयार की गई इस विस्तृत रिपोर्ट को कानूनी रूप से आगे की कार्रवाई के लिए केवल जिला अधिकारी (डीएम) को भेज दिया गया है। फिलहाल जिलाधिकारी की तरफ से इस मामले में शव को कब्र से निकालने या अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं को लेकर कोई अंतिम आदेश जारी नहीं किया गया है। प्रशासन को अब जिला अधिकारी के दिशा-निर्देशों और आदेश का इंतजार है।

**आदेश के बाद आगे बढ़ेगी कानूनी प्रक्रिया**

चूंकि परिजनों ने घटना के बाद मंगलवार को ही बालक के शव को दफना दिया था, इसलिए इस मामले में बिना पोस्टमार्टम के मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी का आदेश आते ही नियमानुसार दफनाए गए शव को कब्र से बाहर निकालने, पंचनामा करने और पोस्टमार्टम की आगामी कानूनी कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा मिल सके।

**क्या थी पूरी घटना**

मूल रूप से उगापुर निवासी पिंटू बनवासी (5 वर्ष) पिछले एक साल से बिसही गांव में अपने फूफा फूलचंद बनवासी के घर रह रहा था। सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे वह घर के बाहर सो रहा था, तभी किसी अज्ञात जंगली जानवर ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचने पर जब तक ग्रामीण दौड़े, जानवर भाग चुका था, लेकिन तब तक मासूम गंभीर रूप से घायल हो चुका था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**वन विभाग की टीमें तैनात**

वन रेंजर सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमलावर जानवर की पहचान के लिए वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार छानबीन कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल से वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र सोनकर, कांस्टेबल चंदन तथा महिला आरक्षी आरती गांव में मुस्तैद हैं और ग्रामीणों से लगातार सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह- जनपद में 18 स्थलो पर होगा योग का कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। आम जन को मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थ्यता बनाने रखने के उद्देश्य से योग को अपने जीवन में प्रतिदिन अपनाए जाने हेतु आगामी दिनांक 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक योग सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग सप्ताह एवं 21 जून 2026 को मुख्य कार्यक्रम की तैयारियो के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियो व स्वंय सेवी संगठनो के पदाधिकारियो के साथ बैठक आहूत कर योग सप्ताह एवं 21 जून 2026 को मुख्य कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी श्रीकान्त रजक को निर्देशित करते हुए कहा कि योग सप्ताह के लिए जनपद में उचित स्थल का चयन करते हुए सूची मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार को उलपब्ध कराई जाए। 15 जून 2026 को जनपद मुख्यालयो, तहसीलो, ब्लाको एवं ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन कर शुभारम्भ किया जाए। जिनमें जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण को भी आमंत्रित कर उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सहित अन्य विभागो से समन्वय स्थापित कर उनका महत्वपूर्ण सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से पूर्व समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगर निकायो में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए। योगाभ्यास के लिए स्थल के चयन में जनपद के प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थलो, ऐतिहासिक महत्व के स्थलो प्रमुख नदियो, झीलो, तालाब एवं अमृत सरोवर के किनारे तथा प्रमुख नैर्सिंग सौंदर्य से परिपूर्ण स्थलो को प्रमुखता दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि जिन संस्थाओ, कालेजो, विभागो, ग्राम पंचायतो आदि द्वारा योग कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वाधिक योगाभ्यासियो को प्रतिभाग कराया जाए तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाए सभी आयोजन स्थल पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला आयूर्वेदिक अधिकारी श्रीकान्त रजक ने बताया कि विभाग की तरफ से 45 योग प्रशिक्षिको को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया है इसके अलावा गैर सरकारी संस्थाओ को भी प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। जनपद क तहसील मुख्यालय ब्लाक मुख्यालय सहित 18 स्थलो पर कार्यक्रम योग सप्ताह के अन्तर्गत सम्पन्न कराए जायेगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियो स्वंय सेवी संगठनो के प्रतिनिधियो को योगाभ्यास भी कराया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव, जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के समस्त चिकित्सक व योग प्रशिक्षक के अलावा स्वंय संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# थाना कछवां पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मीरजापुर।** थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 31.05.2026 को वादी रमाशंकर पुत्र खरपत्तु निवासी विदापुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध पुरानी रंजिश व पारिवारिक विवाद में वादी के भाई व पिता को गंभीर रूप से मार-पीट कर घायल करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । इलाज के दौरान घटना में घायल वादी के भाई प्रेमशंकर की मृत्यु हो गयी । उक्त के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-118/2026 धारा 115(2), 351(2), 3(5),110,118(1),103(1),333,352 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित सभी अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कछवां को निर्देश दिए गए उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पूर्व में 06 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा जा चुका है । थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम

# जिगना में फिर एक युवक का नशा के चलते मौत

● जिगना थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में युवक की संदिग्ध मौत।

● लोगों ने बताया नशे का आदी था युवक।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिर्जापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी अजीत कुमार (35 वर्ष) पुत्र सीताराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने क्षेत्र के एक मेडिकल संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया, जबकि मेडिकल संचालक ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि युवक पहले से ही नशे की हालत में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत कुमार को नशे की लत थी। बताया जा रहा है कि वह घूमते-घूमते कुशहा चौराहे स्थित राजेश मेडिकल पर पहुंचा था, जहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने जांच के बाद अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि तीन दिन पहले उसकी मां से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। उन्होंने यह भी बताया कि वह सात माह की गर्भवती हैं। घटना के बाद परिजनों ने मेडिकल संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। वहीं राजेश मेडिकल के संचालक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि युवक पहले से ही नशे की हालत में उनके मेडिकल स्टोर पर आया था तथा वहां उसका कोई इलाज नहीं किया गया था। मृत्यु के कारणों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। बताया गया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने घर ले गए। फिलहाल युवक की मौत को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कुशहा गांव में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया आरोप, मेडिकल संचालक ने किया खंडन

# वारण्ट जारी होने के उपरान्त भी मा0न्यायालय के समक्ष हाजिर न होने पर थाना को0देहात पुलिस द्वारा की गयी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध जनपद में समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने तथा मा0न्यायालय द्वारा जारी सम्मन/वारण्ट तथा कुर्की की उद्घोषणा आदि की कार्यवाही शत प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसके साथ ही पंजीकृत अभियोगों के सफल अभियोजन एवं अभियुक्तों को गिरफ्तार किये जाने हेतु नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी करायी जा रही है थाना को0देहात जनपद मीरजापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-76/2026 धारा-115(2), 352(2), 87,69 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विशाल चौहान पुत्र महंगु चौहान निवासी छोटी बारी भरूहना थाना को0 देहात जनपद मीरजापुर के विरूद्ध मा0न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में 84 बीएनएसएस की कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक परमहंस कुमार चौकी प्रभारी भरूहना थाना को0देहात मय पुलिस टीम द्वारा मुनादी करा कर, सार्वजनिक स्थान एवं अभियुक्त के घर के बाहर नोटिस चस्पा किया गया तथा आस-पास के लोगों को भी इस बारे में अवगत कराया गया यदि उपरोक्त अभियुक्त मा0न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होते हैं तो शीघ्र ही इनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी ।

# ड्रमड़गज क्षेत्र में हो रहा है अवैध मादक पदार्थो की बिक्री स्थानीय प्रशासन मौन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमडगंज क्षेत्र में हो रहा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री शिकायत के बाद भी नही हुआ कोई कार्यवाही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया। की जगह-जगह पर मादक पदार्थो की बिक्री किया जा रहा है।नवयुवकों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है स्थानीय प्रशासन मुगदर्शक बनी हुई है जबकि हर व्यक्ति को पता है। मादक पदार्थ कहां मिलता है ड्रमड़गज कस्बे से लेकर भैसोड़ बलाय पहाड़ रतेह चौराहा सहित पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन मौन बैठे है। अवैध कारोबारीयों पर नहीं कसा जा रहा। नकेल पूरे क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ को लेकर लोगों में आक्रोश प्राप्त है। कई एक बार शिकायत के बाद भी नहीं खुला प्रशासन की नींद। जिससे लोग मजबूर होकर घर बैठ गए जबकि थाना क्षेत्र से चंद कदम की दूरी पर भी मादक पदार्थ खुलेआम बेचा जाता है लेकिन स्थानीय प्रशासन के कान में जू तक नहीं रेगता। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जितना अवैध काम होता है सब मादक पदार्थ के कारण ही होता है क्षेत्र में आए दिन । चोरी जैसी वारदात होता रहता है सिर्फ नशे को लेकर नशे का लत लोगों को बर्बादी की ओर ले जा रहा है साथ ही साथ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सिर्फ मादक पदार्थ को लेकर आए दिन घटनाएं दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन में मांग करना चाहते हैं कि ड्रमड़गज थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो की बिक्री बंद कराया जाए जिससे क्षेत्र सुरक्षित रह सके।

## संक्षिप्त खबरें

### एम.ए./एम.एससी. रक्षा अध्ययन चतुर्थ सेमेस्टर एवं बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि कुलपति प्रो कविता शाह के आदेशानुसार सेमेस्टर परीक्षा-2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार संचालित एम.ए./एम.एससी. रक्षा अध्ययन चतुर्थ सेमेस्टर तथा बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम 03 जून 2026 को घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गए परीक्षा प्रपत्रों में अंकित सूचनाओं के आधार पर जारी किया गया है। यदि किसी छात्र द्वारा परीक्षा प्रपत्र में दी गई सूचना गलत पाई जाती है, तो उसका परीक्षा परिणाम निरस्त किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।परीक्षा नियंत्रक ने यह भी बताया कि जिन विद्यार्थियों ने (एबीसी आईडी) में पंजीकरण नहीं कराया है, उनका परीक्षा परिणाम वर्तमान में प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थियों का परिणाम (एबीसी आईडी) में पंजीकरण पूर्ण होने के उपरांत प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने सभी महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध परिणामों का अवलोकन करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से संपर्क करें।

### साइबर हेल्पडेस्क थाना दुर्गागंज की प्रभावी कार्यवाही, साइबर ठगी के पीड़ित की 52,316/- धनराशि कराई गई वापस



**भदोही** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागीके निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवालके पर्यवेक्षण में साइबर हेल्पडेस्क थाना दुर्गागंज द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित के खाते में ?52,316/ की पूरी धनराशि वापस कराई गई। आवेदक श्रेयांश पाण्डेय निवासी करनपुर, थाना दुर्गागंज, जनपद भदोही के साथ अज्ञात साइबर ठगों द्वारा फोनपे के माध्यम से ?52,316/- की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। प्राप्त शिकायत पर साइबर हेल्पडेस्क थाना दुर्गागंज की टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक एवं पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की गई। समन्वय एवं तकनीकी प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई पूरी धनराशि 52,316/- पीड़ित के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित एवं उसके परिजनों ने भदोही पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना किया

### नवागत बीएसए का शिक्षा मित्रों ने किया स्वागत

**स्थानांतरण-समायोजन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग**

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में नवागत बीएसए रत्नेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा जनपद में शिक्षा मित्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस ने बीएसए को बताया कि जनपद के शिक्षा मित्रों का स्थानांतरण एवं समायोजन कार्य पिछले लगभग पांच माह से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा मित्र अपने ससुराल क्षेत्र के नजदीकी विद्यालयों में तथा पुरुष शिक्षा मित्र अपने मूल निवास के समीप स्थित विद्यालयों में समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण उन्हें दूरस्थ विद्यालयों में कार्य करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शिक्षा मित्रों के हित में स्थानांतरण एवं समायोजन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही, जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केहर सिंह बुंदेला, अशोक कुमार अहिरवार, शैलेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह परमार, शैलेंद्र राजा बुंदेला, अशोक परिहार, दिनेश राजपूत, शिवनारायण शर्मा, धन सिंह राजपूत, दीपक तिवारी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**● व्यवस्थाओं के सम्बंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह के द्वारा बुधवार को समय लगभग प्रात 10.30 बजे स्वरूपरानी नेहरू हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ अपने-अपने निर्धारित ड्यूटी पर उपस्थित पाये गये। विभिन्न विभागों यथा डेन्टल सर्जरी, रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी एनस्थीमिया, सामन्य सर्जरी आर्थोपेडिक, मेडिसिन, गायनिक, गैस्ट्रोलाजी, ई0 एन0 टी0 टी0 डी0 बेस्ट पी0एम0 एस0एस0 वाई आदि विभागों में तैनात चिकित्सकों/स्टाफ के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। विभिन्न विभागों के उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर पाया गया । कि अवकाश पर रहने वाले डॉक्टरों के अलावा सभी डॉक्बटर उपस्थित पाए गए। ट्रामा सेन्टर के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति ई0एम0ओ0 डा0 अरबिन्द से मरीजो के बारे में जानकारी ली गयी उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गयी। एच0डी0यु0 मेडिसिन विभाग में भर्ती शनि नामक मरीज, जो कि टी0वी0एम0 से ग्रसित है जिससे वार्ता के दौरान पता चला कि सभी विभिन्न प्रकार कि सुविधाएं उपलब्ध है, वार्ड के मरीज राजेन्द्र प्रसाद जो कि मस्तिष्क आघात से ग्रसित है, से वार्ता के दौरान बताया कि सभी सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध है। तक कुल 63 सी0टी0 स्कैन रजिस्टर में दर्ज पाये गये। ट्रामा सेन्टर के वार्ड-2 तथा आई.सी.यू वार्ड का निरीक्षण किया गया आई0सी0यू0 वार्ड में कुल 07 मरीज भर्ती पाये, जिनका इलाज चल रहा है। भर्ती मरीजो को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी संतोषजनक स्थिति पायी गयी। गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एम0आर0यू0 लैब, पोस्ट आपरेटिव वार्ड, आई0सी0सी0यू विभाग का निरीक्षण किया गया, जहाँ व्यवस्थाये संतोषजनक पायी गयी। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि अस्पताल की सभी जॉच मशीने सीटी स्कैन एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड और एमआरआई सुचारू रूप से क्रियाशील स्थिति में है। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी मरीजो/तीमारदारों को जाँच से सम्बन्धित नहीं होती है। वार्डो में विद्युत आपूर्ति निरन्तर हो रही है तथा वार्डो/गलियारों की साफ सफाई अच्छी पायी गयी। विभिन्न वार्डो के समने तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था है। वह पर तीमारदार बैठे मिले जिनसे अस्पताल के



संबंध में जानकारी ली गयी स्थिति संतोषजनक पायी गई।

स्वरूपरानी हास्पिटल के विभिन्न वार्डो, गलियारों/शौचालयों एवं अन्य विभागों की साफ सफाई तथा भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया गया। विभिन्न वार्डो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी, परन्तु कुछ स्थानों पर मरम्मत और साफ-सफाई कराये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आर्थो वार्ड में सफाई की व्यवस्था पूर्णरूपेण नहीं थी, जिससे ठिक करने हेतु संबंधित वार्ड के डा0 को निर्देशित किया गया, तथा वार्ड के मुख्य गलियारे में ओ0टी0ए0 मशिन खराब पड़ी मिली, जिसे हटाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। चिकित्सालय में तीमारदारों के वाहनों पार्किंग दो पहिया/चार पहिया वाहनों के खड़े करने की व्यवस्था के बारे पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। तीमारदारों के वाहनों के पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में डा0 अमित सिह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में पुरानी बिल्डिंग के पास तीमारदारों के लिए कार पार्किंग की व्यवस्था संचालित की जा रही है तथा ट्रॉमा सेन्टर के पास एक नई पार्किंग का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। तीमारदारों के दो पहिया वाहनों के 03 पार्किंग स्थल उपलब्ध है, जो वर्तमान समय में संचालित पाये गये। स्वरूपरानी हास्पिटल में तीमारदारों के लिए दो पहिया, चार पहिया वाहनों को खड़े करने के लिए व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। चिकित्सालयों में व्याप्त दलालों पर अंकुश लगाने एवं उनकी संलिप्तता के निरीक्षण के दौरान ऐसा कोई तथ्य संज्ञान/प्रकाश में नहीं आया। ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षागार्डों तथा सुपरवाइजरों से इस सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा निर्देशित किया गया कि अगर ऐसा कोई तथ्य संज्ञान में आये तो तत्काल वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों के सज्ञान में लाकर दलालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय तथा परिसर को लेकर पूर्ण सतर्कता बरती जाय एवं अनाधिकृत व्यक्तियों/दलालों पर कड़ी नजर रखी जाय। हारिपटल के निरीक्षण के दौरान हास्पिटल में उपस्थित मरीजो/उनके परिजनों से अस्पताल परिसर में पेयजल व्यवस्था के बारे में जानकरी ली गयी बताया गया कि हास्पिटल में पेय जल की समुचित व्यवस्था है। हास्पिटल परिसर/वार्डो के पास स्थिति पेयजल/ वाटर कूलर संचालित अवस्था में है। स्वरूपरानी चिकित्सालय की पैथोलॉजी में मरीजों से पूंछताछ की गयी। मरीजों द्वारा बताया गया कि पैथोलॉजी में जांच समय से प्राप्त हो रही है। समस्त वार्ड के बेड पर लगे गद्दो की स्थिति ठीक नहीं है। सभी गद्दो को ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत दिनांक 15.06.2026 तक ड्यूटी रोस्टर जारी कर दिया गया है। सम्पूर्ण चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नालियों की साफ-सफाई, उपकरणों के उचित रख-रखाव ड्यूटी चार्ट को अद्यतन करने तथा परिसर में अनधिकृत पार्किंग की समस्या के स्थायी समाधान हेतु भी निर्देश दिये गये। सभी उत्तरदायी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया।

### 60 एकड़ में बनेगी नई जेल, होगी हाईटेक सिक्योरिटी

**भदोही।** जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार नए जिला जेल का निर्माण कराएगी। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में जिला मुख्यालय से 12 किमी. दूर मुंशीलाटपुर में नवीन कारागार के निर्माण से संबंधित 20918.64 लाख रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नई जेल में कैदियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनके कौशल विकास व बेहतर चिकित्सा सुविधा का ख्याल भी रखा जाएगा। ज्ञानपुर (भदोही) कारागार अधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि 574 बंदी क्षमता वाले नए कारागार का निर्माण मुंशीलाटपुर में कराया जाएगा। इसके लिए 60 एक भूमि भी क्रय कर ली गई है। निर्माण के लिए कैबिनेट से स्वीकृत प्राप्त होने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि जिला कारागार की क्षमता 163 बंदियों की है जबकि वर्तमान में 390 कैदी जेल में निरुद्ध हैं। ऐसे में लगभग 60 एकड़ में बनने वाली नई जेल में स्थान का आभाव नहीं होगा साथ ही जेल की बंदी क्षमता भी अधिक होने से कैदियों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि नई जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक के साथ ही सुरक्षा के आधुनिक उपाय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नई जेल में कैदियों के लिए जिम, डिजिटल लाइब्रेरी व कौशल विकास के लिए मल्टीपर्पज हाल का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके साथ ही कारागार प्रशासन से जुड़े कर्मियों के लिए आवास की समस्या भी खत्म हो जाएगी।

## घूरपुर पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को दबोचा, अवैध पिस्टल व कार बरामद

**● भदोही से हथियार लेकर मध्य प्रदेश जा रहे थे आरोपी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना घूरपुर पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल .32 बोर, एक मैगजीन, एक खाली मैगजीन, तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। बरामद कार को भी सीज कर दिया गया है। थानाध्यक्ष घूरपुर अतुल मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को ग्राम जसरा क्षेत्र में दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उत्तम सिंह (32 वर्ष) पुत्र रामदरश सिंह निवासी पडिया थाना चोरहटा, जिला रीवा (मध्य प्रदेश), अजय सिंह (34 वर्ष) पुत्र कमलेश सिंह निवासी पडिया थाना चोरहटा, जिला रीवा तथा रविराज मिश्रा (30 वर्ष) पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम शाहपुर थाना सिरमौर, जिला रीवा (मध्य प्रदेश) के रूप में




हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों आपस में दोस्त हैं और रीवा के रहने वाले हैं। अजय सिंह ने बताया कि उसके परिचित बालू व्यवसायी ने करीब एक माह पहले उससे अवैध असलहा उपलब्ध कराने को कहा था। इसके बाद उसने अपने साथियों से संपर्क किया। आरोपियों ने बताया कि वे पहले भी असलहा खरीद-बिक्री कर लाभ कमा चुके हैं। इसी सिलसिले में वे भदोही पहुंचे और वहां एक परिचित व्यक्ति से संपर्क कर पिस्टल एवं मैगजीन खरीदी। इसके बाद वे कार संख्या MP-17-JN-3991 से मध्य प्रदेश लौट रहे थे। आरोपियों ने बताया कि यात्रा के दौरान थकान होने पर वे घूरपुर क्षेत्र में एक ओवरब्रिज के नीचे वाहन खड़ा कर आराम कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें धर दबोचा।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिए आवश्यक निर्देश



पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भदोही में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का अवलोकन करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए। पुलिस अधीक्षक भदोही ने कहा कि भदोही पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## टीचर द्वारा बच्ची के साथ अश्लील हरकत, परिजनों ने पुलिस को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** क्षेत्र के डांडी स्थित कोचिंग पढ़ने गई छात्रा के साथ टीचर द्वारा अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग कोचिंग में पहुंचे और टीचर की जम कर पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान टीचर को घर वालों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना करते हुए थाने भेज दिया। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जुड़ गई। परिवार के लोगों ने टीचर पर कार्रवाई करने की मांग की है। नैनी पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद कक्षा तीन में पढ़ने वाली 9 साल की मासूम बच्ची ने अपने घर वालों को टीचर द्वारा किए गए हरकत के बारे में बताया। बच्ची ने रोते हुए कहा कि कोचिंग के टीचर ने उसके साथ गलत करने का प्रयास किया जिसके बाद बच्ची वहां से किसी तरह अपने घर



पहुंच गई। बच्ची ने बताया कि कोचिंग में कोई नहीं था वह अपने भाई के साथ कोचिंग पहुंची हुई थी भाई उसे छोड़कर वापस चला गया यह दौरान कोचिंग में अकेले का फायदा उठाकर टीचर ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की जिसके बाद बच्ची ने शोर मचा दिया।सोर सुनते ही टीचर वहां से भागने की कोशिश करने लगा लेकिन तब तक बच्ची अपने घर पहुंच चुकी थी। इसके बाद घरवाले और ग्रामीण कोचिंग पहुंचे और टीचर को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया।3 साल से कोचिंग जा रही है बच्ची घर वालों ने बताया कि बच्चे 3 साल से कोचिंग जा रही है लेकिन कभी इस तरह की वारदात नहीं हुई, आज बच्ची कोचिंग में अकेली थी जिसका फायदा उठाकर टीचर ने उसके साथ गलत करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी के बाद सभी लोग पहुंचे और मौके पर पहुंचकर टीचर को पीटना शुरू कर दिया और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने टीचर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## एच.एन.बी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रो. दीपक के सम्मान में भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज,** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर (डॉ.) दीपक के एसोसिएट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर महाविद्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. अमित कुमार मिश्र के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने प्रो. दीपक के 18 वर्षों के उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान, विद्यार्थियों के प्रति उनके समर्पण तथा महाविद्यालय के विकास में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका चयन संस्थान के लिए गौरव का विषय है।इसके उपरांत प्रो. महेन्द्र प्रसाद ने प्रो. दीपक के साथ अपने लंबे कार्यानुभव को साझा करते हुए उनके अनुशासन, कार्यनिष्ठा एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार की सराहना की। प्रो. मंजुलता ने उन्हें एक संवेदनशील शिक्षक एवं उत्कृष्ट सहकर्मी बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. सुवर्णा सरकार ने प्रो. दीपक के शैक्षणिक नेतृत्व और विद्यार्थियों के बीच उनकी लोकप्रियता का उल्लेख किया। प्रो. सविता ने कहा कि प्रो. दीपक ने सदैव संस्थान के हित को सर्वोपरि रखा। प्रो.भास्कर शुक्ल प्रो. दीपक से संबंधित व्यक्तिगत अनुभव साझा किये एवं उनकी कार्यशैली की सराहना की।डॉ. अर्चना राय ने उनके सहयोगी एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व को रेखांकित किया, जबकि डॉ. निरुपमा ने उनके साथ बिताए गए संस्मरणों को साझा करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताया। श्री राकेश मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रो. दीपक का व्यवहार सदैव आत्मीय एवं सहयोगपूर्ण रहा है।समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने कहा कि प्रो. दीपक की उपलब्धि समूचे महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रो. दीपक अपनी प्रतिभा, अनुभव एवं



शोधपरक दृष्टि से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भी उत्कृष्ट योगदान देंगे और संस्थान का नाम रोशन करेंगे।अंत में प्रो. दीपक ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय में बिताए गए 18 वर्षों की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने प्राचार्य, सहकर्मियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एच.एन.बी. महाविद्यालय सदैव उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहेगा। उन्होंने सभी के स्नेह एवं सहयोग को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

**● एडीएम सिटी कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की उठाई मांग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर जनपद के पंचायत सहायकों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद की। पंचायत सहायक संगठन के बैनर तले एकत्र हुए कर्मचारियों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने, सेवा सुरक्षा प्रदान करने तथा अन्य लंबित मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की। बाद में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम सिटी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान पंचायत सहायकों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवाओं, अभिलेखों के रखरखाव, जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन तथा पंचायत कार्यालयों के कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय पर कार्य करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**मानदेय बढ़ाने की प्रमुख मांग** संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई के बीच मौजूदा मानदेय से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। पंचायत सहायकों ने मांग की कि उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाए ताकि वे बेहतर ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

**सेवा सुरक्षा और स्थायित्व की भी उठाई मांग** ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने सेवा सुरक्षा, कार्यकाल की स्थिरता और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी की। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए उनके हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

**समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन** एडीएम सिटी कार्यालय में ज्ञापन



सौंपने के दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने की अपील की। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मांगों को उच्च स्तर तक भेजने और नियमानुसार कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

**बड़ी संख्या में जुटे पंचायत सहायक** प्रदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए पंचायत सहायकों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को मिले नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन, डिजिटल सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा

**● दीपक पटेल एवं नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा ने किया वितरण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** महिला सशक्तिकरण और डिजिटल भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को विकास भवन स्थित यमुना सभागार में नियुक्ति पत्र एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक पटेल तथा अरुण कुमार मिश्रा, नामित पार्षद नगर निगम प्रयागराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा कार्यों के बेहतर संचालन के लिए स्मार्टफोन वितरित किए गए। समारोह में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि दीपक पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग—माताओं और बच्चों—के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा से जुड़े कार्यों में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्हें डिजिटल संसाधनों से जोड़ने से योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी होगा।

इस अवसर पर नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि स्मार्टफोन वितरण से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, लाभार्थियों का डेटा अपडेट करने, पोषण ट्रैकिंग तथा विभिन्न विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी। इससे सेवा वितरण की गुणवत्ता में भी सुधार होगा और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ अधिक



तेजी से पहुंच सकेगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव समाज में दिखाई दे रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें अधिक सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे बाल विकास एवं पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलेगी। समारोह के अंत में लाभार्थियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्टफोन मिलने से उन्हें अपने दायित्वों के निर्वहन में काफी सुविधा होगी।

## साउथ मलाका वैश्य परिवार हत्याकांड में चौकी प्रभारी व नाइट इंचार्ज निलंबित, विभागीय जांच शुरू

**● गुमशुदगी की सूचना पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप, पुलिस आयुक्त ने दिखाई सख्ती।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** साउथ मलाका में एक ही परिवार के चार सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की है। पुलिस आयुक्त ने मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में चौकी प्रभारी रोहित गौड़ और नाइट इंचार्ज मुलायम सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। पुलिस विभाग के अनुसार, वैश्य परिवार के सदस्यों के लापता होने की सूचना पुलिस को पहले ही प्राप्त हो चुकी थी। आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद स्थानीय स्तर पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई और न ही समय पर प्रभावी कार्रवाई की गई। मामले की समीक्षा के दौरान प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर पुलिस आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए



दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के साउथ मलाका इलाके में स्थित एक मकान से एक ही परिवार के चार लोगों के शव मिलने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी। कई दिनों से बंद पड़े मकान से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मकान का दरवाजा खुलवाया, जहां अंदर परिवार के सदस्यों के शव बरामद हुए। घटना के बाद पुलिस, फोरेंसिक टीम और अन्य जांच एजेंसियों ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में मामला बेहद संवेदनशील पाया गया, जिसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया।

पुलिस हत्या, आत्महत्या, पारिवारिक विवाद, आर्थिक लेन-देन और अन्य संभावित कारणों सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि आमजन से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुमशुदगी, संदिग्ध गतिविधियों और गंभीर शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाना चाहिए। यहाँ बता दे कि स्वतंत्र प्रभात ने इस हत्या कांड पर पुलिश की पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस की गश्त अधिकारियों की पेट्रोलिंग आदि व्यवस्था और लापरवाही पर सवाल खड़ा किया था और उसकी बात सत्य निकली। जाँच में अधिकारियों ने पाया कि इस मामले में गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।और बड़ी घटना घट गई। जिससे दो दारोगा को निलंबन की कारवाही झेलना पड़ा।

# संक्षिप्त खबरें

## वन प्रमण्डल पाकुड़ द्वारा राज +2 स्कूल के छात्रों को जागरूक एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ बन संरक्षण जागरूक के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम को लेकर राज +2 स्कूल, पाकुड़ के 34 छात्रों ने भाग लिया। प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा ने पहले छात्रों को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात वन प्रमण्डल पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने सर्वप्रथम जीवाश्म स्थल बरमसिया का अवलोकन किया। इसके बाद छात्रों को दूरदर्शी के माध्यम से नाना प्रकार के पक्षियों का दर्शन किया तथा उनकी पहचान के बारे में जानकारी दी। अंत में बरमसिया बंद खदान में छात्रों ने अनेक प्रकार की तितलियों का दर्शन कराया तथा पर्यावरण में तितलियों के महत्व और उनकी पहचान की जानकारी दी । विभिन्न प्रकार की तितलियों और पक्षियों को देखकर छात्र अत्यधिक उत्साहित हुए और छात्रों ने यह महसूस किया कि इन विविध पशु, पक्षियों और तितलियों को बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण जरूरी है और संकल्प लिया कि पर्यावरण संरक्षण में हम प्रत्येक छात्र अपनी भूमिका निभाएंगे।

## हिरणपुर वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में चलाया गया प्लास्टिक साफ-सफाई अभियान



**पाकुड़, झारखंडः-** पांच दिवसीय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हिरणपुर वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को चुन-चुनकर साफ किया गया तथा लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से उपस्थित लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। वन विभाग के कर्मियों ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने और साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। मौके पर नवनियुक्त वन क्षेत्र पदाधिकारी बबलू कुमार, डेहरी प्रधान वनरक्षी नसीरूल इस्लाम, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोहर ठाकुर सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## चाँदीगहना के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाल स्थिति, पेयजल संकट से जूझ रहे बच्चे

**भदोही।** विकास खंड क्षेत्र के ग्रामसभा चाँदीगहना स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति अत्यंत जर्जर बनी हुई है। केंद्र में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र का भवन मरम्मत के अभाव में बदहाल हो चुका है, जबकि शौचालय कक्ष में ताले लगे हुए हैं और उसका सेफ्टी टैंक भी टूट चुका है। पेयजल व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है। केंद्र परिसर में लगा हैंडपंप पिछले लगभग दो वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। वहीं हर घर जल योजना के अंतर्गत लगाए गए नल से भी आज तक एक बूंद पानी नहीं आने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही है। भीषण गर्मी के बीच बच्चों और कर्मचारियों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी अवधेश शुक्ला ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए भदोही के जिलाधिकारी से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, शौचालय व्यवस्था को दुरुस्त कराने तथा पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। अवधेश शुक्ला का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र देश के नौनिहाल बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रारंभिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से बच्चों के पठन-पाठन और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या के समाधान की मांग की है।

# बरही में अफीम, गौ तस्करी और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की मांग

● युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजित यादव ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को सौंपा आवेदन, सफेदपोश पर कार्रवाई का किया मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मंजित यादव ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से आवास पर उन्हें आवेदन सौंपकर हजारीबाग जिले के बरही विधानसभा क्षेत्र में कथित रूप से संचालित अफीम तस्करी, गौ तस्करी एवं अवैध शराब निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। मंजित यादव ने अपने आवेदन में कहा है कि बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सफेदपोश के संरक्षण में कई अवैध गतिविधियां धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रकों के माध्यम से गौ तस्करी की जा रही है। इसके अलावा जंगलों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर अवैध शराब की भट्टियां संचालित की जा रही हैं, जहां नकली शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि चौपारण प्रखंड में प्रत्येक वर्ष अफीम की खेती की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अवैध गतिविधियों को कुछ बिचौलियों और प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में अंजाम दिया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन लाखों रुपये की अवैध वसूली हो रही है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने वित्त मंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बरही क्षेत्र में संचालित अधिकांश कंपनियां स्थानीय लोगों को पर्याप्त रोजगार नहीं दे रही हैं, जबकि बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को मजबूर होकर पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रिंकू कुमार, चुन्नू कुमार, संजय चौरसिया, अनिल शर्मा मौजूद थे।

# जालिम ट्रकों के समायोजन की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः-** लोहरदगा। जालिम ट्रक मालिकों ने अपनी समस्याओं एवं ट्रकों के समायोजन की मांग को लेकर उपायुक्त लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के 13 सितंबर 2025 से जालिम ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया गया है, जिससे दर्जनों ट्रक मालिकों और उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि ट्रक मालिकों ने कई बार हिंदालको प्रबंधन एवं कंपनी के लॉजिस्टिक विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। कंपनी के अधिकारियों द्वारा जालिम ट्रकों का समायोजन सेरेंगदाग माइंस में किए जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ट्रक मालिकों का आरोप है कि लगातार प्रयास और संपर्क के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। ट्रक मालिकों ने बताया कि जालिम क्षेत्र के अधिकांश वाहन मालिक छोटे ट्रक संचालक हैं, जिनके पास केवल एक ट्रक है और उसी के माध्यम से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। ट्रकों के बंद होने से परिवार चलाना, बच्चों की शिक्षा, इलाज तथा बैंक ऋण की किस्तों का भुगतान करना कठिन हो गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में सांसद सुखदेव भगत से भी मुलाकात की गई थी। सांसद द्वारा कंपनी अधिकारियों से वार्ता के बाद समायोजन का आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। ट्रक मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जालिम ट्रकों का समायोजन नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज अंसारी, दाऊद आलम, मेराज कुरैशी, शमशेर कुरैशी, बिरसु उरांव, कयामुद्दीन अंसारी सहित अन्य ट्रक मालिक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हथगड्डा भंडारो में रातभर गूंजती रही सूफियाना सरगम, कव्वाली में झूमे हजारों श्रोता

●कोलकाता के नासिर हुसैन और उत्तर प्रदेश की शाहिना नाज के बीच हुआ शानदार मुकाबला, सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के ग्राम हथगड्डा भंडारो में मंगलवार की देर रात भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता के प्रसिद्ध कव्वाल नासिर हुसैन और उत्तर प्रदेश की मशहूर कव्वाल शाहिना नाज के बीच शानदार कव्वाली मुकाबला हुआ, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग देर रात तक जमे रहे। दोनों कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और सूफियाना कलामों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरी रात चले इस कार्यक्रम में लोग कव्वालियों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब ताहिर साहब ने की, जबकि संचालन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम एवं समाजसेवी पप्पू खान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बरही प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस एससी सेल प्रदेश महासचिव केदार पासवान, जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही पुनि सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो. कैयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पप्पू खान, मो. तौकीर रजा, इलियास खान, ताहिर हुसैन, मंसूर आलम, तैयब अंसारी, वाजिद अली, वहाब खान, नईम खान, नसीम खान, हलीम खान, जहूर मियां, मो. कुदुस, शमीम अंसारी, मुबारक हुसैन, साजिद, शहीद, जिब्राइल अंसारी, मो. सिराज, इरफान अंसारी, सादिक अंसारी एवं गयास उद्दीन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए गए थे। देर रात तक चले इस आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लेकर कव्वाली का भरपूर आनंद उठाया।

# ग्राम प्रधानों ने उठाई अधिकार और सम्मान की मांग, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को क्षेत्र के परंपरागत ग्राम प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, नियमित रूप से बैठक आयोजित करने तथा अधिक से अधिक सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि परंपरागत ग्राम प्रधान आज भी अपने कई अधिकारों से वंचित हैं। ग्राम प्रधानों को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संबंधित विभाग एवं सरकार से आवश्यक पहल करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की अध्यक्षता का अधिकार ग्राम प्रधानों को मिलना चाहिए तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समुचित जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से संचालन हो सके। बैठक में ग्राम प्रधानों को मिलने वाले पारिश्रमिक का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि ग्राम प्रधान गांवों के सामाजिक एवं प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा आवश्यक है। बैठक में संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सामूहिक रूप से उठाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शिवलाल मुर्मू, हेमंत मुर्मू, अमृत मंडल, मो. शाहजहां, गौरी शंकर तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, सीताराम चौबे, मदन दत्ता, मंसूर अंसारी सहित अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री की PMO में शिकायत रंग लाई: महंगी किताबों पर लगाई लगाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया-** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी की पीएमओ में की गई शिकायत पर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। शिक्षा मंत्रालय और यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मिलकर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों के खेल पर सख्ती बरतते हुए अभिभावकों को बड़ी राहत दी है।

**क्या है पूरा मामला फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री**

बलिया के काशीपुर न्यू कॉलोनी निवासी जितेंद्र चतुर्वेदी ने 6 अप्रैल 2026 को PMO जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत संख्या PMOPG/E/2026/0057624 दर्ज कराई थी। शिकायत में स्कूलों द्वारा निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें और गाइड खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाने का मुद्दा उठाया गया था। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 13 अप्रैल 2026 को इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश को जांच और कार्रवाई के लिए भेज दिया। मंत्रालय के अवर सचिव विपिंदर चंदर चमोली ने पत्र जारी कर 'उचित कार्रवाई' के निर्देश दिए थे।

**PMO की शिकायत के बाद यूपी बोर्ड का एक्शन**

मंत्रालय से पत्र मिलने के बाद यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद हरकत में आई।



Subject: Public Grievance of Shri Jitendra Chaturvedi, Uttar Pradesh-reg.



अपर सचिव प्रशासन सत्येन्द्र कुमार सिंह ने 26 मई 2026 को विस्तृत जवाब भेजा, जिसमें बताया गयाः 1. किताबें पहले से उपलब्धः सत्र 2026-27 के लिए NCERT और परिषद की किताबों का मुद्रण ई-टेंडर से रु रेट पर कराया गया। फरवरी 2026 से ही सभी पाठ्यपुस्तकें खुले बाजार में उपलब्ध हैं। 2. निजी प्रकाशकों पर नकेलः सभी DIOS, उप शिक्षा निदेशक और संयुक्त शिक्षा निदेशक को निर्देश कि कोई भी स्कूल बच्चों को महंगी/अनधिकृत किताबें खरीदने को बाध्य न करे। 3. जागरूकता शिविर लगेंगेः परिषद ने पूरे प्रदेश में 'पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर' लगाने के आदेश दिए हैं। इन शिविरों का व्यापक प्रचार होगा ताकि अभिभावक सरकारी दर पर किताबें खरीद सकें। 4. शिकायत पर तुरंत जांचः अगर कोई स्कूल निजी किताबें लागू करता है तो जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल जांच कर कार्रवाई करनी होगी। इसका सतत् अनुश्रवण हो रहा है।

**व्यापार मंडल ने जताई संतुष्टि**

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि क्ष्ह में शिकायत का मकसद सिर्फ इतना था कि आम अभिभावकों पर किताबों का अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। 'सरकार और बोर्ड ने त्वरित संज्ञान लिया, इसके लिए हम आभारी हैं। अब जरूरी है कि जमीनी स्तर पर इसका सख्ती से पालन हो ', उन्होंने कहा।

**अभिभावकों के लिए जरूरी जानकारी**

यूपी बोर्ड ने साफ किया है कि NCERT की किताबें बाजार में उपलब्ध हैं और कोई भी स्कूल निजी गाइड या महंगी किताब के लिए बाध्य नहीं कर सकता। उल्लंघन होने पर अभिभावक सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक या 1076 जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस कार्रवाई से प्रदेश के लाखों अभिभावकों को सत्र 2026-27 में किताबों पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से राहत मिलने की उम्मीद है।

## सड़क की हालत खराब आवागमन में दिक्कत

**सिद्धार्थनगर।**उसका बाजार कस्बे के कांशीराम नगर वार्ड में आवागमन के लिए बनी सड़को की हालत ठीक नहीं है। खराब सड़क से वार्ड के लोगो को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। वार्ड के नागरिक रोशन ने बताया की सड़क की हालत काफी खराब है। सड़के जगह जगह टूट चुकी है। लोग चोटिल हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुर्जुगों को हो रही है। नागरिकों ने प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की है। जल निकासी न होने से परेशानी सिद्धार्थनगर। उसका बाजार कस्बे के अंबेडकर नगर और काशीराम नगर वार्ड को जोड़ने वाली सड़क पर जलजमाव से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है साथ ही इस गर्मी में संक्रामक बीमारी के फैलने की संभावना प्रबल हो गई है। सड़क के किनारे पर काफी जल जमाव है। जलनिकासी की व्यवस्था न रहने से सड़कों पर पानी पसरा रहता है। नागरिकों ने प्रशासन से जल जमाव की समस्या दूर करने की मांग की है। कटिया कनेक्शन पर होगी कार्यवाही सिद्धार्थनगर।उसका बाजार क्षेत्र के घर या दुकान में कटिया (अवैध/सीधे पोल से डाले गए तार) कनेक्शन पाया जाता है, तोऐसे लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जाएगा। यह बातें विद्युत उपकेंद्र उसका बाजार के अवर अभियंता कायम सिंह ने कही है। उन्होंने कहा की सभी उपभोक्ता नियम के तहत कनेक्शन से ही विद्युत का उपयोग करें। समय से बिजली का बिल जमा करें। विद्युत आपूर्ति में किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर विद्युत उपकेंद्र पर सूचित करें। जिससे विद्युत समस्या का त्वरित समाधान हो सकें।

# आजाद क्रिकेट क्लब तोड़ार मे डे नाइट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन, अभिनव सिद्धार्थ रहे मुख्य अतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः-** लोहरदगा जिला के तोड़ार गाँव में आयोजित आजाद क्रिकेट क्लब डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में अजहर क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में कड़ा संघर्ष करने वाली हीरही बी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। टूर्नामेंट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथियों में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजर अंसारी, युवा कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी और विधानसभा उपाध्यक्ष फारुख हुसैन मुख्य रूप से शामिल हुए। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**शानदार खेल का प्रदर्शन, ये टीमें रहीं टॉप पर**

इस डे-नाइट टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें खेल भावना और रोमांच का अद्भुत नजारा देखने को मिला। फाइनल रैंकिंग के अनुसारः

प्रथम (विजेता): अजहर क्रिकेट क्लब
द्वितीयः हीरही बी
तृतीयः कुजी क्रिकेट क्लब
चतुर्थः ताजुद्दीन क्रिकेट क्लब
पंचमः अम्बा टोली
छठाः मन्हो की टीम

युवाओं को खेल से जोड़ने की जरूरतः अतिथि

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के डे-नाइट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि संजर अंसारी और गुलाम जिलानी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए आजाद क्रिकेट क्लब के सफल आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, राजू बाखला, अंजुमन इस्लामिया के सदर एवं सेक्रेट्री एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण उपस्थित हुए।

# भदोही साइकिलिंग क्लब ने मनाया विश्व साइकिल दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंजः** विश्व साइकिल दिवस के विशेष अवसर पर 'भदोही साइकिलिंग क्लब' द्वारा एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के प्रेरणादायी नेतृत्व में इस यात्रा ने नागरिकों को सेहत और प्रकृति के प्रति जागरूक किया। उनके अटूट संकल्प की बदौलत आज समाज के सभी वर्गों ने एक साथ आकर 'स्वच्छ, हरित और समृद्ध भारत' के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया है। 'गोपीगंज के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़े चौराहे से, सेहत और पर्यावरण संरक्षण के महाअभियान में 'भदोही साइकिलिंग क्लब' ने विश्व साइकिल दिवस पर जनता के साथ मिलकर एक अद्भुत मिसाल पेश की है। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पर्यावरण योद्धा 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी ने सभी को इस महापर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समाज को जागृत करते हुए एक बेहद क्रांतिकारी संदेश दियाः 'साइकिल दुनिया का सबसे सरल, सबसे सस्ता और पर्यावरण का सबसे बड़ा रक्षक है। छोटी-मोटी दूरियों के लिए कार या मोटरसाइकिल निकालकर धरती पर प्रदूषण का बोझ न बढ़ाएं। अपने आसपास के कार्यों के लिए साइकिल को अपना हमसफर बनाएं। इससे एक साथ तीन महा-कल्याण होंगे—आपका काम भी पूरा होगा, आपका शरीर रोगों से मुक्त होकर ऊर्जावान बनेगा और हमारा पूरा वातावरण शुद्ध और समृद्ध रहेगा। ' साइकिल मैन ऑफ भदोही ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा शहीद तिराहा, कांजी हाउस, आज़ाद नगर, झिलियापुल, गोपपुर, पर्वतपुर, अमवा ट्यूबवेल, अमवा माफ़ी के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँची। पूरी यात्रा के दौरान साइकिल सवारों का जोश देखने लायक था। 'साइकिल अपनाएँ, स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की ओर कदम बढ़ाएँ।' साइकिल चलाएँ, ईंधन बचाएँ, जैसे नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा। 'हिंदुस्तान जिंदाबाद', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ यात्रियों ने संकल्प लिया कि 'हम सबने यह ठाना है, पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है। लोगों को स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए यह यात्रा अमवा माफ़ी में समाजसेवी जगदीश यादव के आवास पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। इस मुहिम को सफल बनाने में जगदीश यादव, सरफराज अहमद, प्रमोद मौर्या, श्याम सुंदर बिंद, महेंद्र यादव, मैनुद्दीन, राजू बाजीगर, आजम अंसारी, जिगर गुप्ता, शमसुल आरफीन, अनिकेत मौर्या, रितिक कनौजिया, आशीष बिंद, अहेम मोदनवाल, मोहम्मद इमरान, अभी कनौजिया, अपूर्व जायसवाल, आदर्श बिंद, अजहान खान, अबू हुरैरा, उज्जवल गुप्ता, ताहा खान, हिमांशु बिंद, मुज्तबा अंसारी, इरफान अंसारी, रोहित बिंद, अजहर जमाल, मोहित बिंद, नकीउद्दीन शेख, नीरज बिंद, फैज शेख, रतन बिंद सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### गेंहू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

**चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**
**नयागांव पुलिया के पास हुआ दर्दनाक हादसा**
**अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत पिपरियावंशा स्थित नयागांव पुलिया के पास मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में मिट्टी के बर्तन बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार गेंहू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में नईबस्ती, कस्बा जाखलौन निवासी साफिर उर्फ साकिर पुत्र हमीद खां ने बताया कि उनका छोटा भाई इकबाल फेरी लगाकर मिट्टी के बर्तन बेचने का काम करता था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह पिपरियावंशा में नयागांव पुलिया के पास टैक्सी से उतरकर गांव की ओर बर्तन बेचने जा रहा था। इसी दौरान जाखलौन की ओर से आ रहे गेहूं से लदे एक आईसर ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए इकबाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इकबाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ललितपुर भेजा गया, जहां इकबाल को मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर के इंजन एवं चेसिस नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं धारा 106 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दोन्नति पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित का भव्य सम्मान, शिक्षक संगठनों ने दी शुभकामनाएं



महरौनी। खण्ड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संवर्ग में पदोन्नत होने पर विभिन्न शिक्षक संगठनों एवं बीआरसी स्टाफ द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री रामसेवक निरंजन, संजीव पटेरिया, दयाशंकर राजकुमार, रामेश्वर प्रसाद, संतोष गुप्ता, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री महेश चौहान, संघर्ष समिति अध्यक्ष विनोद रजक, महामंत्री डी.एल. यादव, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दयाराम विश्वकर्मा, महामंत्री बालकिशन कुशवाहा, अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिवसहाय श्रीवास्तव, महामंत्री सौरभ सोनी तथा एआरपी सीताराम सोनी ने पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि श्री पुरोहित का कार्यकाल महरौनी शिक्षा जगत के लिए स्वर्णिम रहा है। उनके मार्गदर्शन में ब्लॉक ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जिस जनपद में भी सेवाएं देंगे, वहां भी उत्कृष्ट कार्यों की नई मिसाल स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं बीआरसी स्टाफ उपस्थित रहा।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगी राहत, जिला उद्योग व्यापार मंडल ने शुरू कराया शुद्ध जल प्याऊ

**ललितपुर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए ललितपुर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सिंघई एंड कंपनी से प्रतिवर्ष की भांति शुद्ध जल प्याऊ शुरू करने का आग्रह किया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर सिंघई एंड कंपनी ने तत्काल आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर बुधवार, 03 जून 2026 को लगभग 20 मटकों की स्थापना कर शुद्ध जल प्याऊ का शुभारंभ कराया। जिला उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा शुभारंभ किए गए इस प्याऊ से प्रतिदिन हजारों राहगीरों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार महोली, उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डॉ. संजीव कड़की, पंडित नवनीत किलेदार, संजय जैन रिंकू, सुमित कछालिया, जिला मंत्री मुरारी सोनी, अनिल मामा-भांजा, पवन दाऊ, शिखर जैन, संजीव सोरया, मंगू पहलवान, मनीष मनपसंद, अमन जैन, निलेश सिंघई, जफर खान, फिरोज खान, राहुल सिंघई, भागचंद्रन जैन, डॉ. अनिल जैन, जगदीश कुशवाहा, प्रवेश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नयागांव के किसान की संदिग्ध हत्या से सनसनी

**● दोनों हाथ कटे मिले, परिजनों ने लगाया अपहरण कर हत्या का आरोप**

**घंटाघर पर ग्रामीणों संग प्रदर्शन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे होने और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को शहर के घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ग्राम नयागांव निवासी अनिल झां पुत्र धनीराम ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता धनीराम पुत्र हरदास अपने कुएं वाले खेत में लगे आम के पेड़ों की रखवाली कर रहे थे। आरोप है कि 27 मई 2026 को दोपहर करीब तीन बजे गांव के ही गफूर खां, कलामुद्दीन, वाहिद तथा कन्छेदी वहां पहुंचे और आम के पेड़ों पर अपना दावा जताते हुए धनीराम को रखवाली करने से रोकने लगे। शिकायत के अनुसार जब धनीराम और उनके पुत्र अनिल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि यदि आम के पेड़ों की रखवाली की गई या फल तोड़े गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस संबंध में सूचना गांव के चौकीदार को भी दी गई थी। परिजनों का कहना है कि 31 मई की रात करीब नौ बजे अनिल अपने पिता को खाना देने खेत पर पहुंचे, लेकिन धनीराम वहां नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन थाने में सूचना दी गई और तलाश जारी रही। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खोजबीन के दौरान उन्होंने गांव के बाहर एक कुएं के पास कथित रूप से आरोपियों को उनके पिता को मुंह बंद कर जबरन वाहन में ले जाते हुए देखा था, लेकिन रात अधिक होने के कारण तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सके। इसी बीच 2 जून की शाम करीब छह बजे राजघाट बांध के बरदेही क्षेत्र के पास धनीराम का शव मिलने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। आरोप है कि मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे हुए थे और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। इसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को ललितपुर शहर के घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को जांच का विषय बताते हुए सभी पहलुओं पर पड़ताल शुरू कर दी है।

## शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को शीघ्र मिले स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ : डा.हेमंत तिवारी

**● शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बीएसए से की मुलाकात, शासन की मंशा के अनुरूप जल्द क्रियान्वयन की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी शासनादेश जारी किए जाने के बाद शिक्षक संगठनों ने इसके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग तेज कर दी है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने बीएसए से मुलाकात कर सभी पात्र कर्मचारियों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जल्द उपलब्ध कराए जाने की मांग की। बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा, शासनादेश तथा बेसिक शिक्षा निदेशक के पत्रांक 130904-14002 दिनांक 2 जून 2026 के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों को स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों को यह सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने बीएसए से यह भी मांग की कि ऐसे शिक्षामित्र एवं अनुदेशक, जो कम मानदेय, शारीरिक अस्वस्थता अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों से नियमित रूप से विद्यालयों में सेवाएं नहीं दे पा रहे थे, उनके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए मानदेय और सकारात्मक वातावरण में उन्हें पुनः नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ विद्यालयों में कार्य करने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र एवं अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और उनके अनुभव का लाभ विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। इससे विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा तथा राष्ट्र निर्माण के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी देवेंद्र श्रीवास्तव 'गुरु' ने भी नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। शिक्षक संगठनों ने उम्मीद जताई है कि शासन की इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का लाभ जल्द ही जनपद के हजारों शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को मिल सकेगा।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर 48 प्रगणकों का वेतन रोका

**●दो दिवस में प्रगति सुधारने के निर्देश, अन्यथा होगी कठोर कार्रवाई**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद की चारों तहसीलों में कार्यरत प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में पाया गया कि कुल 48 प्रगणकों द्वारा आवंटित प्रगणना ब्लॉकों में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इन 48 प्रगणको में रावर्टसगंज के 19, घोरावल के 10, दुद्धी के 10, ओबरा तहसील 09 सम्मलित है। प्रगणकों द्वारा एच0एल0ओ0 एप पर परिवारों की संख्या संबंधी आंकड़ों का सिंक नहीं किया गया है, जिससे कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 48 प्रगणकों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस के भीतर कार्य में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्री से संबंधित चार्ज अधिकारियों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष तेजी लाने के निर्देश दिये।

## ओवरलोड परिवहन पर एनटीपीसी की सख्ती, वाहन मालिकों का धरना शुरू

**●परिवहन दर बढ़ाने की मांग को लेकर एस डाइक परियोजना में ठप हुआ राख ढुलाई कार्य, आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर /सोनभद्र-** एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन द्वारा ओवरलोड परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाने के बाद राख ढुलाई कार्य में लगे वाहन मालिकों ने परिवहन दरों में वृद्धि की मांग को लेकर बुधवार को सिरसोती गांव के अधौरा टोला में अपने वाहन खड़े कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वाहन मालिकों का कहना है कि वर्तमान दरों पर बिना ओवरलोडिंग के परिवहन कार्य करना आर्थिक रूप से घाटे का सौदा साबित हो रहा है। धरने पर बैठे वाहन संचालकों ने आरोप लगाया कि ओवरलोड वाहनों पर लगातार चालान और कार्रवाई होने से उनकी आय प्रभावित हुई है, जबकि डीजल, रखरखाव और अन्य खर्चों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मौजूदा दरों पर कार्य करना संभव नहीं है।

**दर वृद्धि तक जारी रहेगा आंदोलन**

मोटर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज बैसवार एवं विजेंद्र सिंह उर्फ बग्गा सिंह ने बताया कि वर्तमान में भभुआ के लिए 920 रुपये प्रति टन तथा चंदौली के लिए 820 रुपये प्रति टन की दर से भुगतान किया जा रहा है, जो परिवहन लागत की तुलना में बेहद कम है। उन्होंने कहा कि जब तक संविदाकारों द्वारा परिवहन दरों में बढ़ोतरी नहीं की जाती, तब तक वाहन मालिक अपने वाहन खड़े रखकर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरना प्रदर्शन में सौरभ यादव, राजेश यादव, विजय यादव, बबलू सिंह, मुन्ना सिंह, दिनेश बैसवार, मोसिम शेख, रामबरन तथा संदीप केशरी सहित बड़ी संख्या में वाहन मालिक मौजूद रहे।

**ओवरलोडिंग पर नहीं होगी कोई ढील : एनटीपीसी**

इस संबंध में एनटीपीसी रिहंद के उप प्रबंधक (मानव संसाधन) रौशन कुमार ने स्पष्ट किया कि कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि किसी भी परिस्थिति में ओवरलोड परिवहन नहीं कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवहन दरों का निर्धारण वाहन मालिकों और संविदाकारों के बीच का विषय है तथा एनटीपीसी का मुख्य उद्देश्य नियमों के अनुरूप सुरक्षित एवं वैध परिवहन सुनिश्चित करना है। मुख्य मांगें-परिवहन दरों में तत्काल वृद्धि। बढ़ती लागत के अनुरूप भुगतान व्यवस्था। ओवरलोडिंग पर कार्रवाई के बाद नई दरों का निर्धारण।मांगें पूरी होने तक वाहनों का संचालन बंद रखने की चेतावनी।स्थिति पर नजर धरने के चलते एस डाइक क्षेत्र में राख परिवहन कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। अब सभी की निगाहें संविदाकारों और वाहन मालिकों के बीच होने वाली संभावित वार्ता पर टिकी हैं।

## बसपा की सेक्टर एवं बूथ गठन बैठक संपन्न

**● 2027 में बहन मायावती को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प**

**जामुनधाना सेक्टर में बूथ गठन के साथ नए पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने सेक्टर क्रमांक 52 जामुनधाना अंतर्गत बूथ संख्या 586 एवं 587 के बूथ गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि झांसी मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में रामसिंह कुशवाहा, केहरसिंह गौतम (मंडल प्रभारी), जानकी प्रसाद बौद्ध एड.(जिलाध्यक्ष), कीरत सिंह लोधी (पूर्व विधानसभा प्रभारी), संतोष अहिरवार (तालबेहट विधानसभा अध्यक्ष) तथा अर्जुन लाल (सेक्टर प्रभारी) सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए, जिनकी देशभर में मिसाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे, डा.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध प्राविधिक विश्वविद्यालय, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, मान्यवर कांशीराम शहरी आवास योजना, थाना दिवस एवं तहसील दिवस जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं और व्यवस्थाएं बसपा शासनकाल की देन हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लें, ताकि बहुजन समाज पार्टी की सरकार पुनः प्रदेश में बन सके और आमजन को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा सामाजिक न्याय का लाभ मिल सके। बैठक के दौरान संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। अनूप तिवारी को सेक्टर सचिव, लाल सिंह अहिरवार को सेक्टर अध्यक्ष, दिनेश अहिरवार को बूथ संख्या 588 (बरोदा बिजलोन) का बूथ अध्यक्ष, धर्मेंद्र रजक को बूथ सचिव, शीतल को बूथ सचिव, सुग्रीव अहिरवार को बूथ अध्यक्ष तथा दशरथ अहिरवार को सेक्टर सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में रायसिंह राजपूत, देव सिंह नेता, प्रीतम, देवी सिंह, जसराथ, गणेश, देशपथ, भागीरथ, आसाराम, सुग्रीव अहिरवार, पहलवान सिंह, कोमलचंद अहिरवार, हल्लू, सरमनलाल, मोहन, राजेश गौतम, श्यामदास, धर्मेंद्र कुमार रजक, चिंटूलाल, नीरज, मनीराम, उत्तम सिंह, लाल सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया।

## कार्ड धारकों की शिकायत पर गांव का राशन कोटा बदला गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** विकास खंड कोंच क्षेत्र के ग्राम बरोदा कलां में राशन कार्ड धारकों द्वारा गत दिवस पूर्व की गई घटतौली और अभद्रता की शिकायत पर सरकारी राशन कोटा पर बड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई है। आपूर्ति निरीक्षक कोंच मनोज कुमार तिवारी ने बताया है कि शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच जारी है, कोटेदार को लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस दिया गया है और स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बरोदा कलां के राशन कार्ड धारकों को फिलहाल चमेंड गांव में स्थित सरकारी कोटा से संबद्ध कर दिया गया है जहां उन्हें राशन सामग्री प्राप्त होगी। गौरतलब हो कि बरोदा कलां गांव निवासी जगजीवन, बालकिशुन, धर्मेंद्र, मंगल सिंह, अभिषेक, अतर सिंह, नीरज, गुल्लू, दुष्यंत, बलबान सिंह, बृजेश, अवधेश, जानकी प्रसाद आदि ग्रामीणों ने बीती 31 मई को थाना कैलिया पुलिस सहित एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को अलग-अलग दिए अपने शिकायती पत्र में बताया था कि गांव का कोटेदार मंशाराम अहिरवार दो अलग-अलग कांटामाप रखकर राशन सामग्री वितरण में घटतौली करता है। बकौल शिकायतकर्ता, 31 मई को जब राशन सामग्री लेने गए तो फिर से कोटेदार ने घटतौली की और इसका जब वीडियो बनाना चाहा तो कोटेदार के कहने पर उसके नाती ने मोबाइल छीनकर तोड़ डाला व गाली गलौच कर धमकी दी। सरकार की प्रमुख योजना और लाभार्थियों से सीधे तौर पर जुड़ी उक्त शिकायत समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत के आदेश पर मंगलवार शाम को तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब वह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी, तब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। बाद में न्यायालय की शरण लेने पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए। कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट में वाद दायर करते हुए बताया कि 20 मार्च को वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद पैदल घर लौट रही थी। आरोप है कि मलंगा पुल के पास एक परिचित युवक उसे मिला और बहाने से सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके दो अन्य साथी पहले से मौजूद थे। महिला का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने उसे धमकाया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उसने अपनी बीमारी और असहाय स्थिति का हवाला देकर विरोध भी किया, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी। घटना के बाद पीड़िता शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों कुंवरपुरा निवासी ऋतिक, भगत सिंह नगर निवासी योगेश और यासीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी अधिवक्ताओं एवं मुंशियों के विरुद्ध सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने चलाया संयुक्त सघन जांच अभियान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को संपूर्ण कचहरी परिसर में बिना पंजीकरण कार्य कर रहे फर्जी अधिवक्ताओं एवं मुंशियों की पहचान हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट एवं पूर्व उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट व सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट एवं महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी एडवोकेट ने किया । अभियान के दौरान बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अधिवक्ताओं की सूची से मिलान कर परिसर में उपस्थित सभी व्यक्तियों के परिचय-पत्र एवं पंजीकरण प्रमाण-पत्रों की जांच की गई। सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर परिसर से बाहर किया गया तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु रिपोर्ट तैयार की जा रही है। न्यायिक व्यवस्था की गरिमा और वादकारियों के हितों की रक्षा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, बिना पंजीकरण के वकालत करना अधिवक्ता अधिनियम, 1961 का स्पष्ट उल्लंघन है। हम यह अभियान नियमित रूप से चलाएंगे ताकि कचहरी परिसर दलाल-मुक्त रहे।

**डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि**

पिछले कुछ समय से फर्जी मुंशियों और अधिवक्ताओं द्वारा वादकारियों से धन उगाही की शिकायतें मिल रही थीं। यह अभियान वादकारियों को शोषण से बचाने की दिशा में एक ठोस कदम है। हम सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे अपने मुवक्किलों को जागरूक करें और केवल अधिकृत मुंशियों को ही रखें। दोनों बार मिलकर न्यायिक परिसर की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अभियान में योगेश कुमार द्विवेदी, पवन कुमार सिंह, ओम कुमार चतुर्वेदी,संतोष पटेल, राजेश कुमार यादव, धीरज कुमार पांडेय, सुरेश सिंह कुशवाहा, अशोक पाठक, प्रवीण प्रताप सिंह, आशीष मिश्रा मंटू, टीटू गुप्ता, शारदा मौर्य,संतोष यादव, कामता यादव आज अधिवक्ता गण सम्मिलित रहे ।

## जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा 04 जून को करेंगे सोनभद्र का दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, हंसराज विश्वकर्मा दिनांक 04 जून 2026 को जनपद सोनभद्र के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मा0 मंत्री जी प्रातः 09:00 बजे वाराणसी स्थित सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 10:30 बजे सर्किट हाउस, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र पहुंचेंगे। इसके उपरांत वह जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। प्रातः 11:00 बजे मा0 प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार, रॉबर्ट्सगंज में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के संबंध में प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की तैयारी एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 01:10 बजे सर्किट हाउस, रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। दोपहर 02:00 बजे मध्याह्न भोजन के उपरांत मा0 मंत्री जी अपराह्न 02:45 बजे वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सायं 04:30 बजे सर्किट हाउस, वाराणसी पहुंचेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम एवं एसपी ने टीजीटी परीक्षा केंद्रों का किया संयुक्त निरीक्षण




प्रतापगढ़। जनपद में बुधवार से प्रारम्भ हो रही प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने एमडीपीजी कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ परीक्षा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। डीएम एवं एसपी ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद में टीजीटी लिखित परीक्षा कुल 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### तीन गैंगस्टर आरोपियों की 45 लाख की संपत्ति कुर्क की गई

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मो. इलियास पुत्र जान मोहम्मद निवासी रंजीतपुर चिलबिला कोतवाली नगर की 20 लाख रुपए की चल अचल संपत्ति कुर्क की गई।मो. इलियास की एक महिंद्रा टीयूवी कीमत 6 लाख,फर्म किसान ग्रामोद्योग आंवला फैक्ट्री कीमत 14 लाख रुपए को कुर्क किया गया।इसी तरह गैंग सरगना प्रमुख मस्सन पुत्र लतीफ निवासी आम मऊ ककरहा थाना अंतू की 8 लाख 30 हजार की चल संपत्ति मे ह्यूंडई क्रेटा कार कीमत 7 लाख, रॉयल एनफील्ड बुलेट कीमत 1 लाख 30 हजार को कुर्क किया। इसी तरह गैंगस्टर अलीम उर्फ मोनू पुत्र लतीफ जो कि मस्सन का भाई है उसकी 17 लाख की संपत्ति कुर्क की गई। कुर्क कि गई चल संपत्ति मे स्कॉर्पियो कीमत 12 लाख,बोलोरो 4 लाख व एक पुरानी बोलोरो कीमत 1 लाख रुपए को कुर्क किया गया।

### दुष्कर्म एवं धमकी के मुकदमे में अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा विवाह से इंकार करने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई।प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कुण्डा पुलिस उ0नि0 चन्द्रबली सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म एवं धमकी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।थाना कुण्डा पर पंजीकृत मुकदमा अंतर्गत धारा 376, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त अरविन्द पाल पुत्र बुधई पाल उर्फ राम आसरे निवासी ग्राम कुढ़ा, थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़, उम्र लगभग 24 वर्ष को मझिलगांव बाईपास से गिरफ्तार किया गया।

### चर्चित बवाल प्रकरण में वांछित प्रत्येक 10 अभियुक्तों पर 10,000 का पुरस्कार घोषित

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 191(2), 191(3), 190, 119(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस में वांछित एवं फरार चल रहे 10 नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक पर 10,000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया है।उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण 30 मई को हुई घटना से लगातार फरार चल रहे हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पट्टी पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी, संभावित स्थानों पर दबिश तथा अन्य आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु अब तक गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्राचीन श्री चित्रगुप्त भगवान पंचधाम मंदिर, टेऊंगा, प्रतापगढ़ में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, प्रतापगढ़ द्वारा मंगलवार को श्री चित्रगुप्त भगवान एवं हनुमान जी का दिव्य पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्रसेन श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद श्रीवास्तव (संस्थापक, साकेत शिक्षण संस्थान), डॉ. सुशील कुमार सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष, कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट एवं निदेशक, द्वारका हॉस्पिटल, प्रयागराज) तथा श्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव (प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नीरज त्रिपाठी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ ने की तथा संचालन सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, प्रतापगढ़ ने किया।मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का बुके एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत एवं सम्मान समारोह में आशीष कुमार श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष, जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन एवं जिलाध्यक्ष अधिवक्ता महासभा),दीपक श्रीवास्तव (जिला महामंत्री), संजय श्रीवास्तव (जिला कोषाध्यक्ष), राजीव कुमार श्रीवास्तव (जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ), अनुपम श्रीवास्तव उर्फ बी.के. लाला (जिलाध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ),नवीन श्रीवास्तव (सदर तहसील अध्यक्ष),रजनीश कुमार श्रीवास्तव (पट्टी तहसील अध्यक्ष),सुधीर श्रीवास्तव अधिवक्ता (रानीगंज तहसील अध्यक्ष),अमित श्रीवास्तव 'बाबा' (कुंडा तहसील अध्यक्ष) सहित नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।मुख्य अतिथि डॉ. इंद्रसेन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज को सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करते हुए राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए समाज की एकजुटता आवश्यक है। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. नीरज त्रिपाठी ने सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती एवं समाज के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। अंत में जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं स्वजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# सिद्धार्थनगर : निजी अस्पताल में नवजात की मौत, डॉक्टर, जीएनएम,आशा बहू व प्रबंधक पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर आशा बहू, डॉक्टर, जीएनएम और अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लोटन से कुछ ही दूरी पर संचालित सदभावना हॉस्पिटल एंड फ्रैक्चर क्लीनिक में हुई। जिले में प्रसव के दौरान नवजातों की मौत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले 2सप्ताह में नवजात की मौत का यह दूसरा मामला है, जिसने स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के संचालन पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मृतक नवजात के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोटन थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आशा बहू पुष्पा, डॉक्टर नज़रुल हसन, जीएनएम पूजा जायसवाल और अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित हरिशंकर मौर्य ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह अपनी गर्भवती बहू रूबी को प्रसव के लिए सीएचसी लोटन ले गए थे। वहां जांच और अल्ट्रासाउंड के बाद स्थिति सामान्य बताई गई, लेकिन बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि रेफर होने के बाद गांव की आशा बहू पुष्पा ने उन्हें जिला अस्पताल न ले जाकर सीधे सदभावना हॉस्पिटल एंड फ्रैक्चर क्लीनिक पहुंचा दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर नज़रुल हसन और जीएनएम पूजा जायसवाल ने दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया। परिजनों के अनुसार, रात करीब 8 बजे प्रसव कराने के दौरान महिला के पेट को दबाकर जबरन डिलीवरी कराने की कोशिश की गई, जिससे गर्भ में पल रहे नवजात की मौत हो गई। परिवार का यह भी आरोप है कि बच्चे की मौत के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने लगभग एक घंटे तक उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी और स्थिति छिपाने का प्रयास किया। मामला तब और गंभीर हो गया जब परिजनों ने आरोप लगाया कि नवजात के बारे में जानकारी मांगने पर अस्पताल में मौजूद जीएनएम पूजा जायसवाल ने प्रसूता का एक छोटा ऑपरेशन भी किया था, लेकिन बच्चे की मौत के बाद वह महिला को बिना टांका लगाए ही अस्पताल छोड़कर चली गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने स्थिति संभालने के बजाय खुद को बचाने की कोशिश की। जब परिजनों को बच्चे की मौत की जानकारी हुई तो अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। इस दौरान अस्पताल का अधिकांश स्टाफ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन से पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर बताया गया कि सभी कागजात कार्यालय में जमा हैं और एक सप्ताह के भीतर पंजीकरण हो जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रसव के मामलों में मरीजों को निजी अस्पतालों तक पहुंचाने के बदले आशा बहुओं को चार से छह हजार रुपये तक का कमीशन मिलने की चर्चाएं आम हैं। इसी लालच में कई बार गरीब परिवार सरकारी व्यवस्था छोड़कर ऐसे निजी संस्थानों तक पहुंच जाते हैं।

# सभी अधिकारी कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति सचेत रहें - एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** एडीजी जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा जनपद कन्नौज भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सम्बन्धी अपराधों की अद्यतन स्थिति, संवेदनशील प्रकरणों की समीक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान अपराधों के प्रभावी नियन्त्रण, महिला सुरक्षा एवं जनसुनवाई से जुड़े प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, थाना स्तर पर सतर्कता, निरोधात्मक कार्यवाहियों में तेजी तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया गया। साथ ही सभी अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क, उत्तरदायी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया। तत्पश्चात व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सुरक्षा सम्बन्धी अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया। व्यापारियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये तथा व्यापारिक गतिविधियों के सुचारु संचालन, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं पुलिस-व्यापारी समन्वय को बेहतर करने पर विशेष बल दिया गया। इसके उपरान्त मीडिया बन्धुओं से भेंट कर संवाद स्थापित किया गया तथा जनहित एवं सुरक्षा सम्बन्धी विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए सकारात्मक समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हरीश चन्दर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक, जनपद कन्नौज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शारीरिक शोषण की शिकायत से नाराज कामांध युवक ने उन्नाव में हत्या कर बुलंदशहर में फेंकी लाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शरीर की आग बुझाने यानी वासना में अंधे कामांध युवक ने बहाने से बुलाकर कानपुर में रहने वाली युवती की उन्नाव में गोली मारकर हत्या कर दी। इस युवती ने 19 मई को सदर कोतवाली में नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने की शिकायत की थी। जिससे हत्यारा युवक बहुत-बहुत नाराज था। उसका अपहरण उसके निवास क्षेत्र बर्रा से किया गया था । इसके बाद उसके शव को बुलंदशहर जाकर फेंक दिया। मामले युवती की मां ने उन्नाव के नर्सिंगहोम संचालक और उसके भतीजे के खिलाफ अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा कराया था। फिलहाल जांच में जुटी पुलिस आरोपित भतीजे को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्हें हत्या कबूल कर ली और दबाव बनने पर नर्सिंगहोम संचालक ने भी थाने में सरेंडर कर दिया। वहीं, शव की बरामदगी के लिए आरोपित भतीजे को लेकर पुलिस एक टीम बुलंदशहर को रवाना हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से उन्नाव की रहने वाली महिला बच्चों की पढ़ाई के लिए बी-ब्लाक कर्रही विश्वबैंक बर्रा में किराए का कमरा लेकर रहती है। 25 मई को उन्होंने बर्रा थाने में उन्नाव के शेखपुर स्थित उत्तम हास्पिटल के संचालक देवकांत उत्तम और उसके रिश्ते में भतीजे व एंबुलेंस चालक विवेक पटेल के खिलाफ मुकदमा कराया था। इसके बाद ही अपहरण करके इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में गहनता से जुटी है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कई बार आवाज उठाया, जिम्मेदार गम्भीर नहीं हुए - विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा के विधायक विनय वर्मा ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कहा है कि मधवापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी के गेट के गिरने से एक मजदूर की मृत्यु एवं अन्य श्रमिकों के घायल होने की घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, घायलों के इलाज का समुचित प्रबंध , मुआवजा तथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मधवापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी के गेट के अचानक गिर जाने से एक मजदूर की मलबे में दबकर मृत्यु हो जाना तथा छह अन्य मजदूरों के घायल हो जाने की सूचना से मेरा हृदय अत्यंत व्यथित है। लगभग 5.56 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस मछली मंडी के गेट का इस प्रकार ढह जाना मेरे द्वारा समय-समय पर उठाई जा रही अनियमितताओं, भ्रष्टाचार तथा निर्माण के गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को सत्यापित करता है। निर्माण कार्य में मानकों की घोर अनदेखी की जा रही है तथा गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग हो रहा है। यदि कार्य मानकों के अनुरूप होता तो बिना किसी आंधी-तूफान या प्राकृतिक आपदा के निर्माणाधीन गेट इस प्रकार भरभराकर नहीं गिरता। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण, स्टेडियम, कटानरोधी कार्य, सिंचाई परियोजनाएं सहित अन्य विकास कार्यों में भी मैं निरंतर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ता संबंधी गंभीर शिकायतें की गई, किंतु प्रत्येक मामले में शिथिलता एवं उदासीनता ही बरती गई। उन्होंने मांग किया है कि घटना की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच (मजिस्ट्रेटीय जांच) कराई जाए। निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, इंजीनियरिंग स्टाफ तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। मृतक मजदूर के परिजनों को उचित मुआवजा तथा घायल मजदूरों को सर्वश्रेष्ठ इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और मृतक सहित सभी घायलों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। समस्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ता जांच एवं दोषी अधिकारियों/ठेकेदारों के विरुद्ध जिम्मेदारी निर्धारित की जाए।

# सिद्धार्थनगर में निर्माणाधीन मत्स्य मंडी का गेट जमींदोज , मलवे के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत , पांच घायल

● डीएम - एसएसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तुलसियापुर के निकट मधवापुर में निर्माणाधीन मत्स्य मंडी के गेट का छत, स्लैब ढलाई होते समय पूरा हिस्सा भर भराकर जमींदोज हो गया। मलवे के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि पांच घायल हो गए। बुधवार को दोपहर करीब 12:00 बजे मधवापुर में लगभग 5 करोड़ 56 लाख से निर्माणाधीन मत्स्य मंडी गेट के छत ढलाई का कार्य मजदूरों द्वारा किया जा रहा था। सीमेंट, बालू, गिट्टी आदि निर्माण मैटेरियल तैयार कर गेट का निर्माण कार्य आधा दर्जन मजदूर कर रहे थे। अचानक पूरा छत मेटेरियल सहित भर भराकर नीचे धराशायी हो गया। जिसमें थाना क्षेत्र के धरूआर निवासी बुधीराम (45 वर्ष) पुत्र नीवर व राजेंद्र (20 वर्ष) पुत्र बुधई , मड़नी निवासी आलम (30 वर्ष) पुत्र मोहम्मद शफ़ी, मानपुर निवासी रूपेश (32 वर्ष) पुत्र कन्हैया तथा पड़ोसी मुल्क नेपाल के अमहवा निवासी रामदयाल (30 वर्ष) पुत्र तोते गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर पहुंचाया गया। मलवे के नीचे दबकर मड़नी निवासी मुस्ताक (25 वर्ष) पुत्र किताबुल की मौत हो गई। घटनास्थल पर अफरातफरी मच गयी। भारी संख्या में तुलसियापुर चौराहे से दौड़ भागकर लोग पहुंच गये। जेसीबी का सहयोग लेकर ग्रामीणों ने मेहनत कर मलवा के नीचे दबे मजदूर को निकालने का प्रयास किया। मलवे के नीचे दबे युवक की मौत सुनकर लोग अफसोस जताने लगे। घायलों को एम्बुलेंस से पीएचसी बढ़नी पुलिस प्रशासन ले गयी। स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों



ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । घायलों का इलाज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन, एसडीएम कर्मेंद्र, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## अस्पतालों के पास अवैध पार्किंग हटेगी, ताकि मरीजों को ले जाने में असुविधा न हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आज दिनांक 3.06.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा शहर के प्रमुख यातायात प्रभावित क्षेत्रों एवं चौराहों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसीपी यातायात मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान लठ्ठा कोठी, सरसैया घाट चौराहा, चार्लीस चौराहा, फूलबाग चौराहा, नरौना चौराहा एवं बिरहाना रोड क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था, सड़क पर वाहन दबाव, अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन, सड़क किनारे अतिक्रमण तथा प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन* की वर्तमान स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रमुख चौराहों एवं तिराहों से ई-रिक्शा, ई-ऑटो, टेम्पो आदि सार्वजनिक वाहनों को कम से कम 100 मीटर की दूरी पर निर्धारित स्थानों से ही सवारी बैठाने एवं उतारने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे चौराहों पर अनावश्यक वाहन जमाव एवं यातायात बाधा को रोका जा सके। अस्पताल क्षेत्रों के आसपास मरीजों एवं तीमारदारों की अधिक आवाजाही को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को अवैध पार्किंग हटाने, ई-रिक्शा एवं ऑटो के लिए निर्धारित स्टॉप चिन्हित करने तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से खड़े अथवा रुकने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल क्षेत्रों में एम्बुलेंस के निर्बाध एवं त्वरित आवागमन को प्राथमिकता प्रदान करने हेतु विशेष यातायात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने पर भी बल दिया गया। डीसीपी यातायात द्वारा निरीक्षण के दौरान विभिन्न चौराहों एवं तिराहों पर चिन्हित चोक प्वाइंट्स (Choke Points) की पहचान कर उनके कारणों का विश्लेषण करने तथा उन्हें दूर करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे यातायात प्रवाह में सुधार हो तथा नागरिकों के अधिकतम *यात्रा समय (Ma&imum Travel Time) को कम किया जा सके। इस अवसर पर डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार ने बताया कि 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात दबाव को कम करना, चौराहों पर वाहन संचलन को व्यवस्थित करना तथा आमजन को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत यातायात बाधाओं की पहचान कर उनका निराकरण किया जा रहा है, जिससे नागरिकों का यात्रा समय कम हो तथा सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

## फूल तोड़ रहें किसान पर तेंदूए का हमला,मकई के खेत में छिपकर बैठा था खूंखार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बैजा खेड़ा गांव में बुधवार की सुबह एक घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया,, भोर पहर करीब पांच बजे गांव के रहने वाले किसान सुरेंद्र पासवान 55 वर्ष पुत्र भिखारी पासवान, अपने भाई बीरेंद्र, पत्नी और बेटी के साथ खेतों में गुलाब के फूल तोड़ने गए थे,तभी अचानक एक तेंदुआ पीछे से आकर सुरेंद्र पर टूट पड़ा, हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए,परिजन दौड़ कर पहुंचे तब तक तेंदुआ ने बुरी तरह से घायल कर दिया,और मकई के खेत में जा घुसा,, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल किसान सुरेंद्र को सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया, घटना से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया, ग्रामीणों का कहना है कि हमला करने के बाद तेंदुआ पास के मकई के खेत में घुस गया है,जिसे ग्रामीणों ने खेत को चारों तरफ से घेर रखा है, और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई भी कर्मचारी एवं अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, इससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों व्याप्त है,लोग मांग कर रहे हैं कि वन विभाग तुरंत कार्रवाई करें, और तेंदुआ को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर ले जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।

## चलते चलते इलैक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, सार्ट सर्किट से हुआ हादसा,चालक बाल बाल बचा

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना पनकी क्षेत्र अंतर्गत एलएमएल चौराहे पर 06 महीने पुरानी इलेक्ट्रिक स्कूटी में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, घटना में स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गई,, जबकि चालक बाल बाल बच गया,गनीमत रही कि हादसे के वक्त स्कूटी सवार युवक ने कूदकर अपनी जान बचा ली, जानकारी के अनुसार पतरसा गांव निवासी वीरेंद्र मिश्र ने करीब 06 महीने पहले ही नई इलैक्ट्रिक स्कूटी खरीदीं थी, बुधवार को वह अपनी स्कूटी से घर से कंपनी जा रहें थें,तभी एलएमएल चौराहे के पास पहुंचते ही अचानक स्कूटी में से धुआं निकलने लगा, स्कूटी सवार युवक वीरेंद्र स्कूटी से कूद पड़े, वीरेंद्र जब तक कुछ समझ पाते, उससे पहले ही स्कूटी में शार्ट सर्किट से आग लग गई, आग की लपटे इतनी तेज थी कि वीरेंद्र को सभलने का मौका ही नहीं मिला, राहगीरों की मदद से उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह से जल कर राख हो चुकी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में 8वीं आर्थिक जनगणना की तैयारी तेज, व्यापार से कृषि तक हर इकाई का होगा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार शहर में विभिन्न व्यापार, व्यवसाय और कृषि से जुड़ी उद्यम इकाइयों को सूचीबद्ध करने के लिए आर्थिक जनगणना कराएगी, इनकी तैयारी शुरू कर दी है। बतर दें कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय को शहर में 8वीं आर्थिक जनगणना आयोजित करने के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है। योजना विभाग द्वारा सोमवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि आर्थिक जनगणना और संबंधित सांख्यिकीय गतिविधियों को लागू करने के लिए दिल्ली के 13 जिले निदेशालय के तहत उप-एजेंसी के रूप में काम करेंगे। राजस्व विभाग के तहत जिला कार्यालयों में तैनात सांख्यिकीय अधिकारियों और सहायकों को निदेशालय द्वारा आर्थिक जनगणना से संबंधित सौंपे गए कार्यों की देखरेख और समन्वय करने का निर्देश दिया गया है। वे अपने नियमित कर्तव्यों को निभाने के अलावा जनगणना के संबंध में मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों और निर्देशों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर काम करेंगे।

**जनसंख्या जनगणना के बाद होगी शुरूआत**

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली में 2027 की जनसंख्या जनगणना चल रही है। यह 2027 की शुरुआत में पूरी हो जाएगी, जिसके बाद आर्थिक जनगणना का काम शुरू किया जाएगा। आर्थिक जनगणना का उद्देश्य उद्यम से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी इकट्ठा करना है। अधिकारियों ने कहा कि ये आंकड़े बाद में होने वाले सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों को आयोजित करने और लक्षित, क्षेत्रीय विकास के लिए कार्यक्रम और योजनाएं बनाने में मदद करेंगे।

# भारत के जिगरी दोस्त पर पहले किया हमला, फिर जारी किया वीडियो, यूक्रेन के एक्शन से हिली दुनिया

**» यूक्रेनी ड्रोन ने सेंट पीटर्सबर्ग के स्थित क्रोशियन टाट के एक नौसेसिक अड्डे और तेल टर्मिनल को निशाना बनाया। इसकी तस्वीरें जारी कर दी गई और जेलस्की ने अपने संदेश में कहा है कि हमलों का लक्ष्य पूरी तरह से सैन्य प्रतिष्ठान थे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई शहरों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले में कई रिहायशी इमारतें तबाह हो गई और लोग मलबे में दब गए। मध्य यूक्रेन के दूनीप्रो शहर में राहतकर्मियों ने मलबे से 3 साल के एक बच्चे, उनकी मां और 8 साल के भाई के शव निकाले। नीप्रो में 12 और कीव में 6 लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग पर हमला किया है। तस्वीरें इसकी जारी कर दी गई हैं और बताया गया है कि हम चुप नहीं बैठने वाले। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। अब यूक्रेन ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्थित महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की ने पुष्टि भी की है कि यूक्रेनी ड्रोन ने सेंट पीटर्सबर्ग के स्थित क्रोशियन टाट के एक नौसेसिक अड्डे और तेल टर्मिनल को निशाना बनाया। इसकी तस्वीरें जारी कर दी गई और जेलस्की ने अपने संदेश में कहा है कि हमलों का लक्ष्य पूरी तरह से सैन्य प्रतिष्ठान थे। उन्होंने बताया कि क्रोनस्टार्ट द्वीप पर स्थित उन ससैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया जहां रूस के बाल्टिक बेड़े के तत्व तैनात थे। जहाज निर्माण और मरम्मत से जुड़ी प्रमुख सुविधाएं मौजूद थी। इसके अलावा यूक्रेनी सेना ने रूस के तांबोश क्षेत्र में स्थित एक औद्योगिक प्रतिष्ठान पर भी हमला किया है जो कथित रूप से हथियारों के उत्पादन में शामिल था।

यह क्षेत्र यूक्रेन से लगभग 600 कि.मी. दूर है। यूक्रेन ने जिस तरीके से इस हमले को अंजाम दिया, इससे रूस भड़का हुआ है। रूस ने साफ तौर पर यह कह दिया है कि जिस तरह से यह हमला हुआ है, उसे लेकर अब रूस की तरफ से तीव्र कारवाई जारी रहेगी। सिस्टम सिस्टम इनको मिनिस्टर खुदा यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन के प्रमुख आर्थिक कार्यक्रम सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम की शुरुआत होने वाली थी। ऐसे में सेंट पीटर्सबर्ग पर हुआ ड्रोन हमला ना केवल सैन्य बल्कि प्रतीकात्मक रूप से और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह इकोनॉमिक फोरम रूस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विश्लेषकों का मानना है कि यूक्रेन द्वारा रूस के भीतर इतने अंदर जाकर हमला करना और तमाम सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना बताता है कि अब युद्ध किस तरीके से बदलता चला जा रहा है और खतरा इस बात का भी बढ़ गया है कि यूक्रेन पर होने वाले हमले अब और भी ज्यादा भीषण होंगे।

रूस ने रातभर में 656 ड्रोन और 73 मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने 602 ड्रोन और 40 मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया, लेकिन कई मिसाइलें और ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे। कीव, नीप्रो, पोल्टावा, खार्किव और जापोरिज्जिया प्रमुख निशाने रहे। कई इलाकों में रिहायशी भवनों, वाहनों और अन्य नागरिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। राजधानी की रहने वाली इरीना सालिकोवा ने बताया कि वह अपनी तीन साल की बेटी के साथ पूरी रात बाथटब में छिपकर बैठी रहीं। विस्फोट की वजह से उनके घर की खिड़कियां टूट गईं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों से सैन्य सहायता की अपील की।

## पब्लिक सेवा में दिल्ली पुलिस की पीसीआर इकाई में शामिल हुईं 32 नई गश्ती गाड़ियां



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) इकाई को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 32 नई गश्ती वाहनों को शामिल किया गया है। इन वाहनों को बुधवार को पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड से विशेष पुलिस आयुक्त (ऑपरेशन), महिला एवं बाल सुरक्षा प्रकोष्ठ तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के प्रभारी डेविड लालरिनसांगा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिल्ली पुलिस की पीसीआर इकाई संकट या आपात स्थिति में लोगों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह इकाई आपातकालीन कॉल पर तुरंत कार्रवाई करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जरूरतमंद नागरिकों तक शीघ्र सहायता पहुंचाने का कार्य करती है।नई गश्ती गाड़ियों को दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम, रोहिणी, बाहरी, बाहरी उत्तर, उत्तर, उत्तर-पूर्व, शाहदरा, पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य जिलों में तैनात किया जाएगा। इससे पुलिस की क्षेत्रीय पहुंच बढ़ेगी, गश्त व्यवस्था मजबूत होगी और पीसीआर की कार्यक्षमता में सुधार आएगा। दिल्ली पुलिस के अनुसार जिन क्षेत्रों में पीसीआर कॉल की संख्या अधिक रहती है, वहां पुलिस की प्रतिक्रिया समय को कम करने और सेवा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इन वाहनों को शामिल किया गया है। नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन स्थितियों में पुलिस और तेजी से मौके पर पहुंच सकेगी तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। इन 32 नई गाड़ियों के शामिल होने के बाद दिल्ली पुलिस के पीसीआर गश्ती वाहनों की कुल संख्या 857 से बढ़कर 889 हो गई है। इससे दिल्ली पुलिस की आधुनिकीकरण, कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलेगी।

## किलर : एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान सिलेंडर फटने से हादसा, एक क्रू मेंबर की मौत; तीन घायल





**● एसजे सूर्या की फिल्म 'किलर' के सेट पर एक दुखद हादसा हुआ है, जिसमें एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान गैस सिलेंडर फटने से एक तकनीशियन की मौत हो गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** अभिनेता-फिल्म निर्माता एसजे सूर्या की अपकमिंग फिल्म 'किलर' (किलर ) के सेट पर एक दुखद दुर्घटना हो गई है। इसमें एक टेक्निशियन की जान चली गई जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। यह घटना 3 जून की सुबह चेन्नई के पेरम्बूर स्थित बिन्नी मिल्स कॉम्प्लेक्स में एक महत्वपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घटी। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बम विस्फोट के सीन्स की शूटिंग के दौरान इस्तेमाल किया जा रहा एक गैस सिलेंडर अचानक फट गया, जिससे सेट पर अफरा-तफरी मच गई। तकनीशियनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमें से एक ने दम तोड़ दिया।

**तीन क्रू सदस्य हुए घायल**

घायल तकनीशियनों की पहचान मदुरवोयल के मदन उम्र 26 साल , कुन्द्रथुर के शक्तिवेल (27), मदुरवोयल के सूर्या (23) और नेरकुन्द्रम के दिनकरन (24) के रूप में हुई है। कुछ रिपोर्टों में पांच क्रू सदस्यों के घायल होने का दावा किया गया है, लेकिन इससे अधिक संख्या के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सभी घायल कर्मचारियों को राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया। मदन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि बाकी तकनीशियनों का इलाज जारी है। ये सभी कथित तौर पर स्पेशल इफेक्ट्स डिपार्टमेंट से संबंधित हैं।

**क्या है विस्फोट का असली कारण?**

विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और इमरजेंसी रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने मामला दर्ज कर विस्फोट के सटीक कारण की जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ताओं को यह भी पता लगाना है कि क्या सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए थे या दुर्घटना किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई थी। अभी इस बारे में भी पर्याप्त जानकारी नहीं है कि दुर्घटना के समय एसजे सूर्या सेट पर मौजूद थे या नहीं। अभिनेता-निर्देशक और फिल्म 'किलर' के निर्माताओं ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## मालवीय नगर अग्निकांडः कौन है 21 लोगों की मौतों का जिम्मेदार?



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के साकेत स्थित हौज रानी इलाके में हुए भीषण अग्निकांड में 21 लोगों की मौत ने राजधानी में गेस्ट हाउस, होटल और रेस्तरां संचालन की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस एक मंजिला भवन को केवल छह कमरों के गेस्ट हाउस की अनुमति मिली थी, वहां छह मंजिला होटल बनाकर 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किए जा रहे थे। आग लगने के समय भवन में 80 से 100 लोगों की मौजूदगी बताई जा रही है। हादसे में जान गंवाने वालों में अधिकांश विदेशी नागरिक बताए जा रहे हैं। ऐसे में यह हादसा केवल आग का नहीं, बल्कि नियमों की अनदेखी, विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का मामला बन गया है। जांच का दायरा केवल आग लगने के कारणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जांच यह भी तय करे कि किस अधिकारी, किस विभाग और किस स्तर पर लापरवाही हुई।

**गेस्ट हाउस, होटल या लॉज को संचालित करने के नियम**

भवन निर्माण की स्वीकृति और उपयोग की अनुमति, दिल्ली अग्निशमन सेवा (फायर एनओसी), पुलिस लाइसेंस, नगर निगम का ट्रेड लाइसेंस, विद्युत एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन, निर्धारित क्षमता और कमरे की संख्या का पालन, आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), फायर अलार्म, स्प्रिंकलर, अग्निशामक यंत्र और धुआं निकालने की व्यवस्था।

## तेलंगाना में भाजपा का सत्ता में आना निश्चित- राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर



**नई दिल्ली।** तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर तेलंगाना भवन दिल्ली के अंबेडकर ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शिरकत की।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी निश्चित रूप से तेलंगाना में सत्ता में आएगी।उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में तेलंगाना की जनता भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देगी। तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम 2 मई को संपन्न हुआ इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली प्रवासी तेलंगाना निवासियों द्वारा किया गया और इसकी अध्यक्षता भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन.रामचंदर राव ने की।मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा हमेशा ही छोटे राज्यों के गठन की प्रबल समर्थक रही है।उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्यों का गठन किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना के गठन के लिए संसद में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज द्वारा दिया गया पूर्ण समर्थन ऐतिहासिक है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी, सांसद रघुनंदन राव, संगठन महासचिव श्री चंद्रशेखर जी, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया सदस्य श्री पेरिका सुरेश, श्री एन. वी. सुभाष सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस विशेष अवसर पर तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी राष्ट्रवादी पार्टी है जिसे जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। तेलंगाना में भी भाजपा को लगातार व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहे हैं ऐसे में आगामी विधानसभा एवं संसदीय चुनाव में भाजपा को तेलंगाना की जनता ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।इस अवसर पर पेरिका सुरेश ने कहा कि राज्य के गठन के बाद नई दिल्ली में तेलंगाना स्थापना दिवस को इतने भव्य पैमाने पर मनाया जाना अत्यंत खुशी की बात है। आयोजकों ने नितिन नबीन का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।तेलंगाना की संस्कृति, इतिहास और राज्य आंदोलन में प्रमुख हस्तियों के योगदान को उजागर करने वाले इस समारोह से दिल्ली में रहने वाले तेलंगाना निवासियों में भारी उत्साह देखा गया।

### एयर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को-दिल्ली फ्लाइट की सीट का आर्मरेस्ट टूटा, यात्री ने पूछा- कहां है क्वालिटी कंट्रोल?



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, विशेषकर लंबी दूरी के रूटों पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और केबिन की खराब स्थिति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला सैन फ्रांसिस्को से नई दिल्ली आ रही उड़ान संख्या एआइ-174 का है, जहां 22 घंटे से अधिक के इस लंबे और थकाऊ सफर में एक यात्री को बेहद खराब केबिन कंडीशन का सामना करना पड़ा। शंकर नामक एक यात्री ने एक्स पर अपनी व्यथा बयां करते हुए एक तस्वीर साझा की करते हुए पोस्ट किया कि यह एक बेहद लंबा रूट है, इसके बावजूद केबिन की स्थिति दयनीय है। उन्होंने सीट के अहम हिस्से आर्मरेस्ट के उपरी ढांचे को दर्शाया है जो सीट से बिल्कुल अलग हो चुका है। उन्होंने इसे विमानन कंपनी की गुणवत्ता नियंत्रण की विफलता करार देते हुए तत्काल जांच की मांग की है। यात्री ने पोस्ट में नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए और एअर इंडिया के प्रबंधन को टैग किया। उधर एअर इंडिया ने इसका उत्तर देते हुए आंतरिक समीक्षा का आश्वासन देते हुए यात्री को हुए इस तरह के अनुभव के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। एयरलाइंस ने कहा कि हम तत्काल समीक्षा करेंगे।

**आखिर क्यों आ रही हैं ऐसी समस्याएं**

एअर इंडिया द्वारा सेवाओं में सुधार के तमाम दावों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में लगातार आ रही इस तरह की दिक्कतों के पीछे एअर इंडिया के बेड़े में शामिल वे वाइड-बाडी विमान हैं जो अब काफी पुराने हो चुके हैं। लंबे समय तक रखरखाव के अभाव के कारण इन विमानों की अंदरूनी सीटें, एंटरटेनमेंट स्क्रीन और चार्जिंग पोर्ट अक्सर खराब मिलते हैं।

## आज भी Gen Z की पहली पसंद है 56 साल पुराना ये गाना, क्लासिक गाने पर झूम रहे हैं यंगस्टर्स; जमकर बना रहे रील्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी की आवाज में वो जादू था कि उन्होंने जिस गाने को भी गाया हमेशा के लिए अमर बना दिया। आज हम जिस सदाबहार गाने की बात करने वाले हैं वो अपनी रिलीज के इतने साल बाद भी उतना ही फ्रेश और एनर्जेटिक लगता है।

**वायरल हो रहा सस्पेंस थ्रिलर का गाना**

फिर चाहें 70 का दशक हो या आज का, इस गाने का जादू कम नहीं हुआ है। यही वजह है कि आज भी इस पर जमकर खूब रील्स बनाई जाती हैं। आज हम जिस एवरग्रीन गाने के बारे में आपको बताने वाले हैं वो साल 1970 में आई सस्पेंस थ्रिलर 'द ट्रेन' में इस्तेमाल किया गया था। 'गुलाबी आंखे जो तेरी देखी' आज भी अगर कहीं बजता है तो मन अपने आप रोमांटिक हो जाता है।

**आनंद बख्शी ने लिखे थे बोल**

इस गाने को राजेश खन्ना और अभिनेत्री नंदा पर फिल्माया गया है। गाने में राजेश खन्ना के सिग्नेचर स्टाइल ने युवाओं को अपना दीवाना बना दिया था। यही वजह है कि आज भी इस गाने को उतना ही प्यार मिलता है। रफी साहब ने जिस चुलबुलेपन और मस्ती भरे अंदाज में इसे गाया था उसने तो मानों गाने में जान ही फूंक दी। गाने के बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

**सबसे ज्यादा बार किया गया रिक्रिएट**

इस गाने के बोल और रिफ्रेशिंग टोन की वजह से ही गुलाबी आंखे उन गानों में से एक है जिसके सबसे ज्यादा रीमेक और कवर वर्जन बने हैं। इस गाने को आज की जनरेशन के बीच दोबारा सबसे ज्यादा पॉपुलर बनाने का श्रेय 'सनम' बैंड को जाता है। सनम पुरी ने अपने बैंड के साथ मिलकर इस गाने को फिर रिक्रिएट किया। यूट्यूब पर उनके कवर वर्जन को करोड़ों व्यूज मिले हैं। इसके अलावा साल 2012 में आई स्टूडेंट ऑफ द ईयर और साल 2017 की फिल्म नूर में इसके मॉर्डन वर्जन का इस्तेमाल किया गया है। आज भी अगर किसी महफिल में ये गाना बजता है तो समा बंध जाता है।

### 'मैं बेकसूर हूं, मुकदमा लड़ूंगी', 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडिस का आरोपों से इनकार

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बालीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने 200 करोड़ रुपये के वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार कर दिया है। जैकलीन बुधवार को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुईं और कहा कि वह मुकदमे का सामना करेंगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने इससे पहले जैकलीन पर आरोप तय करते हुए कहा था कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री प्रथमदृष्टया यह संदेह पैदा करती है कि जैकलीन फर्नांडिस ने पीएमएलए की धारा तीन के तहत अपराध किया, जो धारा चार के तहत दंडनीय है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की थी कि अपराध से अर्जित धन के इस्तेमाल को छिपाने में उनकी सुकेश चंद्रशेखर के साथ मिलीभगत होने के पर्याप्त संकेत हैं। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के वसूली रैकेट और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों से संबंधित है। मामले की जांच ईडी पीएमएलए के तहत कर रही है। अदालत ने हाल ही में जैकलीन, सुकेश चंद्रशेखर, उनकी पत्नी लीना व अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## उत्तर-पूर्व भारत में सतत विकास पर असम विश्वविद्यालय की दो शोध पुस्तकों का विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**श्रीभूमिः** सिलचर, 3 जून। उत्तर-पूर्व भारत में सतत विकास के विभिन्न आयामों पर केंद्रित दो महत्वपूर्ण शोध पुस्तकों का विमोचन असम विश्वविद्यालय में किया गया। समाजकार्य विभाग द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट इंटरनेशनल सस्टेनेबल समिट के अंतर्गत बुधवार को आयोजित एक समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत तथा कुलसचिव डॉ. प्रदोष किरण नाथ ने पुस्तकों का लोकार्पण किया। कुलपति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. लालजो एस. थांगजम, प्रो. एम. तिनेश्वरी देवी, प्रो. मौसुम हैंडिक, एम. ईश्वरजीत सिंह, अवंतिका लांगथासा, एन. सुभाइसिनी देवी सहित अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

विमोचित पहली पुस्तक 'Promoting Sustainable Development through Innovation, Conservation and Inclusive Growth in Northeast India' है। इसमें उत्तर-पूर्व भारत की विशिष्ट पर्यावरणीय, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक परिस्थितियों के संदर्भ में सतत विकास के विविध पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। पुस्तक में महिला उद्यमिता, पारंपरिक आजीविका, आदिवासी ज्ञान प्रणालियां, जलवायु-सहिष्णु कृषि, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सुशासन तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को समाहित किया गया है। अंतरविषयक एवं समाज-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से स्थानीय अनुभवों, सांस्कृतिक विविधता और जमीनी स्तर के नवाचारों को विशेष महत्व दिया गया है।

दूसरी पुस्तक 'पूर्वोत्तर भारत में सतत भविष्यः नवाचार, पारिस्थितिकी और समानता का सेतु' में सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत विचारों एवं चर्चाओं के निष्कर्षों को संकलित किया गया है। पुस्तक में जनस्वास्थ्य, डिजिटल लोकतंत्र, पर्यावरण-आधारित पर्यटन, समुदाय-आधारित शासन व्यवस्था, वित्तीय समावेशन, सतत कृषि, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, समाजकार्य हस्तक्षेप, लैंगिक समानता, जलवायु कार्रवाई तथा आदिवासी ज्ञान प्रणालियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों का विश्लेषण किया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों पुस्तकों का संयुक्त संपादन डॉ. लालजो एस. थांगजम, प्रो. एम. तिनेश्वरी देवी, एम. ईश्वरजीत सिंह तथा अवंतिका लांगथासा ने किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे उत्तर-पूर्व भारत में सतत विकास संबंधी शोध और अकादमिक विमर्श को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे करियर में आने वाला है अहम पड़ाव, आर-पार का हो सकता है मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो बड़े स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा अब सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं। इन दोनों की नजरें अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर हैं। हालांकि, दोनों की जगह टीम में पक्की नहीं है, लेकिन दोनों हार मानने वाले नहीं हैं। इसे देखते हुए दोनों ही खिलाड़ियों के वर्ल्ड कप खेलने के सपने में अहम पड़ाव आने वाला है। भारत को इसी साल अक्टूबर और दिसंबर में न्यूजीलैंड का दौरा करना है। इस दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट, पांच वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। ये न्यूजीलैंड में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दौरा भी होगा। इस दौरे पर खेली जाने वाली वनडे सीरीज दोनों के लिए अहम होगी।

**वर्ल्ड कप का टिकट दांव पर** ये दौरा कोहली और रोहित का आखिरी न्यूजीलैंड दौरा भी हो सकता है। दोनों ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इन दोनों को शानदार रिसेप्शन मिला था। इसी कारण ये माना जा रहा है कि ये दोनों आखिरी बार न्यूजीलैंड बतौर क्रिकेटर आ रहे हैं। लेकिन ये दोनों के लिए मौका भी है। अगर इस दौरे पर दोनों ने शानदार खेल दिखाया तो वनडे वर्ल्ड कप की रेस में दोनों बने रहेंगे, लेकिन अगर फेल हुए तो टिकट कट सकता है। टीम मैनेजमेंट पहले ही ये इशारा कर चुका है कि वह इन दोनों को वर्ल्ड कप के लिए नहीं देख रहा है।

**100 साल होंगे पूरे** ये सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम है क्योंकि ये दोनों देशों के 100 साल के क्रिकेट संबंधों का जश्न के तौर पर खेली जाएगी। 40 दिन का ये दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा जब क्राइस्टचर्च में पहला टी20 मैच खेला जाएगा। टी20 सीरीज के बाद वनडे सीरीज खेली जाएगी। पहला वनडे चार नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। वहीं टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 नवंबर से होगी।

# सिलापथार में नाथ योगी डेवलपमेंट काउंसिल असम के सिलाई मशीनें वितरण ओर बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**धेमाजी असम।** सिलापथार के नतून गांव स्थित सर्वजनिन श्री श्री काली मंदिर के परिसर में एक आज एक सभा बुलाई गई सभा में नाथ योगी उन्नयन परिषद असम द्वारा धेमाजी जिले में 2024-25 वित्त के राज्य सरकार द्वारा दिए गए फंड की मटीरियल योजना के तहत भेजी गई सिलाई मशीनें वितरण के लिए एक आम सभा आयोजन किया गया। जिला नाथ योगी सम्मेलन के उपाध्यक्ष बनेश्वर नाथ कि अध्यक्षता में हुई बैठक का उद्देश्य व्याख्या की उन्नयन परिषद के धेमाजी जिला सदस्य संजय नाथ ने।

सभा धेमाजी जिला नाथ योगी सम्मेल के अधीन के गोगामुख मोहरी कैंप, धेमाजी बिष्णुपुर, सिलापथार, भैरबपुर, शिवनगर, चिमेन चपारी और जोनाई आंचलिक समिति से चुने गए के गरीबी रेखा से नीचे की महिला आवेदकों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एक एक सिलाई मशीन दिए गए। धेमाजी जिले में नाथ धर्म प्रचार-प्रसार ओर धर्म सोमारोह में अगले महीने योगी गुरू शिवनाथ महाराज जी के आगमन संदर्भ में बैठक में विस्तारित चर्चा के बाद महत्वपूर्ण सिद्धांत लिया गया।

सभा में उपस्थित कई वक्ताओं असम में नाथ योगी समुदाय के धर्मीय आधार के साथ सामाजिक, शिक्षा और आर्थिक दिशा पर ध्यान रखते हुए भाषण दी एवं राज्य सरकार से नाथ योगी समुदायों के विभिन्न राजनैतिक समस्याओं को समाधान ओर समुदाय को जिस गति में विकास के आशा की गई थी सरकार उस पर ना उतार पाने की दुख जताते हुए मौजूदा नई सरकार नाथ योगी कम्युनिटी के विकास के लिए काम करने की उम्मीद जताते हुए।जिन्हें आज सिलाई मशीनें मिली हैं कि वे इनका ईमानदारी से इस्तेमाल करें और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोचाहित किया। बैठक में नाथ योगी छात्र संघ के केंद्रीय साधारण संपादक दीपक नाथ, जिला नाथ योगी सम्मेलन के संपादक सजल कुमार नाथ, जिला नाथ योगी छात्र संघ के संपादक सुनील नाथ, पूर्व जिला सभापति सजल देव नाथ, जिला नाथ योगी छात्र संघ के उपाध्यक्ष योगी सुबेश नाथ, सह संपादक मनोज नाथ, महिला सम्मेलन के अध्यक्षा रूपाली नाथ, जिला छात्र संघ के महिला कुष के अध्यक्षा जयंती नाथ, कानू नाथ, बिमल नाथ, भूपेन नाथ के साथ जिले की विभिन्न प्रांत से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।